पारा आपडेट
मैक्सिमम 28.00 | मिनीमम 16.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.47
सूर्योदय (कल) ▸ 06.19
बोकारो से प्रकाशित

सेंसेक्स 75939.18 ● निफ्टी 22932.90 ● डॉलर 86.95₹ ● सोना 86,459₹ ● चांदी 97,451₹
पेज 06 वर्तमान युग में क्यों महत्वपूर्ण हैं ...
पेज 08 रक्सौल आइसीपी पार्किंग में ...
पेज 12



हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर
फाल्गुन कृष्ण पक्ष सप्तमी, सिंवत 2081

RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, गुरुवार 20 फरवरी 2025 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 228 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### सीमा पार से आई दस किलो हेरोइन समेत एक गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** काउंटर इंटेलिजेंस (सी.आई.) अमृतसर ने एक नशा तस्कर को 10 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर सीमा पार से संचालित हो रहे नशा तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान हरमनदीप सिंह के रूप में हुई है, जो अमृतसर के गांव घुम्मनपुरा का निवासी है। उसके पास से हेरोइन बरामद करने के अलावा, पुलिस टीमों ने उसकी मोटरसाइकिल (पी बी 02 ई डबल्यू 5675), जिस पर वह सवार था, को भी जब्त कर लिया है। उन्होंने बताया कि सी.आई. अमृतसर की टीम को विश्वसनीय सूत्रों से पुख्ता सूचना मिली थी कि आरोपित हरमनदीप के पाकिस्तान स्थित नशा तस्करों से संबंध हैं और हाल ही में उसे पाकिस्तान से हेरोइन की एक बड़ी खेप मिली है, जिसे वह राम तीर्थ रोड, मोड़ गांव काले के पास डेरा राधा स्वामी, अमृतसर में किसी व्यक्ति तक पहुंचाने जा रहा है।

### डंपर ने लोडिंग वाहन को मारी टक्कर, 7 की मौत ,18 घायल

**भिंड।** मध्य प्रदेश के भिंड जिले में इटावा रोड पर जवाहरपुरा गांव के पास तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे खड़े लोडिंग वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य 18 लोग घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में उपचार जारी है। लोडिंग वाहन को टक्कर मारने के बाद डंपर ने बाइक को भी चपेट में ले लिया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपये, गंभीर घायलों को 1-1 लाख और सामान्य घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। हादसा नेशनल हाईवे क्रमांक 719 पर मंगलवार सुबह करीब 5 बजे हुआ।

### फर्बारी और बारिश का ऑरेंज अलर्ट, बढ़ेगी सर्दी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम का मिजाज बिगड़ने वाला है। अगले छह दिनों तक राज्य में खराब मौसम रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 20 फरवरी के लिए भारी बारिश और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही अंधड़ और बिजली चमकने की चेतावनी भी दी गई है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण राज्य में बारिश और बर्फबारी की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार शिमला, चंबा, कुल्लू, किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिलों में बर्फबारी होने की आशंका है। इसके अलावा अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में भी बर्फबारी देखने को मिल सकती है।

### ट्रंप प्रशासन ने भारत में मतदान के लिए 2.1 करोड़ डॉलर की सहायता रद्द की

**नयी दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में मतदान के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए अमेरिकी एजेंसी यूएसएड की ओर से दी जाने वाली 2.1 करोड़ डॉलर की सहायता राशि को रद्द करने का फैसला किया है। श्री ट्रंप ने इस तरह की सहायता राशि पर सवाल उठाते हुए कहा,भारत एक समृद्ध देश है और इसे इस तरह की सहायता की आवश्यकता नहीं है। हम भारत को 2.1 करोड़ डॉलर क्यों दे रहे हैं। उनके पास पहले से ही बहुत धन है। वे व्यापार पर दुनिया के सबसे ज्यादा कर लगाने वाले देशों में से एक हैं और हमें इससे वहां व्यापार करने में मुश्किल होती है ।

# झारखंड का 23 साल से फरार नक्सली कमांडर गिरफ्तार

● फर्जी दस्तावेज के आधार पर 23 साल से यवतमाल में रह रहा था भगोड़े नक्सली

एजेंसी



**मुंबई।** यवतमाल जिले के लकड़गंज इलाके से पुलिस ने झारखंड और छत्तीसगढ़ के एक भगोड़े नक्सली कमांडर को गिरफ्तार किया है। वह फर्जी आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर पिछले 23 वर्षों से यवतमाल में ट्रक चालक के रूप में रह रहा था। पुलिस पिछले दो महीने से उस पर कड़ी नजर रख रही थी।

यवतमाल जिले के पुलिस अधीक्षक कुमार चिंता ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि उनकी टीम को गोपनीय जानकारी मिली थी कि तुलसी उर्फ दिलीप महतो फर्जी आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेज के आधार पर पिछले 23 वर्षों से यवतमाल में ट्रक चालक के रूप में रह रहा था। पुलिस पिछले दो महीने से तुलसी पर कड़ी नजर रख रही थी। तुलसी 1993 में झारखंड में नक्सली समूह में भर्ती हुआ था। 1997 में उन्हें 'भितिया दलम' का डिवीजनल कमांडर नियुक्त किया गया। उन्होंने 12 सशस्त्र नक्सलवादियों का नेतृत्व किया। वह कई हिंसक गतिविधियों में शामिल है, जिनमें सुरक्षा बलों पर हमले, जबरन वसूली और सरकारी संपत्ति की तोड़फोड़ शामिल है।

पुलिस अधीक्षक चिंता ने बताया कि झारखंड पुलिस के रिकार्ड के अनुसार उसके खिलाफ सात गंभीर अपराध दर्ज हैं। झारखंड के हजारीबाग जिले के पुलिस अधीक्षक ने तुलसी की शिनाख्त कर ली है। कुमार चिंता ने बताया कि पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए तुलसी मुंबई गया था और फिर वहां से यवतमाल जिले में आ गया था। इसके बाद तुलसी अपनी पहचान छिपाने के लिए यवतमाल के लकड़गंज इलाके में आया था। इसके बाद तुलसी ने एक मृत व्यक्ति के आधार कार्ड पर अपनी तस्वीर लगाकर पहचान पत्र बना लिया। इसी आधार पर तुलसी ने अपना ड्राइविंग लाइसेंस हासिल किया था। इसके बाद तुलसी ने यवतमाल में दूसरी शादी भी की थी, जबकि उसका परिवार झारखंड में था।

## टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो के उड़े परखच्चे

# स्कॉर्पियो और बाइक के बीच हुए भीषण टक्कर में 6 लोगों की मौत

● स्कॉर्पियो सवार 4 लोग और बाइक सवार 2 लोगों की घटना स्थल पर ही मौत

संवाददाता



**गिरिडीह।** मधुबन थाना क्षेत्र के चैनपुर लट्टकट्टो टर्निंग के समीप बुधवार की अर्धरात्रि स्कॉर्पियो और बाइक के बीच हुई जबरदस्त टक्कर में 6 लोगों की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर ही हो गई। पुलिस सभी शवों को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गयी और आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर मंगलवार को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो के जहां परखच्चे उड़ गये वहीं बाइक टुकड़ों में बंट गया। मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि केनरा बैंक नगरी शाखा मैनेजर सह मुंगेर मुफ्फसिल थाना अंतर्गत दरियापुर निवासी सोमेश चन्द्रा (40) अपनी स्कॉर्पियो जेएच 10सीयू 7363 से योगीडीह निवासी फुलचन्द महतो (32, पिता स्व विश्वनाथ महतो) एवं गुलाब महतो (30,पिता भुनेश्वर महतो) के साथ गिरिडीह गये थे। जहां से अपने वैन चालक मुंगेर मुफ्फसिल थाना अंतर्गत दरियापुर निवासी गोपाल कुमार (22, पिता नरेश प्रसाद सिंह) को लेकर रात्रि को वापस अपने आवास इसरी बाजार लौट रहे थे। वहीं एक बाइक पर सवार होकर मधुबन थाना क्षेत्र के छछंदो निवासी बबलू कुमार टुडू (26) एवं मधुबन थाना क्षेत्र के धावाटांड निवासी हुसैनी मियां (55) पारसनाथ रेलवे स्टेशन से वापस घर जा रहा था कि उक्त स्थान पर दोनों के बीच टक्कर हो गई। स्कॉर्पियो ने बाइक में इतनी जोरदार टक्कर मारी की बाइक उड़ते हुए एक बिजली के खंभे में जाकर टकरा गई और फिर बाईक में आग लग गयी जबकि बाइक में सवार इधर उधर फेंका गये वहीं स्कॉर्पियो अनियंत्रित होते हुए एक पेड़ से जा टकराई। घटना में

स्कॉर्पियो सवार 4 लोग और बाइक सवार 2 लोग की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। पुलिस ने स्कॉर्पियो से चारो शवों को काफी मशक्कत के बाद निकाली। बैंक मैनेजर की पत्नी का नाम रेखा चंद्रा है। 2016 में उनकी शादी हुई थी। एक साल पहले यहां ट्रांसफर होकर आये थे। इसके पहले गोड्डा में पदस्थापित थे। दो बेटा और एक एक बेटी है। मैनेजर सपरिवार अपने घर जाने वाले थे। जिसके लिए कपड़ा पैकिंग कर रखे थे।

## केंद्र ने 15वें वित्त आयोग का अनुदान किया जारी

# बिहार को 821.8021 करोड़ रुपये की अनटाइड ग्रांट की दूसरी किस्त मिली

● हरियाणा में ग्रामीण स्थानीय निकायों को 202.4663 करोड

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बिहार, हरियाणा और सिक्किम के ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान पंद्रहवें वित्त आयोग का अनुदान जारी किया है।

पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार बिहार को 821.8021 करोड़ रुपये की अनटाइड ग्रांट की दूसरी किस्त मिली है और अनटाइड ग्रांट की पहली किस्त का 47.9339 करोड़ रुपये का हिस्सा रोक लिया गया है। ये फंड सभी 38 जिला पंचायतों, 530 पात्र ब्लॉक पंचायतों और 8052 पात्र ग्राम पंचायतों के लिए हैं, जिन्होंने रिलीज के लिए अनिवार्य शर्तें पूरी की हैं।

हरियाणा में ग्रामीण स्थानीय निकायों को 202.4663 करोड़ रुपये की अनटाइड ग्रांट की दूसरी किस्त मिलेगी और अनटाइड ग्रांट की पहली किस्त का रोका हुआ हिस्सा 7.5993 करोड़ रुपये होगा।

सिक्किम को वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 6.2613 करोड़ रुपये की अनटाइड ग्रांट की दूसरी किस्त मिलेगी। ये फंड 4 पात्र जिला पंचायतों और 186 पात्र ग्राम पंचायतों के लिए हैं, जिन्होंने रिलीज के लिए अनिवार्य शर्तों को पूरा किया है। अनटाइड ग्रांट का उपयोग पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) और ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) द्वारा वेतन और अन्य स्थापना लागतों को छोड़कर संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में निहित 29 विषयों के तहत स्थान-विशिष्ट जरूरतों के लिए किया जाएगा।

# महाकुंभ में तीन लाख करोड़ के कारोबार का अनुमान: कैट

● भारत में सनातन अर्थव्यवस्था की जड़ें काफी मजबूत

एजेंसी



**नई दिल्ली।** खुदरा कारोबारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि तीर्थ नगरी प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित महाकुंभ के दौरान 45 दिनों में लगभग 60 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की उम्मीद है, जिससे तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के माल तथा सेवाओं के जरिए बड़े कारोबार के होने का अनुमान है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं दिल्ली के चांदनी चौक सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा की विश्व के इस सबसे बड़े मानव समागम ने यह स्थापित कर दिया है कि आस्था में अर्थव्यवस्था का भी समावेश होता है और भारत में सनातन अर्थव्यवस्था की जड़ें काफी मजबूत है जो देश की मुख्य अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा भी है।

श्री खंडेलवाल ने कहा कि महाकुंभ प्रारम्भ होने से पूर्व एक अनुमान के अनुसार महाकुंभ में 40 करोड़ लोगों के आगमन के आने की संभावना के साथ लगभग दो लाख करोड़ रुपये के व्यापार होने का अनुमान था लेकिन पूरे देश में महाकुंभ को लेकर लोगों के अभूतपूर्व उत्साह के कारण उम्मीद की जा रही है कि 26 फरवरी तक लगभग 60 करोड़ लोग महाकुंभ में आयेंगे जिससे लगभग तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के बड़े व्यापार होने की संभावना है।

## बीजेपी विधायक दल की बैठक में रेखा गुप्ता के नाम पर बनी सहमति

# दिल्ली की सीएम होंगी रेखा गुप्ता, शपथ आज

● दिल्ली की शालीमार बाग सीट से विधायक हैं रेखा गुप्ता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली की नई सीएम रेखा गुप्ता होंगी। बीजेपी के विधायक दल की बैठक में रेखा गुप्ता के नाम पर सहमति बनी है और उसके बाद उनके नाम का ऐलान कर दिया गया। रेखा गुप्ता आज रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण करेंगी। बता दें कि करीब 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता पर बीजेपी काबिज हुई है। दिल्ली की शालीमार बाग सीट से रेखा गुप्ता विधायक हैं। मुख्यमंत्री की रेस में उनका नाम सबसे आगे चल रहा था। विधायक दल की बैठक में प्रवेश वर्मा ने रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव रखा।



**कौन हैं रेखा गुप्ता :** वे मौजूदा समय में दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। 50 वर्षीय रेखा का जन्म हरियाणा के जींद जिले में स्थित नंदगढ़ गांव में 1974 में हुआ था। उनके पिता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में अधिकारी पद पर थे। 2007-09 के दौरान एमसीडी में महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति की दो साल तक अध्यक्ष रहीं। फिर दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की महासचिव रहीं। 2010 में उन्हें भाजपा ने उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य की जिम्मेदारी दी गई। रेखा गुप्ता को 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में शालीमार बाग सीट से चुनाव में उतारा गया। लेकिन इस दोनों ही चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। लांकि, 2025 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने वंदना कुमारी को बड़े अंतर से हरा दिया।

### दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री

दिल्ली में रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाने के पीछे की सबसे बड़ी वजह महिला चेहरा है। बता दें कि इससे पहले दिल्ली में तीन महिला मुख्यमंत्री बन चुकी हैं। रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने वाली चौथी महिला होंगी। इससे पहले साल 1998 में भाजपा ने सुषमा स्वराज को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनाया था। इसके अलावा दिल्ली की सीएम शीला दीक्षित रह चुकी हैं। वहीं, आप ने आतिशी को सीएम बनाया था।

**तकनीक** › वायु सेना के राफेल फाइटर जेट हवा में ही ईंधन भरने की तकनीक से लैस होंगे

# फ्रांस से 26 राफेल मरीन जेट खरीद रही है भारतीय नौसेना

● अंबाला एयरबेस पर और पश्चिम बंगाल के हाशिमारा एयरबेस पर दो स्क्वाड्रन बनाई गई

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना के 36 राफेल फाइटर जेट में से 10 विमान जल्द ही हवा में ही ईंधन भरने की तकनीक से लैस हो जाएंगे। इस तकनीक के हासिल होने पर विमानों की रेंज भी बढ़ जाएगी और उन्हें ज्यादा दूर तक तैनात किया जा सकेगा। ईंधन भरने की क्षमता के लिए वायु सेना को ग्राउंड-आधारित उपकरण और सॉफ्टवेयर अपग्रेड प्राप्त होंगे। भारतीय नौसेना भी फ्रांस से 26 राफेल मरीन जेट खरीद रही है, जो हवा से जमीन पर और हवा से हवा में हमला करने में भी सक्षम हैं।

भारत ने वायु सेना के लिए फ्रांस से 36 राफेल फाइटर जेट हासिल किये हैं, जिनके लिए अंबाला एयरबेस पर और पश्चिम बंगाल के हाशिमारा एयरबेस पर दो स्क्वाड्रन बनाई गई हैं। एलएसी पर चीन से तनातनी के बीच भारत ने राफेल लड़ाकू विमानों को लद्दाख के फ्रंट-लाइन एयरबेस पर तैनात किया गया है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के हाशिमारा एयरबेस स्क्वाड्रन को सिक्किम से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक से सटी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हाशिमारा बेस उसी विवादित डोकलाम इलाके के बेहद करीब है, जहां वर्ष 2017 में भारत और चीन की सेनाओं के बीच 75 दिन लंबा टकराव हुआ था।

भारत के सभी 36 राफेल ऑपरेशनल होने के बावजूद इनमें हवा के मध्य ईंधन भरने की तकनीक नहीं थी। अब भारतीय नौसेना स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 26 राफेल मरीन विमान खरीद रही है। फ्रांस के साथ 60? हजार करोड़ रुपये से अधिक का राफेल मरीन जेट सौदा भारतीय वायु सेना के 36 राफेल बेड़े की ईंधन भरने और अन्य क्षमताओं को उन्नत करने में भी मदद करेगा। इसके बाद वायु सेना के 36 राफेल फाइटर जेट में से 10 विमान जल्द ही हवा में ही ईंधन भरने की तकनीक से लैस हो जाएंगे। भारतीय वायु सेना इस तकनीक का उपयोग करके अपने राफेल जेट विमानों को हवा में ईंधन भरने में सक्षम हो जाएगी।

### भारतीय वायुसेना को मिलेंगे जमीनी उपकरण

रक्षा सूत्रों ने बताया कि नौसेना के लिए इस सौदे से भारतीय वायुसेना को अपने राफेल बेड़े के सॉफ्टवेयर को उन्नत करने और संचालन में सहायता के लिए बहुत सारे जमीनी उपकरण मिलेंगे। सरकार से सरकार के बीच होने वाले इस सौदे के तहत नौसेना को 22 सिंगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर राफेल मरीन जेट मिलेंगे और 4?.5 प्लस जनरेशन राफेल को अपने डेक से संचालित करने के लिए वाहक पर बहुत सारे उपकरण लगाने की आवश्यकता होगी। नौसेना वर्तमान में मिग-29?के का संचालन करती है, जिसे निकट भविष्य में केवल आईएनएस विक्रमादित्य से संचालित किया जाना है।

# ज्ञानेश कुमार ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार संभाला

● जनवरी 2029 तक रहेगा कार्यकाल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** नवनियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बुधवार सुबह 26वें चीफ इलेक्शन कमिश्नर (सीईसी) का पदभार संभाल लिया। इससे पहले उन्हें सोमवार को नया मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था। मुख्य चुनाव आयुक्त रहे राजीव कुमार 18 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए थे।

आज सुबह पदभार संभालने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रसेवा के लिए पहला कदम मतदान है। भारत का हर नागरिक, जो 18 साल की आयु पूरी कर चुके हों, उन्हें मतदान जरूर करना चाहिए।

1988 बैच के आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार निर्वाचन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले पहले मुख्य चुनाव आयुक्त हैं। उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक रहेगा।

ज्ञानेश कुमार के चार साल के कार्यकाल में 20 राज्यों और 1 एक केंद्रशासित प्रदेश (पुडुचेरी) में चुनाव होंगे। शुरूआत बिहार विधानसभा चुनाव से होगी और अंतिम चुनाव मिजोरम में होगा।

E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### बाबूलाल मरांडी ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी



**रांची।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दिव्य और भव्य महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार आ रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में स्नान कर रहे हैं। इसी बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर आस्था और श्रद्धा की डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में लोग जाति और धर्म से ऊपर उठकर पवित्र संगम में डुबकी लगा रहे हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि महाकुंभ में सबसे ज्यादा देश भर से युवा पूरे उत्साह के साथ डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं, जो सुखद है। इस मौके पर उन्होंने समस्त झारखंड वासियों के लिए मंगल कामना की।वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, "आज प्रयागराज के पवित्र महाकुंभ में त्रिवेणी संगम तट पर पुण्य स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मां गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में डुबकी लगाकर अपार आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा की अनुभूति हुई। महाकुंभ का यह दिव्य वातावरण, संत महात्माओं के दर्शन और श्रद्धालुओं की आस्था वास्तव में अद्भुत और अलौकिक है। गंगा मईया से सबके कल्याण की मंगलकामना करता हूं।"

### 23 फरवरी को होगी राजद विधायक दल की बैठक

**रांची।** प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के विधायक दल की बैठक 23 फरवरी को होगी। यह बैठक हरमू बाईपास रोड स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में शाम चार बजे से होगी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि राजद विधायक दल की अध्यक्षता राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में राज्य सरकार के कामकाज, राज्य में संगठन के विस्तार और इसकी मजबूती समेत अन्य कई मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय कुमार सिंह यादव, मंत्री संजय प्रसाद यादव और विधायक नरेश सिंह समेत पार्टी के अन्य वरीय नेता उपस्थित रहेंगे।

### डालसा ने पैनल लॉयर्स के लिए 116 वकीलों का किया चयन

**रांची।** रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने अपने पैनल लॉयर्स का चयन कर लिया है। रांची सिविल कोर्ट के 116 वकीलों का चयन पैनल लॉयर्स के रूप में किया गया है। जिला विधिक सेवा के अध्यक्ष और रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त ने इस पर सहमति भी दे दी है। इस बार लीगल सर्विस के लिए चुने गये पैनल लॉयर्स में महिला अधिवक्ताओं को तरजीह दी गयी है। पैनल लॉयर्स की टीम में 37 महिला अधिवक्ता शामिल हैं। इसके लिए डालसा की ओर से चुने गये पैनल लॉयर्स के नामों की सूची जारी का दी गयी है। पैनल लॉयर्स के लिए चुने गये अधिवक्ताओं को रांची जिला बार एसोसिएशन ने शुभकामनाएं दी है और उम्मीद जताई है कि आम लोगों को न्याय दिलाने में पैनल लॉयर्स महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

### विश्व विख्यात कथावाचक ज्ञानी पिंदरपाल सिंह कल रांची में करेगें कथा वाचन

**रांची।** विश्व विख्यात कथावाचक ज्ञानी पिंदरपाल सिंह जी के रांची आगमन को लेकर गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा तैयारी पूरी करली गई है। ज्ञानी पिंदरपाल सिंह जी(लुधियाना वाले) का 21 शुक्रवार को झारखंड आगमन होगा। जहां सत्संग सभा के सदस्य उन्हें एयरपोर्ट से रिसीव कर मेट्रो गली स्थित डॉ अजय छाबड़ा के क्लीनिक के पास शाम 6:15 बजे पहुंचेंगे और वहां से गुरु नानक सत्संग सभा की कीर्तन मंडली द्वारा शबद कीर्तन कर कालोनी की विभीन्न गलियों से होकर गुरुद्वारा साहब पहुंचेगें। जहां रात 8:00 बजे से विशेष दीवान सजाया जाएगा। दीवान की शुरूआत स्त्री सत्संग सभा तथा हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी द्वारा शबद गायन से होगी। ज्ञानी पिंदरपाल सिंह जी (लुधियाना वाले) रात 9:30 बजे से 11:00 तक कथा वाचन कर झारखंड की साध संगत को निहाल करेंगे। ज्ञानी पिंदरपाल सिंह द्वारा की जाने वाली कथा को सुनने के लिए झारखंड की सिख संगत को बेसब्री से इंतजार था और इस दीवान में झारखंड के जमशेदपुर,फुसरो, बेरमो,बोकारो थर्मल, गुमला, गिरिडीह, रामगढ़ समेत अन्य शहरों से भी सिख श्रद्धालुओं के आने की सूचना है,इस समागम में कुलदो हजार से ज्यादा सिख श्रद्धालुओं के शामिल होगें। इस मौके पर गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जाएगा। कार्यक्रम में पूरुष श्रद्धालुओं से सफेद कुर्ता पायजामा और लेडीज श्रद्धालुओं से सफेद सलवार सूट और पीला दुपट्टा पहनकर शामिल होने की अपील की गई है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने दी।

# झारखंड में दो दिनों तक होगी वज्रपात और ओलावृष्टि

संवाददाता

**रांची।** झारखंड में दो दिनों तक वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 20 और 22 फरवरी को राज?य के दक्षिणी और मध?यवर्ती जिलों में कहीं कहीं वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। 20 फरवरी को जिन दक्षिणी जिलों में वज्रपात और ओलावृष्टि हो सकती है उनमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां शामिल है, जबकि मध्यवर्ती जिलों में रांची, खूंटी, गुमला, रामगढ, हजारीबाग शामिल है। इसके अलावा इन जिलों के कुछ स्थानों पर 40 से 50 किमी. की



गति से तेज हवा चलने की भी संभावना है।

21 फरवरी को मौसम सामान्य रहेगा, जबकि 22 फरवरी को दक्षिणी, मध यवर्ती और इससे लगे उत्तर पूर्वी भागों में कहीं कहीं ओलावृष्टि होने की संभावना है। साथ ही राज्य के दक्षिण पश्चिमी, मध्य और नजदीकी उत्तर पूर्वी भागों कहीं कहीं गर्जन के साथ तेज हवा चलने की संभावना है। इसके अलावा पश्चिमी जिले जिनमें पलामू, गढवा, चतरा, कोडरमा और लातेहार शामिल हैं यहां कहीं कहीं गर्जन और 30 से 40 किमी की गति से तेज हवा चलने की संभावना है। वहीं बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह में कुहासा रहा। हालांकि दिन चढने के साथ मौसम साफ हो गया।

बाद में दिन भर आंशिक बादल छाया रहा। राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 36 ड्रिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान गुमला में 11.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रांची में तापमान 29 डिग्री, जमशेदपुर में 33.4, डालटनेगंज में 32.7, बोकारो में 32.5, चाईबासा में 34.8 और देवघर में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## आरुणि ने एसआर डीएवी का बढ़ाया मान

संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के पुंदाग स्थित एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल (बैच 2022) के पूर्व छात्र आरुणि प्रसाद ने एनसीसी (नेवी विंग) में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों से अपने विद्यालय का नाम रौशन किया है। आरूणी को एनसीसी में ऑल इंडिया बेस्ट कैडेट (5वां स्थान) झ नेवी विंग मिला है। इसके अलावा उन्हें सिंगापुर प्रतिनिधिमंडल के लिए ऑल इंडिया स्पॉन्सर्ड कैडेट के रूप में चयन किया गया है। अरूणी का चयन 50 मीटर श्रेणी में देश के शीर्ष 15 सर्वश्रेष्ठ शूटरों में हुआ है। उनका चयन गणतंत्र दिवस परेड के लिए भी किया गया है। आरूणी की कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प ने भावी कैडेट्स के लिए एक नया मापदंड स्थापित किया है। विद्यालय के प्राचार्य संजीत कुमार मिश्र ने आरुणि प्रसाद को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए बधाई और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने आरुणि प्रसाद को विद्यालय के एनसीसी विंग के छात्रों को मार्गदर्शन देने और प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आरुणि प्रसाद की सफलता एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में कार्य करती है और उनका मार्गदर्शन निश्चित रूप से अन्य कैडेट्स की आकांक्षाओं को ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

## राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला 'पहला कदम' दिव्यांग स्कूल का दल



संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को धनबाद स्थित 'पहला कदम' दिव्यांग स्कूल के छात्र और विद्यालय परिवार के सदस्य राजभवन में मिले। इस अवसर पर राज्यपाल ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे पहले ही इस संस्थान का भ्रमण कर चुके हैं और इसके कार्यों से प्रभावित हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार दिव्यांगों के सशक्तिकरण और समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें दिव्यांग संबोधित किया गया, जो दिव्यांगजनों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रकट करता है।

राज्यपाल ने युवाओं का आह्वान किया कि वे दिव्यांगजनों के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाएं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों में सहयोग करें।

वहीं विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह संस्थान मात्र दो बच्चों के साथ शुरू हुआ था और आज यह दिव्यांग बच्चों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से स्वावलंबी बनाने का काम कर रहा है। विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय और राज्य स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। इस अवसर पर बच्चों ने झारखंड के लोकगीत पर नृत्य भी प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने सराहना की।

वहीं राज्यपाल ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## टेक्निकल छात्र संघ ने की झारखंड प्रौद्योगिकी विवि के प्रभारी कुलसचिव से मुलाकात

संवाददाता

**रांची।** टेक्निकल छात्र संघ का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को अभिषेक बनर्जी की अध्यक्षता में झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव निशांत कुमार से मिला। इस दौरान विश्वविद्यालय के करिकुलम डायरेक्टर स्नेह भी मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल ने प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में छह माह विलंब से चल रही एमबीए, एमटेक, बीटेक की परीक्षाओं के बारे में अवगत कराया।



प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि विश्वविद्यालय में कोई काम नहीं हो रहा है। बीटेक छठे सेमेस्टर की परीक्षा अगस्त में ही हुई है, लेकिन अब तक रिजल्ट नहीं आया है। उन्होंने कहा कि दो दिनों पूर्व सातवें सेमेस्टर की परीक्षा का फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी गई है। इससे छात्र परेशान हैं। एमबीए की भी परीक्षा हुए तीन माह हो गए हैं, लेकिन अब तक रिजल्ट नहीं निकाला गया है। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी किसी भी सेमेस्टर की परीक्षा का रिजल्ट जारी करने से एक सप्ताह पहले रिजल्ट से मिलता जुलता प्रोविजनल रिजल्ट कॉलेजों को भेजता है और यहां के कर्मचारी छात्रों से पास कराने के एवज में पैसा लेते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी यूनिवर्सिटी रिजल्ट को अपनी साइट पर जारी करती है, लेकिन यहां ऐसा नहीं होता है। प्रभारी कुलसचिव ने प्रतिनिधिमंडल से कहा है कि इस संबंध में लिखित शिकायत करें, जरूर कार्रवाई होगी।

## रांची में होली पर कवि सम्मेलन: हास्य व्यंग्य और वीर रस की होगी बौछार

संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में हर साल होली के अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन करने वाली समिति इस वर्ष भी काव्य रसिकों के लिए विशेष आयोजन कर रही है। 12 मार्च को रात 9 बजे हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में हास्य, व्यंग्य, श्रृंगार और वीर रस की कविताओं का आयोजन किया जाएगा।

इस संबंध में समिति के मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध कवि जानी बैरागी, सुनील पाल, भुवन मोहिनी, रमेश मुस्कान, गौरव चौहान और शशिकांत यादव सहित कई कवि रात भर लोगों को अपने हास्य व्यंग, वीर रस तथा श्रृंगार रस की कविताओं से गुदगुदाएंगे। वहीं समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया ने बताया कि आयोजन स्थल पर सभी तरह की सुरक्षा की



व्यवस्था होगी।

साथ ही उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल पर जलपान की भी व्यवस्था होगी। वहीं पूर्व अध्यक्ष ललित पोद्दार ने बताया कि कार्यक्रम में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क है । पूर्व अध्यक्ष विनोद जैन ने रांची के सभी कविताप्रेमियों से कवि सम्मेलन का लुफ्त उठाने का आग्रह किया है।

## जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर अंबा प्रसाद ने सीएम को लिखी चिट्ठी

**रांची।** झारखंड के कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव और बंगाल की सह प्रभारी अंबा प्रसाद ने सीएम हेमंत सोरेन को जेपीएससी अध्यक्ष नियुक्त करने को लेकर चिट्ठी लिखी है। पत्र में अंबा प्रसाद ने प्रतियोगिता परीक्षाओं में देरी को देखते हुए जेपीएससी अध्यक्ष और जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं का कैलेंडर जारी करने की मांग की है। अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी बातें भी रखी है। चिट्ठी में अंबा प्रसाद ने लिखा है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रही देरी से लाखों युवाओं के भविष्य पर अनिश्चितता बनी हुई है। सरकार ने पहले ही यह प्रस्ताव पास किया है कि एक महीने के भीतर जेपीएससी और जेपीएससी की परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया जाएगा और हमें पूरा विश्वास है कि मुख्यमंत्री इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

## स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम की स्थापना को लेकर राज्यपाल से मिला शिष्टमंडल



संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के शिष्टमंडल ने बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की।

शिष्टमंडल का नेतृत्व मंच के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने किया।

शिष्टमंडल ने राज्यपाल से राज्य के युवाओं में देशप्रेम की भावना को जागृत बनाए रखने और स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृतियों को संजोए रखने के उद्देश्य से हजारीबाग में स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम की स्थापना के लिए पहल करने का आग्रह किया।

# डीसी ने रांची जिला में विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की

संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा बुधवार को जिला में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार, झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग एवं नगर विकास विभाग द्वारा जिले में किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी।




राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार के कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा खनन पट्टा पर मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क के संबंध में विभागीय दिशा-निदेर्शों को अनुपालन सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया गया। जाली मुद्रांकों के बिक्री रोकने के संबंध में उन्होंने औचक सत्यापन करने का निर्देश दिया।

जिला में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत किये जानेवाले कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्धारित समय में लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश दिया। कायार्देश जारी होने के बाद किसी वेंडर द्वारा कार्य में अनियमितता तो नहीं बरती जा रही, इस संबंध में उन्होंने उपविकास आयुक्त को समीक्षा करने को कहा। इसके अलावा अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिला पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में ये रहे शामिल उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव, अपर समाहर्त्ता राम नारायण सिंह, सहायक समाहर्त्ता-सह-सहायक दंडाधिकारी आदित्य पांडेय, अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था राजेश्वरनाथ आलोक एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पांच मार्च से खीस्त विश्वासियों की चालीसा काल होगा शुरू

वरीय संवाददाता

**रांची।** खीस्त विश्वासियों का चालीसा काल ईसाई समुदाय में एक महत्वपूर्ण समय होता है, जो ईसा मसीह के पुनरुत्थान के बाद शुरू होता है। यह अवधि 40 दिनों तक चलेगी, जिसमें ईसाई समुदाय ईसा मसीह के जीवन, मृत्यु और पुनरुत्थान की याद में प्रार्थना, उपवास और धार्मिक अनुष्ठान करेगा। रांची के कैथोलिक चर्च, सीएनआई चर्च और जीईएल चर्च में अपने-अपने नियमों के अनुसार ईसा मसीह को याद किया जाएगा।

चर्च में विनती, बाइबिल अध्ययन और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दौरान प्रत्येक शुक्रवार को यीशु मसीह की चौदह घटनाओं का धर्म बहनों को बताया जाएगा। चालीसा काल में दान और सेवा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, और गरीबों तथा जरूरतमंदों की मदद की जाएगी। बिशप हाउस के सेक्रेटरी असीम मिंज ने बताया कि पांच मार्च से चालीसा काल शुरू होगा।

इस दिन खजूर के पत्तों को जलाकर राख बनाई जाएगी, जिसे सभी विश्वासी अपने माथे पर लगाएंगे। चालीसा काल 40 दिनों तक चलेगा, जिसमें पश्चाताप और पापों का पछतावा किया जाएगा।

उपवास और दान पर जोर दिया जाएगा। खीस्त विश्वासियों को याद दिलाया जाएगा कि सभी मनुष्य ईश्वर द्वारा धरती पर बुलाए गए हैं और अंत में वे ईश्वर के पास जाएंगे। इस दौरान यह भी स्मरण कराया जाएगा कि माथे पर राख लगाने से जीवन को ईश्वर को समर्पित किया जाता है, और एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति, प्यार और सहायता की भावना व्यक्त की जाती है।

प्रत्येक रविवार को छोड़ दिया जाता है चालीसा काल 46 दिनों का होता है। लेकिन इसमें से छह रविवारों को गिना नहीं जाता, जिससे वास्तविक चालीसा काल 40 दिनों का होता है।

रविवार को ईसाई समुदाय विशेष दिन मानते हैं, क्योंकि इस दिन यीशु मसीह का पुनरुत्थान हुआ था और यह महिमा का दिन होता है। इस दिन को सकारात्मक रूप से जोड़कर ईश्वर की महिमा की जाती है और जीवन व्यतीत किया जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक ने कूलिंग पौंड में प्रदूषण का लिया जायजा



**बोकारो।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक झारखंड विधानसभा के प्रत्ययुक्त कमेटी के सभापति तथा दामोदर बचाओ आंदोलन के संरक्षक सरयू राय ने बुधवार को बोकारो दौरे के क्रम में कूलिंग पौंड का जायजा लिया। उन्होंने बोकारो स्टील तथा दामोदर वैली कॉरपोरेशन द्वारा ज्वाइंट वेंचर में स्थापित बोकारो पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड बीसीसीएल की ओर से ऐश पॉन्ड के पानी को कूलिंग पौंड में बहाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए खुद इसका भौतिक निरीक्षण किया। साथ ही, इस पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) नियमों का उल्लंघन करार दिया। इसे लेकर उन्होंने आगे अपने स्तर से इस दिशा में यथोचित कदम उठाने की भी बात कही।

### शिव शक्ति महायज्ञ से क्षेत्र का वातावरण हुआ भक्तिमय



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के ढोरी बस्ती सौतारडीह में चल रहे सात दिवसीय श्री श्री शिव शक्ति महायज्ञ एवं 33 वां वार्षिक गणेश मेला के चौथे दिन बुधवार को पंचाग पूजन, वेदी पूजन, देवी देवताओं का आवाहन, पाठ व संध्या आरती सहित कई अनुष्ठान हुए। महायज्ञ में मंत्रोच्चारण से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए रोजाना श्रद्धालुओं की भीड बढ रही है। सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचकर परिक्रमा करते हुए ओम नमः शिवाय, हर हर शिव जय जय शिव, जय शिव शंभू, हर हर महादेव के जयकारा लगा रहे है। कई लोग 12 तो कोई 24 घंटे की परिक्रमा कर रहे हैं। यज्ञाचार्य हरिशरणम कुटीर बी देवघर के हीरालाल शास्त्री के नेतृत्व में पूरे विधि-विधान से धर्म अनुष्ठान कराया जा रहा है। जिसमें देवघर से आये उपाचार्य पंकज शास्त्री, वेदाचार्य पवन शास्त्री, आशुतोष बाबा, विकास शास्त्री, आदित्य शास्त्री एवं मंदिर के पुजारी शिवशंकर पांडेय उनके साथ अनुष्ठान व मंत्रोच्चारण में योगदान दे रहे है। यहां मुख्य यजमान विक्रांत शर्मा व उनकी पत्नी किरण देवी और आकाश कर्मकार व उनकी पत्नी पूजा कर्मकार सभी अनुष्ठान में भाग ले रहे हैं।

### जरीडीह प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में अमन पैंथर ने जीता ट्रॉफी



**फुसरो।** जरीडीह बाजार ग्राउंड में चल रहे जरीडीह प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनामेंट का बुधवार को फाइनल मैच अमन पैंथर तथा तरुण डिफेंडर्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अमन पैंथर ने 129 रनों का लक्ष्य दिया। वहीं तरुण डिफेंडर स्कोर का पीछा करते हुए 116 रण में ही सिमट गया। यहां बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष सह झामुमो नेता अनिल अग्रवाल ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी तथा मेडल देकर सम्मानित किया। मैन ऑफ द मैच अमन कुमार को दिया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में सोनू कुमार, सचिन कुमार, प्रदीप महतो, शशि महतो, वरुण कुमार, शैलेंद्र महतो, जीतेंद्र सोनी, कुणाल साहनी, आशुतोष श्रीवास्तव, सहित दर्जनों लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# गिरिडीह सांसद के निर्देश पर बोकारो थर्मल में टेक्नो कंपनी का गेट जाम आंदोलन

संवाददाता

**बोकारो थर्मल।** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चैधरी के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि दीपक कुमार महतो एवं जितेंद्र यादव के नेतृत्व में बुधवार को आजसू के लोगों ने बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी पावर प्लांट में एफजीडी का काम करनेवाली कंपनी टेक्नो इलेक्ट्रिक एंड इंजीनियरिंग के अधिकारियों,कामगारों को पावर प्लांट स्थित एफजीडी के कार्यस्थल पर जाने से रोक दिया गया.एफजीडी का कार्य पूरा हो जाने के बाद कंपनी के द्वारा ओएंडएम के तहत तीन वर्ष का कार्य एएमसी के द्वारा किया जाना है.कार्य को लेकर कंपनी ने बिना निविदा करवाये केआर कंस्ट्रक्शन कंपनी को एएमसी का कार्य दे रखा है जिसको लेकर स्थानीय स्तर पर काफी नाराजगी है.आरोप है कि कंपनी के द्वारा मनमाने तरीके से एएमसी में लोगों को रखा जा रहा है.मामले की जानकारी को लेकर सांसद चंद्र प्रकाश चैधरी ने मंगलवार की रात्रि कंपनी के कोलकाता स्थित मैकनिकल प्रोजेक्ट हेड सव्यसाची चैधरी से बात करने



का प्रयास किया तो श्री चैधरी ने सांसद से बात करने से इंकार कर दिया था।

बाद में सांसद ने कंपनी के हेड रमेश अग्रवाल से बात करके पूरे मामले की जानकारी दी और कहा कि जब तक मैकनिकल हेड बात करने खुद नहीं आ जाते हैं तब तक उनके कार्यकताओं के द्वारा कंपनी का कार्य बंद रखा जाएगा.बुधवार को अहले सुबह से ही दोनों सांसद प्रतिनिधि के द्वारा पावर प्लांट का मेन गेट कंपनी के अधिकारियों एवं कामगारों के लिए बंद कर दिया गया और किसी को भी कार्य पर जाने नहीं दिया गया।

सांसद प्रतिनिधि का कहना था कि कंपनी ने बिना निविदा करवाये एएमसी का ठीका केआर कंपनी को दे रखा है और कंपनी मनमाने तरीके से एएमसी के कार्य में लोगों को रखने का कार्य कर रहा है.कंपनी के द्वारा स्थानीय एवं विस्थापितों की उपेक्षा की जा रही है जिसे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.मामले को लेकर डीवीसी के एचओपी सुशील कुमार अरजरिया से पूछा गया तो उनका कहना था कि डीवीसी ने उक्त कार्य तीन वर्ष के लिए टेक्नो कंपनी को दे सबलेट कर दिया है.कंपनी को राज्य सरकार के 75 फीसदी नियोजन नीति का पालन करने का निर्देश दिया गया है.कहा कि जो बेरोजगार स्थानीय नियोजन कार्यालय में निबंधित हैं उनका नाम नियोजनालय के द्वारा कंपनी में नियोजन के लिए भेजे जाने पर ही रखा जाएगा आंदोलन गुरुवार को भी जारी रहेगा।

## बेरमो विधायक ने बेरमो थाना में पेवर ब्लॉक कार्य का किया शिलान्यास



संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने बुधवार को बेरमो थाना परिसर से फुसरो नगर परिषद की योजना से विभिन्न वार्डों में लगभग 24 लाख के पेवर ब्लॉक बिछाने के कार्य का शिलान्यास किया। यह कार्य फुसरो नप के वार्ड संख्या तीन, पांच, छह, 11, 15, 18, 19, 23, 24, 25 में किया जाना है। यहां पंडित रजनीकांत पांडेय ने पूजा अर्चना करवाकर विधायक श्री सिंह से शिलान्यास कराया। यह कार्य मां छिन्नमस्तिके टेड्र्स के द्वारा किया जायेगा। विधायक श्री सिंह ने कहा कि कई जगहों पर पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य होना है। जिसका सामूहिक रूप से आज एक ही जगह पर शिलान्यास किया गया है। इसके अलावा डीएमएफटी तथा अन्य मद से बेरमो विधानसभा क्षेत्र के चंद्रपुरा प्रखंड में करीब ढाई करोड़ से उपर की योजना धरातल पर उतारने का कार्य करने जा रहे है। मौके पर फुसरो नप के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन, बेरमो सर्किल इंस्पेक्टर नवल किशोर सिंह, बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, बेरमो महिला थाना प्रभारी सुमन कुमारी, नप जेई राजेश गुप्ता, नप कर्मी राजीव रंजन कुमार, परवेज अखतर, संतोष सिंह, कैलाश ठाकुर, जसीम राजा, सिकंदर ठाकुर, अर्जुन मुखर्जी, बैजनाथ सिंह, उत्तम कुमार मुखर्जी, शक्ति सिंह, अरुण सिंह, टुल्लू सिंह, बेरमो थाना के सचिन रौशन, शाहिद अंसारी, सलीम जावेद, गिरधारी गुप्ता, लक्ष्मण चौधरी, कैलाश प्रसाद, संजय कुमार, मनोज कुमार, जोसेफ तिर्की, अनूप नारायण सिंह, सुशील कुमार दुबे, आरएमएम पूर्ति, मो. शमीम अहमद, छोटू खान आदि मौजूद थे।

## पूर्ववर्ती छात्रों ने स्कूल में एचओपी और प्राचार्य का स्वागत कर पुराने दिनों को याद किया

संवाददाता

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी उच्च विद्यालय के 1976 बैच के विद्यार्थियों द्वारा तीन दिवसीय एलुमनी मीट के तहत बुधवार को उच्च विद्यालय का दौरा किया.सभी ने स्कूल की कक्षओं में अन्य विद्यार्थियों के साथ बेंचों पर बैठकर अपने अतीत को ताजा कर काफी हर्षित दिखे.बाद में सभी ने स्कूल के हॉल में डीवीसी के एचओपी सुशील कुमार अरजरिया एवं प्राचार्य धनंजय कुमार को बुके एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया.पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने स्कूल की वर्तमान में दुर्दशा पर खेद प्रकट करते हुए एचओपी से इसमें सुधार करने की मार्मिक अपील करते हुए कहा कि पूर्व में गिरिडीह जिला के तहत डीवीसी का उक्त उच्च विद्यालय पूरे जिला में अव्वल स्कूल में गिना जाता था और स्कूल के पासआउट विद्यार्थियों अपनी शिक्षा एवं काबिलियत के बल पर देश के विभिन्न राज्यों एवं विदेशों में अपनी सेवा की बदौलत नाम रोशन कर रखा है।

पूर्ववर्ती विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एचओपी ने कहा कि स्कूल का हाल पूर्व की तुलना में



काफी बेहाल हो गया है.उनका प्रयास होगा कि आनेवाले समय में वे इसमें बदलाव करेंगे और आगे बदलाव भी दिखेगा.कहा कि 49 वर्ष बाद भी एक साथ सभी पूर्ववर्ती छात्र इस प्रकार के मिलन समारोह का आयोजन करतें हैं कहा कि वाकई स्कूल का पुराना समय काफी गोल्डन रहा होगा.प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से स्कूल आने के बाद सभी प्रकार की यादें ताजा हो जाती हैं और मनुष्य अपने पुराने स्कूल के काल में पहुंच जाता है.कार्यक्रम में चेन्नई से आये एस चिदम्बरम ने गीत गीत गाकर तथा स्कूल के शिक्षक विमलेश दत्त मिश्रा ने सभी के स्वागत में गीत गाकर सभी को भाव विभोर कर दिया.संचालन पूर्ववर्ती छात्र अनिल कुमार श्रीवास्तव एवं रंजनी ने किया.स्कूल की छात्राओं ने पूर्ववर्ती विद्यार्थियों के लिए स्वागत गीत गाया.मौके पर मुख्य रुप से मो शाहजहां,ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव,प्रदीप प्रसाद,विनोद भाटिया,विजय नैयर,रणविजय सिंह,विजय कुमार सिंह,अनिल कुमार श्रीवास्तव,दिलीप कृष्णन, मो. शमीम,गौतम विश्वास, मधुमिता, शांति लकड़ा, रंजनी, सुजाता,अबूल,एस चिदंरबम,मो मनीरुद्दीन, मदन मोहन सिंह, आलोक, देबोज्योति, दीपांकर,कृष्णा भंडारी, राधा, अमर, पी रामा राव, आलोक नुपूर आदि मौजूद थे।

## प्रसिद्ध चित्रकार सह डीवीसी के रिटायर अभियंता के आवास में चोरी



**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल जीएम कॉलोनी स्थित आवास संख्या जीएम 19 में रहनेवाले प्रसिद्ध चित्रकार सह डीवीसी के रिटायर अभियंता आनंद प्रकाश मेहता के आवास का ताला तोड़कर मंगलवार की रात्रि चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है.आनंद प्रकाश मेहता सपरिवार अपनी पुत्री के पास पुणे एम सप्ताह पूर्व गये हुए हैं.चोरों द्वारा चोरी की घटना की जानकारी पड़ोसियों ने बुधवार को आवास का ताला टूटा हुआ देखने पर मोबाइल से उनको दी.पड़ोसियों ने देखा कि घर के अंदर का सारा सामान तितर बितर किया हुआ है.साथ ही स्टील आलमारी भी टूटा हुआ है.श्री मेहता गुरुवार को पूणे से वापस लौटेंगे तभी चोरी की पूरी जानकारी मिल पाएगी।

## चंद्रपुरा में जल्द बनेंगे आठ-आठ सौ मेगावाट के दो सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट : एचओपी

संवाददाता

**बोकारो।** दामोदर घाटी निगम द्वारा चंद्रपुरा में आठ-आठ सौ मेगावाट यानी कुल 1600 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट जल्द स्थापित किया जाएगा। शीघ्र ही इसका निर्माण-कार्य शुरू होगा। बुधवार को डीवीसी सीटीपीएस के परियोजना प्रधान सह वरिष्ठ महाप्रबंधक विजया नन्द शर्मा ने कहा कि यहां दो सुपर क्रिटिकल यूनिट स्थापित करने की मंजूरी केंद्र सरकार द्वारा सैद्धांतिक रूप से दे दी गई है। उन्होंने कहा कि इस इकाई की स्थापना और संचालन में प्रबंधन का कंट्रोल दामोदर घाटी निगम का रहेगा। उन्होंने कहा कि इन नई इकाइयों को स्थापित करने में करीब 16500 करोड़ रुपए का निवेश होगा। यह यूनिट अल्ट्रा मॉडर्न होगी। इसकी एफिशिएंसी पुराने



प्लाट के अपेक्षा अधिक होगी। पर्यावरण के सभी मानक का अनुपालन किया जाएगा। इसकी टेक्नोलॉजी स्टेट ऑफ द आर्ट होगी। श्री शर्मा ने कहा कि इस इकाई के स्थापना से इस क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा। क्षेत्र में व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगी। उन्होंने लोगों से अपील किया कि इस क्षेत्र के सभी समाज के लोग इन इकाइयों को स्थापित करने में उचित माहौल बनाए रखें, ताकि क्षेत्र का विकास में कोई बाधा ना आए। इस क्षेत्र के उज्जवल भविष्य के लिए इस क्षेत्र के लोगों की सकारात्मक सहयोग अपेक्षित है।

## ज्ञानार्जन का प्रयास सतत रखें जारी : ईडी राजश्री

संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में ईएसजी पर्यावरण, सामाजिक और शासन सिद्धांतों पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को ईएसजी क्विज 2024-25 का आयोजन किया गया। इसका परम्परागत तरीके से दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक मानव संसाधन राजश्री बनर्जी ने अन्य वरीय अधिशासियों के साथ किया। कार्यक्रम में बीएसएल के विभिन्न विभागों से अनाधिशासी कर्मियों के 42 टीमों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि सुश्री बनर्जी ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों को इस तरह के ज्ञानार्जन के कार्यक्रम में जीत के जज्बे के साथ शामिल होने लिए के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ईएसजी क्विज-2024-25 कार्यक्रम का उद्देश्य टिकाऊ और



जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है, जो पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति बोकारो इस्पात संयंत्र की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।।क्विज कार्यक्रम में महाप्रबंधक ज्ञानार्जन एवं विकास नीता बा के साथ अमित आनंद, सहायक महाप्रबंधक ज्ञानार्जन एवं विकास ने क्विज मास्टर के रूप में अहम योगदान दिया। जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विजेता के रूप में प्रोजेक्ट डिवीजन से शालिनी प्रसाद तथा भवानी हांसदा की टीम को प्रथम, आर सी एल विभाग के सुरेश सोरेन तथा एनके पंडित की टीम को द्वितीय तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं टेलीकॉम विभाग के बी. सोरेन एवं प्रियंका शर्मा की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। ईएसजी क्विज-2024-25 के आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के ऋषिकेश रंजन, संजीव कुमार सिंह, अभय झा, सिद्धोचरण मुर्मू तथा रविदास की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बोकारो में श्रीश्री नर्मदेश्वर शिवलिंग प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू

संवाददाता

**बोकारो।** नगर के सेक्टर 9 बी स्थित स्ट्रीट 14 एवं 15 की कॉलोनी में श्रीश्री नर्मदेश्वर शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम के प्रथम दिन भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस कलश शोभा यात्रा में मोहल्ले के 251 महिलाओं व कुंवारी कन्याओं ने भाग लिया।

इसके पूर्व महिलाएं व बालिकाएं पीला वस्त्र धारण कर आम पल्लवयुक्त कलश लेकर गाजेबाजे के साथ हर हर महादेव, जय शिव शंभू का जयकारा लगाते हुए सेक्टर 9 बी कॉलोनी बी रोड होते हुए नवनाथ मंदिर पहुंचीं। वहां विधिवत रूप से देवी देवताओं का आह्वान कर आचार्य सुनील कुमार पाण्डेय व पांच पुरोहितों द्वारा संकल्प पाठ, पूजन



व गंगा आरती के साथ संपन्न कराया।

उसके बाद नवनाथ मंदिर से कलश में जल भरकर कुंवारी कन्याओं व महिलाओं ने अपने सिर पर जल भरा कलश रखकर गाजे बाजे के साथ कलश शोभायात्रा में शामिल होकर नगर भ्रमण किया। वहीं, कलश शोभा यात्रा में आसपास के इलाके से सैकड़ों लोग शामिल हुए। यह कलश शोभायात्रा सेक्टर 9 डी कॉलोनी अवस्थित शिव मंदिर प्रांगण से शुरू होकर 9ए रोड ,फूल दुकान मोड़, बी रोड मुख्य बाजार होते हुए हनुमान मंदिर परिसर स्ट्रीट 14/15 पहुंची। इसके साथ ही शिव मंदिर में कलश स्थापना के साथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान शुरू हुआ। इस दौरान बाबा भोलेनाथ के जयकारों से पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि बुधवार को मंडप पूजन व नगर भ्रमण कर शिव मंदिर में महादेव के शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा व हवन का आयोजन होगा। प्राण प्रतिष्ठा के लिए नर्मदेश्वर महादेव शिवलिंग काशी वाराणसी से मंगाया गया है। मौके पर रविशंकर अध्यक्ष बजरंग सेवा परिषद व यजमान आशीष कुमार व सुमन देवी,योगेंद्र कुमार, एनके सिंह, बीपी सिंह, एसएन सिंह, एच के सिंह, डीपी चौधरी, गौरांग, विक्की सिंह, राम कुमार, संजय, मिथिलेश, सुनील महतो, सत्यम, कुलदीप कुमार महतो, राम नरेश प्रसाद, जयंत दत्ता, विजय, हरिराम कुमार, शिव कुमार, विकास राजहंस आदि मौजूद रहे।

## छत्रपति शिवाजी जी जयंती पर लगाया गया रक्तदान शिविर व बच्चों के बीच खेल प्रतियोगिता आयोजित

संवाददाता

**बेरमो।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर बुधवार को समर्पण एक नेक पहल कल्याण मंडप करगली में रक्तदान शिविर व बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यक्षता संस्था के चंदन कुमार चौहान ने की। उद्घाटन मुख्य अतिथि बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह, विशिष्ठ अतिथि बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, संस्था के चंदन कुमार चौहान एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि बेरमो सीओ श्री कुमार एवं विशिष्ठ अतिथि थाना प्रभारी श्री सिंह ने देश के महान सपूत वीर शिवाजी के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के भारत और



प्राचीन भारत में काफी अंतर है। हमारी जाति या धर्म अलग-अलग हो सकते हैं पर हमारा देश भारत तो एक है। हम सबों को आज वीर शिवाजी से प्रेरणा लेकर देश और खुद को सशक्त, साहसी और अक्षुण्ण भारत रखने में पूर्ण सक्षम होना होगा। इस अवसर पर अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो, मध्य विद्यालय ढ़ोरी, राजकीय कृत मध्य विद्यालय करगली के बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र व छात्राओं को पुरस्कार दिया गया। रक्तदान पर अतिथियों ने कहा कि रक्तदान महादान है। जरूरत पड़ने पर रक्तदान अवश्य करें। ताकि किसी का जीवन बचाने में सहायक बन सके। साथ ही रक्तदान शिविर में रक्त संग्रह हेल्थ प्वाइंट ब्लड सेंटर रांची के द्वारा किया गया। जिसमें प्रवीण कुमार, रामप्रवेश, साजिद अंसारी, उर्मिला कुमारी ने रक्त दाताओं से लगभग 50 यूनिट रक्त संग्रह किया।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में नामांकन प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित



**कोडरमा।** झारखंड टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, झुमरी तिलैया में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत नामांकन प्रकोष्ठ की बैठक महाविद्यालय के सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० अजय कुमार यादव ने की। बैठक में नामांकन प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रो० सुरभि कुमारी, प्रो० बिनीता कुमारी, तकनीकी सहायक प्रो० सूरज कुमार तथा सहायक सदस्य श्रीमती रीना कुमारी उपस्थित रहे। बैठक में बी.एड. सत्र 2025-2027 के नामांकन प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। नामांकन प्रकोष्ठ की समन्वयक प्रो० सुरभि कुमारी ने जानकारी दी कि झारखंड सरकार द्वारा बी.एड. प्रवेश के लिए झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परिषद के अधिकृत वेब पेज पर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। बी.एड. सत्र 2025-2027 में नामांकन के इच्छुक अभ्यर्थी 15 फरवरी से 15 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 20 अप्रैल 2025 को ऑफलाइन मोड में आयोजित होगी। परीक्षा केंद्र झारखंड के प्रमुख शहरों- रांची, धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर, हजारीबाग, पलामू एवं दुमका में बनाए जाएंगे। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक या स्नातकोत्तर में 55 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गए हैं, जबकि अन्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए यह 50 प्रतिशत अंक रखे गए हैं। परीक्षा शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 1000 रुपये, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 750 रुपये तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए 500 रुपये निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी उचित तैयारी के साथ आवेदन कर महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

### कोडरमा में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न, अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश



**कोडरमा।** उपायुक्त कोडरमा श्रीमती मेघा भारद्वाज के निदेर्शानुसार समाहरणालय सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला ने की। बैठक में जिले में हो रहे अवैध खनन, परिवहन और भंडारण को रोकने को लेकर गहन चर्चा की गई। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में अवैध रूप से हो रहे पत्थर और बालू खनन को पूरी तरह रोका जाय। उन्होंने वन क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने क्रशर संचालकों को निर्देश दिया कि वे अपने उद्योग के चारों ओर ग्रीन बेल्ट विकसित करें ताकि पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित हो सके। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक दिवाकर, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला खनन पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि वे आपसी समन्वय से काम करें और अवैध खनन तथा परिवहन पर सख्ती से रोक लगाएं।

### खुले में फेंकी गई एक्सपायरी दवाएं



**गिद्धौर।** गिद्धौर प्रखंड के रामनवमी मेलाटांड़ स्थित स्थायी पौधशाला के पास बड़ी मात्रा में एक्सपायरी दवाएं फेंकी गई हैं, जिससे पर्यावरण को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। खुले में इस प्रकार दवाओं को फेंकना न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि यह नियमों का भी घोर उल्लंघन है। नियमानुसार, मेडिकल स्टोर संचालकों को एक्सपायरी दवाओं को खुले में न फेंककर वैज्ञानिक तरीके से नष्ट करना चाहिए ताकि पर्यावरण प्रदूषित न हो। स्थानीय लोगों ने जब इन फेंकी गई दवाओं को देखा तो उन्होंने प्रशासन को इसकी सूचना दी। हालांकि, अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इन दवाओं को किसने और क्यों फेंका। इस मामले में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुमित कुमार जायसवाल ने स्पष्ट किया कि यह दवाएं स्वास्थ्य विभाग की नहीं हैं, क्योंकि स्वास्थ्य केंद्र और उपकेंद्र में एक्सपायरी दवाओं को जिला स्वास्थ्य विभाग को वापस भेज दिया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस घटना की जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित, विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**गिरिडीह।** जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत मंगलवार को जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता प्रखंड संसाधन केंद्र, गिरिडीह के परिसर में आयोजित की गई, जिसमें जिले के सभी प्रखंडों के चयनित विजेता और उपविजेता शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय, बदडीह, प्रखंड-गिरिडीह की रेखा देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि उच्च विद्यालय, तिसरी बालक की सरोज देवी उपविजेता रहीं। विजेता प्रतिभागी को 5000 रुपये नकद पुरस्कार, जबकि उपविजेता को 2500 रुपये नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

## कोडरमा पुलिस ने चोरी की 23 मोटरसाइकिलें बरामद की
# तीन आरोपी गिरफ्तार



संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा जिले में वाहन चोरी के मामलों को लेकर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक कोडरमा को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ वाहन चोर गिरोह जिले में सक्रिय हैं और चोरी की बाइक के साथ घूम रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी क्रम में मरकच्चो थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे संदिग्ध हरकत करते हुए भागने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उनका पीछा किया और पकड़ लिया। जब उनसे बाइक के दस्तावेज मांगे गए तो वे कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। गहन पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी बाइक चोरी की है और वे वाहन चोरी के धंधे में शामिल हैं। पूछताछ के दौरान इन आरोपियों ने खुलासा किया कि वे चोरी की गई मोटरसाइकिलों को डोमचांच थाना क्षेत्र के कोसाहना गांव के जंगल में एक झोपड़ीनुमा घर में इकट्ठा करते थे और जरूरतमंद खरीदारों को बेचते थे। इन आरोपियों के निशानदेही पर पुलिस ने उक्त स्थल पर छापेमारी की और 22 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कीं। इस दौरान पुलिस ने गिरोह के तीसरे सदस्य प्रकाश मेहता को भी गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रोहित कुमार स्वर्णकार उम्र 30 वर्ष, मौला अंसारी उम्र 45 वर्ष और प्रकाश मेहता उम्र 36 वर्ष शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बरामद मोटरसाइकिलों में 20 हीरो स्प्लेंडर, 1 हीरो ग्लैमर, 1 हीरो सुपर स्प्लेंडर और 1 होंडा साइन मॉडल की बाइक शामिल होने की पुष्टि की है। इस कार्रवाई को सफल बनाने में कोडरमा पुलिस की विशेष टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। छापेमारी दल में विभिन्न थाना प्रभारियों सहित सशस्त्र बल और एसओजी की टीम शामिल थी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मरकच्चो थाना कांड संख्या 12/2025 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## अवैध ब्राउन शुगर के साथ आठ गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई



संवाददाता

**चतरा।** चतरा पुलिस ने अवैध ब्राउन शुगर के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। चतरा सदर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 12 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में चतरा के एसडीपीओ संदीप सुमन ने अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि चतरा एसपी विकास कुमार पांडे को गुप्त सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र के बाबा घाट इलाके में अवैध ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री और सेवन किया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी टीम ने बाबा घाट मैदान में स्थित एक अर्धनिर्मित पक्के मकान में दबिश देकर आठ युवकों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से 12 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद किया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने स्पष्ट किया कि नशे के अवैध व्यापार पर लगातार सख्त निगरानी रखी जाएगी ।

## नवडीहा को प्रखंड बनाने की मांग हुई तेज, संघर्ष समिति ने दिया सीएम के नाम ज्ञापन



संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के जमुआ प्रखंड के पूर्वी छोर नवडीहा को प्रखंड बनाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। इसको लेकर मंगलवार को गिरिडीह के झंडा मैदान में नवडीहा प्रखंड निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। धरना के पश्चात संघर्ष समिति के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने गिरिडीह समाहरणालय जाकर उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा और अपनी मांगों को जोरदार तरीके से रखा। संघर्ष समिति के सचिव ओमप्रकाश महतो ने कहा कि नवडीहा प्रखंड बनने की सभी आवश्यक अहताएं पूरी करता है। इसमें सात पंचायतों के कुल 77 गांव शामिल हैं। यह कोई नई मांग नहीं है, बल्कि 2001 से यहां के लोग नवडीहा को अलग प्रखंड बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस बार सरकार ने उनकी मांग नहीं मानी, तो वे चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। संघर्ष समिति की नेत्री देवंती भारती ने कहा कि नवडीहा से जमुआ प्रखंड मुख्यालय की दूरी लगभग 18 से 20 किलोमीटर है, जिससे ग्रामीणों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सरकारी कार्यों के लिए प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचना ग्रामीणों के लिए बहुत मुश्किल होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नवडीहा, कुरहोबिंदो, मलुवाटांड, चिलगा, सियाटांड, गोरो और चोरगता झ इन सात पंचायतों के 77 गांवों को मिलाकर नवडीहा को प्रखंड का दर्जा दिया जाय। संघर्ष समिति के नेता पुरन किशोर तुरी ने कहा कि इस बार नवडीहा के लोग आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। मुस्लिम अंसारी ने कहा कि जब गढ़वा जिले का डंडा प्रखंड केवल तीन पंचायतों को मिलाकर बनाया जा सकता है, चतरा जिले का कुंदा प्रखंड पांच पंचायतों को मिलाकर बन सकता है, लावालौंग को आठ पंचायतों, गिद्धौर को छह पंचायतों और पथलगड़ा को मात्र पांच पंचायतों को मिलाकर प्रखंड का दर्जा दिया जा सकता है, तो फिर नवडीहा के साथ यह भेदभाव क्यों किया जा रहा है। इस धरना प्रदर्शन में नवडीहा प्रखंड निर्माण संघर्ष समिति के कई प्रमुख सदस्य शामिल हुए, कुसुम देवी, ललिता देवी और निशा कुमारी सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया।

## फोरलेन निर्माण में देरी और धूल प्रदूषण को लेकर माले नेता ने कार्यपालक अभियंता को सौंपा ज्ञापन



संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में लंबे समय से चल रहे फोरलेन सड़क निर्माण कार्य में हो रही देरी और धूलकणों के कारण आम जनता को हो रही परेशानी को लेकर माले नेता राजेश सिन्हा ने पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने निर्माण कार्य की धीमी गति और उसकी गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए। ज्ञापन में यह मांग की गई कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और सड़क पर उड़ रहे धूलकणों को नियंत्रित करने के लिए प्रतिदिन तीन बार टैंकर से पानी का छिड़काव किया जाए, ताकि राहगीरों और दुकानदारों को राहत मिल सके। कार्यपालक अभियंता राम विलास सिंह ने कहा कि विभाग इस समस्या से अवगत है और जल्द ही संवेदक को तेजी से काम पूरा करने का निर्देश दिया गया है। गिरिडीह के कल्याणडीह से जेपी चौक तक फोरलेन का निर्माण कार्य जारी है, जिसे पूरा होने के बाद जिले के लिए ऐतिहासिक कार्य माना जाएगा। लेकिन इसके बावजूद, पचंबा रोड पर अब भी कई जगहों पर नालियों का निर्माण चल रहा है और कहीं-कहीं सड़क का काम अधूरा पड़ा हुआ है। राजेश सिन्हा ने कहा कि संवेदक को एक साल के भीतर निर्माण कार्य पूरा करना था, लेकिन अब समयसीमा समाप्त होने के बावजूद सड़क निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। इस कारण हजारों दुकानदारों, लाखों छात्रों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धूलकणों के कारण व्यापार चौपट हो गया है और आम लोग लगातार परेशान हैं। उन्होंने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर निर्माण कार्य में कोई सुधार नहीं किया गया और धूल नियंत्रण के लिए उचित कदम नहीं उठाए गए, तो माले पार्टी झंडा-बैनर के साथ सड़कों पर उतरकर जनता को जागरूक करने का अभियान चलाएगी और प्रशासन पर दबाव बनाएगी।

## राजकीय इटखोरी महोत्सव का भव्य शुभारंभ



संवाददाता

**इटखोरी।** इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन आज बुधवार को किया जाएगा। इस भव्य आयोजन का शुभारंभ झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार करेंगे। मंत्री दोपहर 3:00 बजे इटखोरी पहुंचेंगे और मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद इस महोत्सव का विधिवत उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उनके साथ-साथ सांसद कालीचरण सिंह, सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल, चतरा विधायक जनार्दन पासवान समेत कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। इटखोरी महोत्सव 19 फरवरी से 21 फरवरी तक चलेगा, जिसमें बॉलीवुड के प्रसिद्ध कलाकारों के अलावा झारखंड और चतरा जिले के कई स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मनोरंजन करेंगे। महोत्सव को लेकर स्थानीय लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है और वे बड़ी संख्या में इसमें भाग लेने के लिए तैयार हैं।

## दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित होगा

संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा जिले में दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक यंत्र और उपकरण वितरण हेतु एक विशेष पंजीकरण और परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर ए डी आई पी / आर वी वाई योजना के तहत ए आई एल एम सी ओ भुवनेश्वर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर के आयोजन के संबंध में उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लाभार्थियों को इस शिविर का लाभ लेना चाहिए। शिविर के दौरान ऐसे दिव्यांगजन, जिनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं बना है, उनका प्रमाण पत्र बनाने के लिए मेडिकल टीम की विशेष



व्यवस्था की गई है। इस टीम में ऑर्थोपेडिक, ईएनटी, डेंटल स्पेशलिस्ट एवं ऑडियोलॉजिस्ट शामिल होंगे। शिविरों के प्रचार-प्रसार के लिए जिला पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वे सभी मुखिया लोगों को इस आयोजन की जानकारी दें।

साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में शिविर आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।

**शिविरों का आयोजन इन तिथियों और स्थानों पर किया जाएगा**

20 फरवरी 2025 -प्रखंड परिसर, डोमचांच

21 फरवरी 2025 -प्रखंड परिसर, कोडरमा

22 फरवरी 2025 - प्रखंड परिसर, चंदवारा

24 फरवरी 2025 -प्रखंड परिसर, मरकच्चो

25 फरवरी 2025 - प्रखंड परिसर, जयनगर

27 फरवरी 2025- प्रखंड परिसर, सतगावां

इस शिविर में दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यक सहायक उपकरण नि:शुल्क प्रदान किए जाएंगे। सभी संबंधित अधिकारीगण इस शिविर को सफल बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

## गांडेय के कोहबरा गांव के किसी घर को नहीं मिलता 'नल-जल योजना' का पानी, राजेश यादव ने कहा
# गांव जाने को सड़क भी नहीं, विकास से रखा गया है कोसों दूर

**22 फरवरी को गांडेय में प्रशासन से की जाएगी समस्या समाधान की मांग**

**हल नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी**



संवाददाता

**गिरिडीह।** गांडेय के मेदिनीसारे पंचायत के कोहबरा गांव के किसी भी घर को महत्वाकांक्षी 'नल जल योजना' के तहत बैठाई गई टंकी से पानी नहीं मिल रहा, यहां तक कि टंकी उद्घाटन के समय भी उन्हें पानी नसीब नहीं हुआ। मजबूरन एकाध चापानल के सहारे ही लोग किसी तरह समय काट रहे हैं। आज गांव में पानी के संकट सहित कई अन्य सवालों को लेकर पूर्व जिप सदस्य सह फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव ने एक बैठक कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। गौरतलब है कि, गांव में जाने के लिए आज तक सड़क तक नहीं बनी है। ग्रामीणों के लिए मिट्टी से जुड़े रोजगार के सवाल हैं, लेकिन अगल-बगल बड़े तालाब निर्माण में भी इनके लिए काम नसीब नहीं, क्योंकि टेंडर वर्क के तहत काम मशीन से ही निपटा दिए जा रहे हैं। जन सवालों से अवगत होने के उपरांत फाब्ला नेता ने कहा कि, जनता के कोई बुनियादी सवाल जब हल नहीं होते, तो फिर किस मुंह से इनसे वोट लिया जाता है। कहा कि, जनता अपने ज्वलंत मुद्दों पर एकजुट होकर आंदोलन की तैयारी करे। बिना लड़े कुछ मिलने वाला नहीं है। श्री यादव ने गांव में ग्राम कमिटी गठन करने तथा आगामी 22 फरवरी को गांडेय में आहूत किसान-मजदूरों की मीटिंग में भाग लेने की भी अपील की। आज की बैठक में मुख्य रूप से फॉरवर्ड ब्लॉक नेता श्यामकिशोर हांसदा सहित पोरन सोरेन, बाबूश्वर सोरेन, रूपलाल सोरेन, सोनालाल हेंब्रम, बीरालाल हेंब्रम, शिवलाल सोरेन, सोनाराम सोरेन, सोनामुनि टुडू, सोनिया हांसदा, सुफाली टुडू, सीतामुनि हेंब्रम, फूलमुनी मुर्मू, फूलमुनी टुडू सहित कई अन्य मौजूद थे।

## तेलोडीह में लगा नया केबल और ट्रांसफार्मर



संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के गांडेय विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेलोडीह के कुसुमाटांड़ टोला में बिजली समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को आखिरकार राहत मिल गई है। यहां 1600 मीटर नया केबल बिछाया गया और 200 केवी का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया।

इस टोले में पिछले 50 वर्षों से सिर्फ एक ट्रांसफार्मर था, जिससे सैकड़ों उपभोक्ताओं को लगातार लो-वोल्टेज और बार-बार तार कटने की समस्या से जूझना पड़ता था। इस समस्या के समाधान के लिए मुखिया शब्बीर आलम ने गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू को आवेदन दिया था, जिसके बाद विधायक के प्रयासों से यह कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया।ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया और उनकी त्वरित कार्यवाही की सराहना की। इस अवसर पर मुखिया शब्बीर आलम, समाजसेवी जमीरुद्दीन अंसारी, मुस्तफा अंसारी, कुर्बान अंसारी, यासीन अंसारी, गुलजार अंसारी, इकबाल अंसारी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। इस नई व्यवस्था से ग्रामीणों को अब स्थायी रूप से बेहतर बिजली आपूर्ति मिलेगी और लो-वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी।

# संक्षिप्त खबरें

## मौसम में बदलाव, 20 से 22 तक हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना

**धनबाद।** झारखंड के धनबाद जिले में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार, 20 से 22 फरवरी के बीच हल्की बारिश हो सकती है और वज्रपात की भी आशंका है। विभाग ने येलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की सलाह दी है। बुधवार से आसमान में बादल छाने लगेंगे और 20 फरवरी से बारिश की संभावना बनी हुई है। तापमान में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 29.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में धूप तेज रही, लेकिन शाम के समय हल्की ठंडी हवा महसूस की गई। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की अपील की है। खासकर खुले स्थानों पर जाने से बचने और वज्रपात से बचाव के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

## जिप सदस्य ने किया नाला निर्माण का शिलान्यास



**कुमारधुबी।** जिला परिषद सदस्य मो० गुलाम कुरैशी ने बुधवार को शिवलीबाड़ी संजयनगर में 15 वें वित्त मद से नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की शुरूआत की। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले कच्चे नाले से गंदा पानी बहता रहता था, जिससे आवागमन में परेशानी होती थी। जिप सदस्य द्वारा नाले के पक्कीकरण की पहल सराहनीय है। मो. कुरैशी ने कहा कि यहां के निवासियों को लंबे समय से कच्चे नाले के कारण असुविधा हो रही थी। उनकी मांग को ध्यान में रखते हुए 5.42 लाख रुपये की लागत से 400 फीट लंबा नाला निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने ठेकेदार को नाला निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए जिप सदस्य का आभार व्यक्त किया।

## शिव महापुराण कथा का शुभारंभ, श्रद्धालुओं ने सुनी पावन गाथा

**कुमारधुबी।** धर्म उत्थान समिति के तत्वावधान में जुनकुंदर ब्रह्मस्थान स्थित मंगल मूर्ति धाम में बुधवार से सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। कथा वाचक उत्तम कृष्ण शास्त्री ने भक्तों को भगवान शिव की महिमा सुनाई। उन्होंने कथा के दौरान बताया कि चंचला देवी जब कामवासना के प्रभाव में आ गईं, तब भगवान शिव की कथा ने उनके जीवन का उद्धार किया। उन्होंने कहा कि जब जीव सांसारिक विषयों में उलझ जाता है, तो सही-गलत का निर्णय करने में कठिनाई होती है। चंचला देवी भी अपने पति को पथभ्रष्ट होते देख मार्ग से विचलित हो गई थीं, जिससे उनके जीवन में बुराई का प्रवेश हुआ। लेकिन शिव महापुराण कथा के श्रवण से उनके जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य जागृत हुआ और उन्हें शिवलोक की प्राप्ति हुई।कथा के दौरान देवराज ब्राह्मण और विंदु ब्राह्मण के जीवन उद्धार का प्रसंग भी सुनाया गया। कथा के मुख्य यजमान सुनील साव एवं उनकी पत्नी बसंती देवी थे। विधायक रागिनी सिंह भी इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुईं।कार्यक्रम में भरत सिंह, गुड्डू सिंह, रिंटू पाठक, राजू चौहान, इंद्रदेव प्रसाद, वीरेंद्र अटल, भोला चौहान, पप्पू शर्मा, मंटू ठाकुर, शैलेश सिंह, अरुण मोदी, वीरु राय, संतोष प्रसाद, कमलेश यादव, राजेश्वर साव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## रिद्धिस स्ट्राइकर्स ने जीता कुसमाटांड़ प्रीमियर लीग का खिताब



**बलियापुर।** बलियापुर प्रखंड अंतर्गत कुसमाटांड़ खेल मैदान में आयोजित कुसमाटांड़ प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में रिद्धिस स्ट्राइकर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मिस्टी 11 को हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि सिंदरी के युवाओं में खेल के प्रति गहरी रुचि है। इसे ध्यान में रखते हुए सिंदरी में जल्द ही एक क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा और खेल अकादमी की स्थापना भी होगी। विजेता टीम को विधायक ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और खेल प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन हुआ।

# जरूरत पड़ी तो अधिकारियों से मौके पर कार्य करवाया जाएगा: चंद्रदेव

### पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल मंत्री को भी सिंदरी बुलाने से पीछे नहीं हटेंगे : चंद्रदेव महतो



संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी बस्ती काली मंदिर प्रांगण में विस्थापित मोर्चा द्वारा सिंदरी विधायक माननीय चंद्रदेव महतो का स्वागत समारोह किया गया। साथ हीं सिंदरी बस्ती के लोगों ने हो रही समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। जिसमें मुख्य रूप से हर्ले कम्पनी द्वारा नगरनिगम से फिल्टर जल की समस्या एवं प्रमाणपत्र बनाने की समस्याएं रखी। बस्तीवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए विधायक चंद्रदेव महतो ने आश्वासन दिया कि सिंदरी बस्ती के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो सीओ अंचल अधिकारी को मौके पर बैठाकर कार्य करवाया जाएगा और पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल मंत्री को भी सिंदरी बुलाने से पीछे नहीं हटेंगे। मौके पर पारसद गोपाल महतो,अनिल कुमार मंडल, भगति पद पाल, जयदेव पाल, राजाराम महतो, सपन मंडल, सपन सरकार, संजय महतो, गोपाल पाल, गौतम दत्ता तथा अन्य स्थानीय लोग मौजूद थे।

# असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क कैंसर जागरूकता शिविर आयोजित




संवाददाता

**धनबाद।** असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा धनबाद प्रखंड के दामोदरपुर पंचायत में कैंसर जागरूकता एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय को कैंसर के प्रति जागरूक करना और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान करना था। इस शिविर में असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने समुदाय आधारित मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत कैंसर की प्रारंभिक पहचान, उपचार के तरीके और निवारण उपायों के बारे में जानकारी दी। शिविर में रक्तचाप, आरबीएस, पल्स, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन और अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया और इस पहल की सराहना की। ट्रस्ट की स्वास्थ्य टीम ने बताया कि समय पर कैंसर का निदान और उपचार जीवन बचा सकता है। इस अवसर पर ट्रस्ट ने भविष्य में भी इस तरह के और अधिक शिविर आयोजित करने का संकल्प लिया।

# रोटरी क्लब ऑफ धनबाद ने किया वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



संवाददाता

**धनबाद।** रोटरी क्लब ऑफ धनबाद द्वारा जीवन ज्योति विशेष विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ चेन्नई, मेराकी की तीन महिला सदस्य प्लांटेशन ड्राइव - स्प्रेड द विंग्स कार्यक्रम के तहत धनबाद पहुंचीं। रोटरी क्लब ऑफ चेन्नई मेराकी की कोटांगी सुचित्रा ने बताया कि वे तीनों महिलाएं 13 दिनों तक 6360 किलोमीटर की यात्रा कर चेन्नई से काठमांडू तक कार से जाते हुए विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण कर रही हैं। इस अभियान के तहत आज धनबाद में भी वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरणविद शिवबाला देवी ने सभी से प्रत्येक वर्ष कम से कम एक वृक्ष लगाने की अपील की, जिससे धरती हरी-भरी बनी रहे और भावी पीढ़ी को स्वच्छ व सुंदर वातावरण मिल सके। उन्होंने जीवन ज्योति एवं रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के कार्यों की सराहना की और पुनः आगमन की उम्मीद जताई। रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के अध्यक्ष राहुल व्यास के नेतृत्व में इस दल ने विद्यालय प्रांगण में पाँच फलदार वृक्ष लगाए। इसके पश्चात, जीवन ज्योति विशेष विद्यालय की ओर से बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स एवं पौधे उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। क्लब अध्यक्ष ने झंडा दिखाकर दल को आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के अध्यक्ष राहुल व्यास, अभिषेक अग्रवाल, सुश्री अपर्णा दास प्राचार्या, जीवन ज्योति तथा प्लांटेशन ड्राइव - स्प्रेड द विंग्स की सदस्य शिवबाला देवी, कोटांगी सुचित्रा और सरवाना सालवी उपस्थित रहीं।

# कांग्रेस नेता अशोक सिंह ने झारखंड प्रभारी से की मुलाकात, संगठन को मजबूत करने पर हुई चर्चा



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने मंगलवार को झारखंड के नवनियुक्त कांग्रेस प्रभारी के. राजू से दिल्ली में मुलाकात की। यह मुलाकात एआईसीसी कार्यालय में हुई, जहां अशोक सिंह ने उन्हें अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने के. राजू को झारखंड आने का निमंत्रण दिया और प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। झारखंड के नवनियुक्त प्रभारी ने अशोक सिंह से राज्य में कांग्रेस की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से धनबाद जिले में पार्टी की गतिविधियों, उसकी मजबूती और कमजोरियों पर चर्चा की। कांग्रेस प्रभारी ने इस बात पर जोर दिया कि पार्टी को जिला और पंचायत स्तर तक कैसे मजबूत किया जा सकता है और इसके लिए क्या कार्ययोजनाएं बनाई जानी चाहिए। अशोक सिंह ने उन्हें धनबाद में कांग्रेस संगठन की स्थिति से अवगत कराते हुए आवश्यक सुधारों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा देने की आवश्यकता है और नवनियुक्त प्रभारी के नेतृत्व में पार्टी को और मजबूती मिलेगी। के. राजू प्रशासनिक अधिकारी रह चुके हैं और उन्हें संगठनात्मक कार्यों का व्यापक अनुभव है। उनके मार्गदर्शन में पार्टी के कार्यकताओं को नई दिशा मिलेगी और झारखंड में कांग्रेस को पुनः सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। सूत्रों के अनुसार, झारखंड के नए प्रभारी ने राज्य के सभी छोटे-बड़े नेताओं का प्रोफाइल मंगवाया है और चुनाव से पहले किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष को भी दिल्ली बुलाया गया है, ताकि झारखंड कांग्रेस की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की जा सके। कांग्रेस नेतृत्व ने झारखंड प्रभारी को बदलकर संगठन में सुधार का संकेत दिया है और मंत्रियों के कार्यों की समीक्षा भी की जा रही है। अशोक सिंह ने कहा कि नए प्रभारी के नेतृत्व में झारखंड कांग्रेस को निश्चित रूप से मजबूती मिलेगी और जिला स्तर पर ही नहीं बल्कि पंचायत स्तर तक संगठन का विस्तार होगा।

# देश भर में चौक तो बहुत है लेकिन किसान चौक सिर्फ एक



संवाददाता

**धनबाद।** देश भर में चौक तो बहुत है लेकिन किसान चौक सिर्फ एक है। जी हां देश भर में अनेक चौक चौराहे है जिनका नाम शहीदों के नाम पर, नेताओं के नाम पर, क्रांतिकारियों के नाम पर, महात्माओं के नाम पर या अन्य लोगों के नाम पर रखा गया है। परंतु बरवाअड्डा के किसान चौक ने सचमुच रणजीत बाबू को अमर कर दिया है। बरवाअड्डा स्थित किसान चौक का 33 वा स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें किसानों की समस्याओं को उठाते हुए किसान विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धरमजीत सिंह ने राजनीति से ऊपर उठते हुए लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि को आमंत्रित किया था और सभी ने अपने अपने वक्तव्य में किसानों की समस्याओं का जिक्र करते हुए उनके निष्पादन के उपाय ,किसानों के लिए आवाज उठाने की बातें कही। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय रणजीत बाबू के लिए 1, मिनिट का मौन रख कर किया गया। झारखंड के पारंपरिक नृत्य गान और ओजस्वी भाषण ने वहां उपस्थित सैकड़ों लोगों को आकर्षित किया। यदि जन प्रतिनिधि की बात करें तो धनबाद विधायक राज सिन्हा, टुंडी विधायक मथुरा महतो, निरसा की पूर्व विधायक अपर्णा सेन गुप्ता, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह के अतिरिक्त कई गण्यमान्य लोग कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे। सभी का सत्कार पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र देकर किया गया। साथ हीं किसान चौक पर लगी किसान की प्रतिमा पर सभी ने माल्यार्पण किया।

# कर्तव्य महिला समिति गोविंदपुर एरिया ने जरूरतमंदों के बीच वितरित की खाद्य सामग्री




### समाज सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं : मिली दत्ता

संवाददाता

**कतरास।** दीक्षा महिला मंडल एवं कर्तव्य महिला समिति गोविंदपुर एरिया के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को गोविंदपुर एरिया अतिथि गृह में एक सौ से अधिक जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।सादे समारोह को संबोधित करते हुए दीक्षा महिला समिति की अध्यक्ष मिली दत्ता ने कहा कि महिला समिति एरिया वन से लेकर एरिया बारह तक समाज के जरूरतमंद लोगों को सामाजिक कार्यों के तहत सहायता प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। कर्तव्य महिला समिति गोविंदपुर एरिया की अध्यक्ष चित्रा साहा ने बताया कि समिति हमेशा सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाती है। इस अवसर पर दीक्षा महिला समिति की उपाध्यक्ष पुर्विता रमैया, महिला समिति की सदस्य सीमा जायसवाल, कंचन कुमार, सुनीता विजय कुमार, मुसरत कलीम, माला झा, कुहेली देवाशी, कोमल खरे, सुनीता कुमार, रीना दत्ता, सुनीता सिंह आदि उपस्थित थे।

# पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के चौथे दिन नगर भ्रमण के साथ प्रतिमा स्थापित



संवाददाता

**कतरास।** पुराना श्यामबाजार स्थित छह नंबर चानक के समीप नव निर्मित शिव परिवार व हनुमान मंदिर के पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के चौथे दिन बुधवार को नगर भ्रमण के साथ प्रतिमा स्थापित की गई। इससे पूर्व आचार्य बालकरण शास्त्री, प्रवेश कुमार पांडेय, अरविंद पांडेय, गणेश पांडेय व मनोज पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना और हवन संपन्न कराया। देवी-देवताओं की प्रतिमा पर हल्दी चढ़ाने के बाद सुसज्जित रथ में नगर भ्रमण कराया गया। यह यात्रा पुराना श्यामबाजार से शुरू होकर नया श्यामबाजार, मोदीडीह सात नंबर, मोदीडीह बस्ती, शबरी आश्रम, जोगता मोड़ होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंची। भक्ति गीतों और जयकारों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। यजमान रामलाल भुइयां एवं उनकी पत्नी गीता देवी, संतोष रजवार एवं उनकी पत्नी ज्ञानती देवी, बिक्की कुमार साव एवं उनकी पत्नी प्रतिमा देवी ने विधिपूर्वक प्रतिमा स्थापित की। महिलाओं एवं युवतियों द्वारा देवी-देवताओं के गुणगान किए गए। प्रतिमा का श्रृंगार कर भव्य महाआरती की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद वितरित किया गया, जिसमें आसपास के श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर संदीप गुप्ता, भोला राम, देवनारायण रजवार, रामा साव, राहुल राज, कामेश्वर भुइयां, दिनेश रजवार, आनंदी सिंह, डीडी सिंह, राजवीर प्रसाद सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

# महाकुंभ के लिए उमड़ रहा श्रद्धालुओं का सैलाब, ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं



संवाददाता

**धनबाद।** प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे ट्रेनों में पैर रखने की भी जगह नहीं बची है। धनबाद से महाकुंभ के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन किया गया है, लेकिन यात्रियों की संख्या इतनी अधिक है कि ट्रेन की ब्रेक वैन तक में महिलाओं को बैठने के लिए मजबूर होना पड़ा। कई यात्रियों को शौचालय के बाहर बैठना पड़ा, जिससे अन्य यात्रियों को परेशानी हुई।मंगलवार को धनबाद से चार महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें रवाना हुईं। इनमें से दो ट्रेनें धनबाद स्टेशन से खुलीं, जबकि दो अन्य ट्रेनें धनबाद होकर गुजरीं। रात 11 बजे रवाना हुई एक ट्रेन की कुछ बोगियों में रोशनी की सुविधा नहीं थी, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा हुई। इसके अलावा, ट्रेन के अंदर गर्मी के कारण भी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हजारीबाग रोड स्टेशन पर भी महाकुंभ जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। रेलवे प्रशासन भीड़ को नियंत्रित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, लेकिन यात्रियों की संख्या इतनी अधिक है कि आरपीएफ और रेलवे कर्मियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त काउंटर खोले गए हैं और स्टेशन प्रबंधक, टिकट निरीक्षक और आरपीएफ अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। यात्रियों की बढ़ती संख्या के कारण कई एक्सप्रेस ट्रेनें भी विलंब से चल रही हैं। रेलवे प्रशासन यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधा देने के लिए लगातार प्रयासरत है, लेकिन महाकुंभ के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए ट्रेनों में जगह पाना मुश्किल होता जा रहा है।

# सरस्वती विद्या निकेतन का वार्षिकोत्सव संपन्न



संवाददाता

**कतरास।** मोहलीडीह हीरापुर स्थित सरस्वती विद्या निकेतन स्कूल में वार्षिकोत्सव के अवसर पर कई रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने समाज में व्याप्त बुराइयों, मोबाइल के दुष्प्रभाव, शिक्षा के महत्व, फिल्मी गीतों, भक्ति गीतों और देशभक्ति गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दीं।

विद्यार्थियों ने भारतीय सेना के शौर्य और पुलवामा अटैक के बाद की गई जवाबी कार्रवाई पर नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत कर दर्शकों को तालियों की गड़गड़ाहट से भर दिया। स्कूल के डायरेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि स्कूल ह्यूमन बीइंग काइंड एंड हैप्पी संस्था से जुड़ा हुआ है। शिक्षक एवं स्नैक कैचर एक्सपर्ट राणा प्रताप सिंह ने बताया कि यह संस्था मानव कल्याण, सामाजिक कार्य और जीव-जंतुओं की सुरक्षा व संरक्षण के लिए कार्यरत है। कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों को वीडियो के माध्यम से प्रदर्शित किया गया, जिसे अभिभावकों और आगंतुकों ने सराहा। इस अवसर पर अतिथि के रूप में डॉ० मधुमाला, मानवाधिकार संगठन के शिवेश विश्वकर्मा, आरटीआई कार्यकर्ता सह पत्रकार अरविंद सिन्हा, सौरभ प्रकाश आदि उपस्थित रहे। अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका रेखा कुमारी, सतीश सर, अशोक सर, राहुल सर, मनीष सर, आशा मैम, सपना मैम, रजनी मैम, बिजेता मैम, सोनी मैम, अनुपमा मैम, अंजली मैम सहित स्कूल एवं संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## सुभाषितम्

**सही राह पर होने के बाद भी यदि आप वहां बैठे ही रहोगे तो कोई गाड़ी आपको कुचलकर चली जायेगी - विल रोजर्स**

## जीआईएस बनेगी ह्वदयप्रदेश के लिए वरदान

एमपी में आगामी 24 और 25 फरवरी को राजधानी भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। यह ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025 प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी जो राज्य को विकास की एक नई दिशा प्रदान करेगी। इस समिट के जरिए मध्यप्रदेश ने न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को आकर्षित करने का लक्ष्य रखा है जिससे राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश की संभावनाएं बनती दिखाई दे रही हैं। इसके माध्यम से एमपी की अर्थव्यवस्था को एक ह्यबूस्टर डोजह्व मिल सकता है। मध्य प्रदेश की वर्तमान जीडीपी 2.9 लाख करोड़ रुपए है। अब मोहन सरकार जीआईएस और अपनी निवेश नीति में बदलाव कर अगले 5 सालों में इसे बेहतर करने की दिशा में मजबूती के साथ अपने कदम बढ़ाती नजर आ रही है। अगर निवेश सही से परवान चढ़ा तो वर्ष 2030 तक मध्यप्रदेश की जीडीपी लगभग 6 लाख करोड़ रुपए को पार कर सकती है। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का मुख्य उद्देश्य राज्य में उद्योग, वाणिज्य और व्यापार के क्षेत्र में निवेश बढ़ाना है। यह समिट मध्य प्रदेश के आर्थिक ढांचे को सुदृढ़ करने और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने में सहायक साबित हो सकती है। निवेश के समुचित अवसरों को देखते हुए राज्य सरकार ने विभिन्न सेक्टरों में निवेशकों को आमंत्रित किया है जिसका अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। जीआईएस 2025 एमपी के लिए न केवल निवेश के अवसर प्रदान करने का एक आयोजन है बल्कि यह राज्य को वैश्विक आर्थिक मानचित्र पर उभारने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी है। मध्यप्रदेश सरकार उद्योग के अनुकूल माहौल बनाने के लिये प्रतिबद्ध नजर आ रही है। मध्यप्रदेश पर्यटन, फार्मास्युटिकल्स, ऑटोमोबाइल, खनन डेयरी,सोलर, एमएसएमई और खाद्य प्र-संस्करण जैसे क्षेत्रों के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। मध्यप्रदेश एक्सपोर्ट प्रिपेअर्डनेस इंडेक्स में देश के शीर्ष दस राज्यों में और मध्यप्रदेश ईज-ऑफ-डूइंग बिजनेस रैंकिंग में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में से एक है।

यहां व्यापार संचालन और निवेश के लिये माहौल को अत्यधिक अनुकूल बनाया गया है। इसके साथ ही सरकारी प्रक्रियाओं को अत्यंत सरल किया गया है। इससे आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिल रहा है। प्रदेश में किये गए मुख्य सुधारों में ऑनलाइन पंजीकरण, लाइसेंसिंग और अनुमति स्वीकृति जैसी व्यावसायिक प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण और इन्वेस्ट मध्यप्रदेश विंडो प्रमुख हैं। इन्वेस्ट पोर्टल को नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम के साथ एकीकृत किया गया है। इससे निवेशकों का एमपी में तेजी से विश्वास बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की निवेशक-फ्रेंडली नीतियाँ राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनके द्वारा शुरू हुई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की पहल से एक साल के भीतर निवेशकों के लिए एक आकर्षक माहौल तैयार हुआ है। उन्होंने राज्य में औद्योगिक विकास के लिए एक मजबूत नीति तैयार की जिसमें स्थिरता और पारदर्शिता की गारंटी दी गई। इसने निवेशकों का दिल जीता और मोहन के प्रति विश्वास बढ़ाया जिसने राज्य में निवेश बढ़ाने के मार्ग खोले। निवेशकों के लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलू पारदर्शी प्रशासन रहता है। सीएम डॉ.मोहन यादव ने अपने एक साल के छोटे से कार्यकाल में यह सुनिश्चित किया कि राज्य में प्रशासनिक प्रक्रियाएं पारदर्शी हों जिससे निवेशकों को कानूनी और प्रशासनिक अड़चनों का सामना न करना पड़े। उन्होंने अपने सुशासन में कई व्यवस्थाओं का डिजिटलीकरण किया जिससे उनके प्रशासन में उद्योगपतियों का विश्वास तेजी बढ़ा और निवेशक एमपी में इनवेस्ट करने में रुचि लेने लगे।


उनके द्वारा किए गए सुधारों से राज्य में विदेशी कंपनियों के लिए अनुकूल माहौल तैयार हुआ जिससे राज्य में विदेशी निवेश परवान चढ़ रहा है और कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने यहां अपनी उत्पादन इकाइयां स्थापित करने में रूचि दिखा रही हैं। मध्यप्रदेश में निवेशकों के लिए 1.25 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र की औद्योगिक भूमि-बैंक है। इसमें से 19,011 हेक्टेयर क्षेत्र उद्योगों के लिए विकसित किए जा चुके हैं । राज्य में 76 विकसित 19 विकासाधीन और 13 प्रस्तावित भूमि-बैंक हैं जो 5 ग्रोथ सेंटर्स में फैले 79 भूखंडों में वितरित हैं। टैक्सटाइल नीति के अंतर्गत संयंत्र और मशीनरी के लिए गए टर्मलोन पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान सुविधा 5 वर्षों के लिए अधिकतम, 50 करोड़ रुपए प्रदाय की जाएगी। अपेरल प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना पर 25 प्रतिशत सहायता अधिकतम 50 लाख रुपए वित्तीय सहायता प्रदाय की जाएगी साथ ही 500 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करने वाली मेगा श्रेणी की इकाईयां सीसीआईपी अंतर्गत कस्टमाइज्ड पैकेज के लिए पात्र होंगी। नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण नीति में विकास शुल्क में 50 प्रतिशत की रियायत दी जाएगी। गुणवत्ता प्रमाणन लागत का 50 प्रतिशत या 1 लाख रुपए जो भी कम हो, की प्रतिपूर्ति की जाएगी। 250 करोड़ से अधिक का निवेश करने वाली मेगा श्रेणी की इकाइयां सीसीआईपी अंतर्गत कस्टामाइज्ड पैकज के लिए पात्र होंगे जाएगी।

# वर्तमान युग में क्यों महत्वपूर्ण हैं गुरुजी की शिक्षाएं

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दूसरे सरसंघचालक श्री माधवराव सदाशिव गोलवलकर, जिन्हें सभी लोग गुरुजी के नाम से पुकारते हैं, उनका दर्शन और विश्वदृष्टि, सनातन धर्म के ठोस और वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित थी, जिससे उनका दृष्टिकोण स्पष्ट और असंदिग्ध था। इसका मतलब यह नहीं है कि उनके विचार प्राचीन सिद्धांतों से अडिग रूप से बंधे हुए थे। सेमेटिक धर्मों के विपरीत, हिंदू धर्म ने लगातार लचीलापन और अनुकूलनशीलता का प्रदर्शन किया है। सनातन धर्म मौलिक और शाश्वत है, फिर भी हमारे ऋषियों ने समय के निरंतर बीतने के कारण परिवर्तन की अनिवार्यता को पहचाना। नतीजतन, सनातन धर्म के सिद्धांतों को आंख मूंदकर या कट्टरता से नहीं बल्कि सोच-समझकर और प्रासंगिक रूप से लागू किया जाना चाहिए। गुरुजी ने इस अंतर को अच्छी तरह से समझा और तदनुसार मार्गदर्शन प्रदान किया। जीवों में एक सुखी, देखभाल करने वाला और शांतिपूर्ण जीवन जीने की एक अंतर्निहित प्रवृत्ति होती है। हालाँकि, जैसे-जैसे दुनिया ने पश्चिमीकरण को अपनाया है, विकसित भौतिकवादी मानसिकता ने प्रत्येक व्यक्ति के जीवन पर भारी असर डाला है, जिससे वे अपने आसपास की शांति, आनंद और सामंजस्य खो रहे हैं।

अधिकांश लोग लालच, शत्रुता, विनाशकारी मानसिकता और अहंकारी रवैये जैसी कई नकारात्मक विशेषताओं के साथ एक यांत्रिक अस्तित्व जीते हैं, मानवता की भावना को खो रहे हैं और प्रकृति के विरुद्ध काम कर रहे हैं। महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति और उच्च जीवन स्तर के बावजूद, दुनिया भर के व्यक्ति दुखी, असंतुष्ट हैं और सामाजिक अस्थिरता पैदा कर रहे हैं। पश्चिमी उपभोक्तावाद की अवधारणा हानिकारक है, क्योंकि यह व्यक्तियों को केवल वस्तुओं और ग्राहकों के रूप में देखता है। इससे सभी उपलब्ध रास्तों का शोषण होता है, अक्सर मानवता और पर्यावरण अखंडता की कीमत पर। इसके अलावा, विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को सामाजिक संबंध और कल्याण को बढ़ावा देने के बजाय उपभोक्तावाद पर ध्यान केंद्रित करके डिजाइन



किया गया है। इसलिए गुरुजी की शिक्षाएँ आज की दुनिया में अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्हें समाज, राष्ट्र और विश्व के सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक आयामों की पूरी जानकारी है। उनकी कुछ शिक्षाएं हमारी बेहतर समझ के लिए प्रस्तुत हैं।

**गुरुजी के आर्थिक, राजनीतिक और स्वदेशी सिद्धांत**

किसी समाज की राजनीतिक, सामाजिक या आर्थिक व्यवस्था में होने वाले परिवर्तन का प्रभाव पूर्ण समाज पर भी पड़ सकता है। गुरुजी ने एक एकीकृत सामाजिक-राजनीतिक-आर्थिक दृष्टिकोण विकसित किया। उन्होंने भारतीय दर्शन, संस्कृति, धर्म और साहित्य के साथ-साथ समाजवाद, मार्क्सवाद और पश्चिमीकरण जैसी पश्चिमी विचारधाराओं का भी गहन अध्ययन किया। अपने व्याख्यानों और भाषणों में उन्होंने मार्क्सवाद और पश्चिमीकरण दोनों की आलोचना की। वे अक्सर भारतीय दर्शन और साहित्य की तुलना मार्क्सवाद और उसकी विचारधारा से करते थे। गुरुजी ने मार्क्सवाद के आर्थिक नियतिवाद, द्वंद्वात्मक भौतिकवाद और वर्ग संघर्ष के मूल सिद्धांतों को खारिज कर दिया।

उनका मानना था कि न तो साम्यवाद और न ही पूंजीवाद दुनिया को एकजुट कर सकता है। उन्होंने जो स्पष्टीकरण दिया वह आवश्यक था। भौतिकवादी विचारधारा, जो मनुष्यों को भौतिक पशु मानती है और भौतिक हितों को प्राथमिकता देती है, एकता और सद्भाव के बजाय प्रतिस्पर्धा और संघर्ष को जन्म देती है। तर्क सीधा है। भौतिक स्तर पर, केवल विविधता और अंतर है। वे अलगाववाद और बहिष्कार को बढ़ावा देते हैं। जो व्यक्ति केवल भौतिक वास्तविकता पर ध्यान केंद्रित करते हैं, उनमें एकता और एकीकरण की कमी हो सकती है। सहयोग पर विचार करने का कोई कारण नहीं है। जब हम स्पष्ट मतभेदों से परे देखते हैं, तो हम एक सूक्ष्म एकता देख सकते हैं जो सभी स्थूल प्राणियों को एक सुसंगत पूल में जोड़ती है। गुरुजी के अनुसार, भौतिकवादी मानते हैं कि हम सभी स्वतंत्र व्यक्ति हैं जिनका कोई सामान्य संबंध या लगाव नहीं है। कार्ल मार्क्स के सिद्धांत वर्ग संघर्ष और पूंजीवाद पर वर्गहीन समाज की जीत पर केंद्रित हैं। उन्होंने इस धारणा को खारिज कर दिया कि आपसी नापसंदगी और दुश्मनी सफलता की ओर ले जा सकती है। उन्हें लगा कि साम्यवाद वर्ग विभाजन और नफरत पैदा कर सकता है, जो अंततः वर्ग संघर्ष को जन्म देता है। कार्ल मार्क्स की विचारधारा कटुता और आपसी दुश्मनी पर जोर देती है। उन्होंने राष्ट्र को मजबूत करने के लिए वर्ग शांति, सहयोग और आपसी समझ पर जोर दिया। उनका मानना था कि वर्ग भेद समाज को विभाजित करते हैं, जो राष्ट्र के लिए हानिकारक है। सोवियत संघ और चीन को व्यापक रूप से मार्क्सवादी-आधारित साम्यवाद के सबसे प्रमुख उदाहरण माना जाता है। उनके अनुसार, चीन और रूस ने ऐतिहासिक रूप से सत्ता हासिल करने के लिए समाजवाद का इस्तेमाल किया है, जिसके कारण विनाशकारी कदम उठाए गए हैं। दोनों देशों में प्रभुत्व के भूखे अधिकारियों ने राजनीतिक प्रभुत्व हासिल करने के लिए ऐतिहासिक रूप से अपने ही नागरिकों को नुकसान पहुंचाया है। चीन और रूस उन्नत और विकसित होने का दावा करते हैं, लेकिन दोनों का लक्ष्य वैश्विक प्रभुत्व स्थापित करना है। गुरुजी इस स्वभाव और व्यवहार को राक्षसी मानते हैं।

उपभोक्तावाद हिंदू संस्कृति के लोकाचार के साथ असंगत है। हमारा आदर्श वाक्य ₹अधिकतम उत्पादन और समान वितरण₹ होना चाहिए, जिसमें राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता हमारा तात्कालिक लक्ष्य हो। बेरोजगारी और अल्परोजगार को युद्ध स्तर पर संबोधित किया जाना चाहिए। जबकि औद्योगीकरण आवश्यक है, लेकिन इसे पश्चिम की नासमझ प्रतिकृति होने की आवश्यकता नहीं है। प्रकृति का दोहन किया जाना चाहिए, शोषण नहीं। पारिस्थितिकी कारक, प्राकृतिक संतुलन और भावी पीढ़ियों की जरूरतों पर विचार किया जाना चाहिए। पारिस्थितिकी, अर्थशास्त्र और नैतिकता सभी पर एक साथ विचार किया जाना चाहिए। प्रत्येक नव स्वतंत्र राष्ट्र के नेतृत्व की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अपने नागरिकों की मानसिक संरचना में आवश्यक परिवर्तन को प्रभावित करना है। गुरुजी नव स्वतंत्र भारत की मानसिकता से अच्छी तरह वाकिफ थे। अंग्रेजों ने भारत को न केवल राजनीतिक और आर्थिक रूप से गुलाम बनाया था, बल्कि जीवन के सभी पहलुओं में सांस्कृतिक रूप से भी गुलाम बनाया था। वे अपनी दुर्भावनापूर्ण योजनाओं में काफी हद तक सफल भी हुए थे।

हमारे स्वतंत्रता संग्राम के नेताओं ने इस सत्य को समझा और स्वदेशी, गोरक्षा, स्वभाषा, हिंदी आदि पर जोर देकर इस आत्मघाती मानसिकता को खत्म करने का प्रयास किया। डॉक्टर जी का अनुसरण करते हुए गुरुजी ने संघ के माध्यम से लोगों में इन विचारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कई पहल की। स्वदेशी पर उनका विश्वास सर्वव्यापी था। स्वदेशी की उनकी अवधारणा स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग तक सीमित नहीं थी; इसमें दैनिक जीवन के सभी तत्व शामिल थे, जैसे कि हमारी मूल भाषाओं में विवाह के निमंत्रण या कार्यक्रम की बधाई भेजना, साथ ही हिंदू परंपरा के अनुसार जन्मदिन मनाना आदि। इन दृष्टिकोणों का विशेष महत्व है। ये केवल दार्शनिक ग्रंथ नहीं हैं। गुरुजी केवल एक बौद्धिक दार्शनिक से कहीं अधिक थे। वे हिंदू दर्शन और उसकी जटिलताओं को अच्छी तरह समझते थे। एक व्यावहारिक नेता और राष्ट्रव्यापी आंदोलन के मार्गदर्शक के रूप में उन्होंने अपने दर्शन को व्यक्तिगत अनुभव और प्रयोग के माध्यम से परखा। वे वास्तविक दुनिया के मुद्दों और चुनौतियों पर केंद्रित रहे। उनका दृष्टिकोण हिंदू आध्यात्मिक परंपरा पर आधारित होने के बावजूद अत्यधिक व्यावहारिक था।

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मजबूत व रचनात्मक विपक्ष जरूरी



**प्रियंका सौरभ**

लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा। लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चचाओं पर टीका-टिप्पणी व हंगामे के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है। अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार और विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है। पक्षपातपूर्ण मुद्दों का उपयोग अक्सर उन महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के लिए किया जाता है, जिनके लिए व्यापक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता होती है, जैसे विदेश नीति और तकनीकी विकास। संसदीय चर्चाओं की प्रभावशीलता तब कम हो जाती है जब राजनीतिक दुश्मनी के कारण चर्चा के बजाय अशांति पैदा होती है। सरकार का विधायी एजेंडा और विपक्ष के साथ सार्थक तरीके से बातचीत करने की अनिच्छा यह दशार्ती है कि वह अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। संसदीय प्रक्रियाओं द्वारा चर्चा और नीति सुधार को सुगम बनाया जाना चाहिए, लेकिन बढ़ती पक्षपातपूर्णता ने इन प्रक्रियाओं को कमजोर कर दिया है। महत्त्वपूर्ण नीतियों पर पूर्व-विधान परामर्श और चर्चाएं अधिक प्रयास से नहीं हो पा रही हैं। सरकार को नियंत्रण और संतुलन



बनाए रखने के लिए मजबूत विपक्ष की आवश्यकता है। इस बात को समझते हुए अमेरिकी संस्थापकों ने सरकार के कई स्तर स्थापित किये।

वे सरकार को लेकर बहुत सतर्क थे, यही कारण है कि उन्हें लगता था कि इसे चलाना कठिन और जटिल है। वे अन्य सदस्यों द्वारा कानून पारित होने से रोकने के लिए वैध लेकिन अनैतिक साधनों के प्रयोग से अनभिज्ञ थे। विधेयक पर बातचीत करते हुए उसे समाप्त कर देना या विधेयक पर बात न करना का तात्पर्य अनावश्यक भाषणबाजी और समय की बबार्दी से है जिसका उद्देश्य किसी सार्थक विधेयक या कानून को वास्तव में पारित होने से रोकना होता है। विपक्ष सरकार में तोड़फोड़ कर सकता है और कानूनों को पारित होने से रोक सकता है, जिससे वे अप्रभावी हो जाएंगे। राजनीतिक बयानबाजी के बजाय नीति पर जोर देना संसदीय कार्यप्रणाली में सुधार का एक तरीका है। संसदीय चर्चाओं में पुराने जमाने के दोषारोपण या चुनाव प्रचार की तुलना में शासन सम्बंधी मुद्दों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। विपक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच लगातार, संगठित संपर्क से मुद्दा-आधारित संवाद को बढ़ावा मिल सकता है और टकराव से बचने में मदद मिल सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि नीतिगत चचाएं फलदायी बनी रहें, संसदीय समितियों जैसे तंत्रों को मजबूत किया जाना चाहिए।

तात्कालिक राष्ट्रीय मुद्दों पर नियमित चर्चा के माध्यम से सरकार की कार्यवाही को स्पष्ट करना कुछ ऐसा है जो प्रधानमंत्री और अन्य महत्त्वपूर्ण मंत्रियों को करना चाहिए। प्रश्नकाल और संगठित नीतिगत चर्चा जैसे मंचों को पुनर्जीवित करके जवाबदेही की गारंटी देना संभव है। राजनीतिक विभाजन पैदा करने के बजाय, विदेश नीति, विकास और आर्थिक परिवर्तन को दलीय मुद्दों के रूप में देखा जाना चाहिए, जिन पर दीर्घकालिक आम सहमति की आवश्यकता है।

चचाओं के लिए अधिक कठोर नियम और नैतिक मानदंड स्थापित करके संसदीय व्यवधानों को कम किया जाना चाहिए। शिष्टाचार बनाए रखने और न्यायसंगत भागीदारी की गारंटी देने में अध्यक्ष और संसदीय समितियों की भूमिका को बढ़ाना आवश्यक है। रचनात्मक आलोचना विपक्षी दल की भूमिका होनी चाहिए। विपक्ष के कारण मुद्दों और विधेयकों पर अधिक बहस और चर्चा होती है; अन्यथा, उन्हें बिना किसी चर्चा या दूसरों की जरूरतों पर विचार किए पारित कर दिया जाएगा, जो लोकतंत्र के लिए घातक होगा और इसे निरंकुशता में बदल सकता है। किसी महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर, विपक्षी पार्टी ही युद्ध के लिए उतरेगी। प्रभावी शासन के लिए सरकार और विपक्ष के बीच रचनात्मक सहयोग की आवश्यकता होती है। चूंकि सरकार ही मुख्य प्रभारी निकाय है, इसलिए यह उसका कर्तव्य है कि वह किसी समझौते पर पहुंचने के प्रयासों का नेतृत्व करे तथा यह सुनिश्चित करे कि संसद में चर्चा राजनीतिक दरार को बढ़ाने के बजाय भारत की समस्याओं के समाधान पर केंद्रित हो। किसी लोकतंत्र में विपक्ष की सक्रियता और ताकत अक्सर उसके स्वास्थ्य का सूचक होती है। भारत में विपक्ष को मजबूत करने के लिए सिर्फ. राजनीतिक दलों को ही नहीं, बल्कि समग्र लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करना होगा। महत्त्वपूर्ण नीतियों में पार्टियों के भीतर आंतरिक लोकतंत्र को बढ़ावा देना, मीडिया तक समान पहुँच प्रदान करना और राज्य निधि का आवंटन शामिल है। लोकतंत्र को गतिशील, उत्तरदायी और जवाबदेह बनाने के लिए एक मजबूत और सफल विपक्ष का होना आवश्यक है।

# महाकुम्भ और भगवान श्री राम की महिमा

**संजय गोस्वामी**

प्रवु राम अमर हैं प्रभु राम ही अमृत हैं प्रभु राम ही गंगा है प्रभु राम ही सबकुछ है जो तुलसीदास जी को दर्शन दिए हर काम करने से पहले प्रभु के चरण स्पर्श कर लेना बहुत काम आएगा। कुम्भ जाने या ना जाने से कुछ नहीं होता जब तक आपके विचार शुद्ध नहीं होता ये कैसा कुम्भ दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लोग भीड़ में मर गए फिर भी दया नाम की कोई चीज नहीं है कि जरा उसे उठा दे लोग मुकरते हुई भीड़ भाड़ में महाकुम्भ के लिए निकल चले मुझे इस महाकुम्भ में प्रभु राम नहीं दिखा तो नहीं गए प्रभु राम से अनमोल क्या हो सकता है।

हमेशा उनके चरणों का ध्यान करें मैं दावे के साथ कहता हूं आपके विचारों पर इसका ऐसा प्रभाव होगा कि आप सही और गलत का भेदभाव जान जायेंगे जब माता सीता ने हनुमानजी को रत्नो भरा माला उपहार में दिए तो हनुमानजी उसे तोड़ कर फेंकने लगे और माता सीता ने पूछा इतना कीमती हार को क्यों फेंक रहें हो तो हनुमानजी ने सीना चिरकर भगवान राम और माता सीता के रूप को दिखा दिया कि भगवान राम से कीमती कोई भी वस्तु नहीं है और जिसे मैं हमेशा इन्हे ह्रदय से लगा कर रखता हूं ईश्वर ना तो मंदिर में मिलेंगे ना हो महाकुम्भ में वो आपके अंदर है जो अच्छे कर्म से खुद ही अनुभूति होगी। कबीर दास जी एक दोहे के माध्यम से कहते हैं मन के मत में न चलो, क्योंकि मन के अनेको मत हैं। जो मन को सदैव अपने अधीन रखता है, वह साधु कोई विरला ही होता है। मन के मारे बन गये, बन तजि बस्ती माहिं। कहैं कबीर क्या कीजिये, यह मन ठहरै नाहिं।। इसका मतलब मन की चंचलता को रोकने के लिए वन में गये, वहां जब मन शांत नहीं हुआ तो फिर



से बस्ती में आ गये। गुर कबीर जी कहते हैं कि जब तक मन शांत नहीं होगा, तब तक तुम क्या आत्म - कल्याण करोगे। मैं गरीब या अपने माता-पिता की सेवा करना चाहूंगा, और जब जब ठेस लगा है तो मन में ही उसे इरेज कर दिया कारण यह है की सबसे बुरे वक़्त में भी उन्होंने हमें बचाया है जो आप वासना को शांत करने के लिए अच्छा काम भी बुरा हो जायेगा हैं। जैसे दीपक पर जुगनू जल जाता है वैसे ही आप नर्क की ओर बढ़ते है ऐ भारत देश की मिट्टी में मर जावां ऐ सिखाता है इसके लिए हमें गरीबों की मदद करनी चाहिए और हमेशा माता-पिता द्वारा हमें दिए गए कार्यों पर ध्यान दें। वासना से सभी अवगुण और स्वार्थ के कारण मन में गंदगी रहती है तो आप उसे कर कर भी क्या करोंगे वो तो छनभर में खत्म हो जाता है बाद में आगे और कितना क्या करोगे,आप उसके लिए अच्छे से बुरे कर्म करते हो क्योंकि आप वासना के शिकार हो बाद में धोखा मिलता है जब आपके सामने मौत आकार खड़ी हो जाती है, इसे इस बात से समझेंगे,महाभारत युद्ध के बाद युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब हस्तिनापुर में सब ठीक हो गया तो श्रीकृष्ण अपनी नगरी द्वारका लौट रहे थे।

उस समय कुंती ने श्रीकृष्ण से वरदान में दुख मांगे थे। श्रीकृष्ण ने पूछा कि आप दुख क्यों मांग रही हैं? कुंती ने कहा कि दुख के दिनों में तुम बहुत याद आते हो। अगर सुख के दिन रहेंगे तो मैं तुम्हें याद नहीं कर पाऊंगी, लेकिन जब-जब मेरे जीवन में दुख आते हैं, तुम मुझे याद आते हो और तुम हमारी मदद करने के लिए आ जाते हैं। मैं चाहती हूं कि मेरे जीवन में दुख रहें, ताकि मैं तुम्हें हमेशा याद करूं और तुम भी हम पर कृपा बनाए रखो। ऐ ही प्रेरणा महा कुम्भ में भी है इसकी मान्यता ऐ है कि जब इंद्र देवता महर्षि दूवार्सा के दिए गए माला का मोल नहीं समझते हैं और ऐरावत हाथी को दे देते है और जब कुचल दिया तभी ऋषि ने देवताओं को श्राप दे दिया कि ऐ देवताओं की शक्ति का नाश होगा और बाद में देवताओं के सभी चीजों को असुर लोग मिलकर युद्ध में पराजित कर उसे अपने कब्जे में ले लेते हैं, बाद में सभी देवताओं ने ब्रह्मा जी से मिलकर इस समस्या का हल निकालते हैं तब वो इससे मना कर भगवान विष्णु के पास भेज देते हैं। भगवान विष्णु समुद्र मंथन की योजना का प्रस्ताव देते हैं और असुरों को यह कहकर लालच देते हैं कि उसमें अमृत कलश निकलेगा और मंदार पर्वत पर देवता एक ओर असुर दूसरी ओर से बासुकी नाग को रस्सी बना करा कर समुद्र मंथन चालू होता है, अमृत तो बहुत बाद में निकला लेकिन सबसे पहले निकला एक भयानक विष जिसकी एक बूंद पृथ्वी पर गिर जाता तो विनाश हो जाता और भयभीत होकर भगवान शंकर जी ने पीने के लिए राजी हो गये लेकिन वहीँ माता पार्वती भी थी और भगवान शंकर ने विष पिया तो माता पार्वती ने गले में अटकाने को कहा और उन्होंने अटका लिया यदि माता पर पार्वती ना होती तो भगवान शंकर को बचाना मुश्किल होता है ऐ है नारी की शक्ति, जिसे आज लोग नहीं मानते और कष्ट पाते हैं यदि आपका रिश्ता ठीक नहीं है तो उसे ठीक करने की कोशिश करनी चाहिए और धैर्य रखनी चाहिए। ये जरूरी नहीं कि समस्या बहुत बड़ी हो।

आपको बदलाव का मौका खुद को भी देना चाहिए और पत्नी को भी देना चाहिए। रिश्ते को सुलझाने के लिए छोटे-छोटे कदम उठाएं। ध्यान रखें कि अगर आपको आपकी भावनाओं की कद्र करवानी है तो उसकी भी भावनाओं की कद्र भी करनी होगी। ऐसे लोगों मौकापरस्त होते हैं जो कठिन समय में आपको धोखा दे देते हैं, आप प्रसन्न रहें इन्हे छोड़ कर प्रभु राम के ध्यान में मग्न हो जाओ आपने अच्छा किया लेकिन आपके साथ बुरा हो गया तो उसे निकाल देने में ही बुराई उसका हर चीज 10 गुना दाम में लौटा दो ऐसे लोग स्वार्थी होते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**वृष :** महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दें। कल का परिश्रम लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें।

**कर्क :** राजकीय कार्यों से लाभ। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**सिंह :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़े के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**कन्या :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा।

**तुला :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शांतिपूर्वक कार्य करें।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। बाधा को दूर करने में सफल होंगे।

**धनु :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**मकर :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। धन व्यय होगा।

**कुंभ :** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**मीन :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस सेवा दल के उपाध्यक्ष बने चंद्रशेखर आजाद



**हजारीबाग।** कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने पार्टी के प्रति समर्पण और लगन को देखते हुए चंद्रशेखर आजाद को सेवा दल का जिला उपाध्यक्ष बनाया है। सेवा दल के अध्यक्ष ने पार्टी गाइडलाइन का अनुपालन करते हुए पार्टी हित में काम करने का निर्देश भी दिया है। चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेवारी सौपी है उस पर वे पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। आजाद को सेवादल का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, मनोज नारायण भगत, दिलीप रविदास, लाल बिहारी सिंह, अजय गुप्ता, कजरू साव, परवेज, जावेद, निसार खान, विजय सिंह समेत पार्टी के अन्य नेताओं ने बधाई दी है।

### रक्तदान के साथ एन एस एस का विशेष सात दिवसीय शिविर संपन्न



**हजारीबाग।** आनंदा महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मसरातु पंचायत स्थित कृष्णानगर गांव में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन पर वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन वि भा वि एन एस एस समन्वयक डॉ० जॉनी रूफीना तिर्की, कॉलेज के प्राचार्य डॉ० नीलमणि मुखर्जी, वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन एवं पंचायत मुखिया प्रतिनिधि धीरज कुमार ने संयुक्त रूप से किया शिविर का शुभारंभ फहीम अहमद और रितिक कुमार द्वारा रक्तदान करके कियागया तत्पश्चात विश्वजीत मिश्रा, श्वेता कुमारी, सूरज कुमार यादव ,शुभम कुमार, प्रिया ठाकुर ,अंकित कुमार विश्वकर्मा, आर्यन कुमार सिंह, कृष कश्यप ,सूरज कुमार ,अंशु कुमार ,मोहम्मद नसरुलहादी आदि 14 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात डॉ० जॉनी रूफीना तिर्की ,डॉ० नीलमणि मुखर्जी ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने स्वयंसेवको को रक्तदान से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान के प्रति जागरूक करने के उपाय बताएं ,रक्तदाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया। साथ ही आयोजकों एवं रक्तदाताओं को को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।।कार्यक्रम अधिकारी डॉ० कृष्ण कुमार यादव द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वयंसेवक श्वेता कुमारी द्वारा 7 दिनों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। शिविर को सफल बनाने में प्रत्युष, अंकित, अमित, प्रियांशु, हिमांशु, तान्या, साक्षी, लक्ष्मी, श्रेया, शुभम, राहुल, एकता, पल्लवी, खुशी, मिलन, दिव्या, श्वेता, आलोक, मुस्कान, निशा, प्रिया, निधि, आयुष, नेहा, रक्षा, प्रीति, विश्वजीत, रितिक, फाइन, अंगद, लोकेश, कृष, नेहा, लक्ष्मी, निवेदिता, तनिष्का, आबूलेश, अंशु, आर्यन आदि स्वयंसेवक तथा मेडिकल कॉलेज के अजीत गोपाल का विशेष सहयोग रहा।

### झारखण्ड के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू पहुंचे हजारीबाग

# शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के आवास पहुंचकर परिवारों से की मुलाकात

संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखण्ड के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू हजारीबाग पहुंचे। हजारीबाग के भारत माता चौक, कोनार पूल के पास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का झामुमो कार्यकताओं कमलनयन सिंह, प्रणव वर्मा, विकास राणा, आनंद सिंह, अजय कुमार, विवेक कुमार राणा, आफताब आलम, अवध किशोर साव, अविनाश कुमा पिंकू, ओम प्रकाश देव, जितेंद्र कुमार, सूरज कुमार के द्वारा भव्य स्वागत किया गया झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर झारखण्ड के नगर



विकास मंत्री सुदिव्य कुमार कश्मीर में आतंकी हमले में शहीद कैप्टेन करमजीत सिंह बख्शी के जुलु पार्क हजारीबाग स्थित आवास जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों से मुलाकात कर शहीद के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। झारखण्ड के नगर विकास मंत्री ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि झारखण्ड सरकार शहीद के परिजनों के साथ खड़ी है और सरकारी प्रवधान के तहत उनके परिजनों को सारी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि हजारीबाग के पगोडा चौक का नामकरण कैप्टेन करमजीत सिंह बख्शी के नाम किया जायेगा। माननीय मंत्री ने सम्बन्धित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पगोडा चौक का नाम कैप्टेन करमजीत सिंह बख्शी होगा और वहां शहीद की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। प्रतिमा का स्वरुप टोपी और राइफल लिए हुए सैनिक का होगा। उन्होंने कहा कि शहीद के आश्रितों को सरकारी नौकरी देने के तहत कैप्टेन करमजीत सिंह बख्शी की बहन को नौकरी देने की बात को झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के पास ले जायेंगे। शहीद के परिवार के साथ झारखण्ड सरकार हमेशा खड़ी है। शहीद कैप्टेन करमजीत सिंह बख्शी को श्रद्धांजलि अर्पित झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं के द्वारा भी किया गया। मौके पर हजारीबाग नगर निगम के नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद, सहायक नगर आयुक्त अनिल पांडेय, नगर प्रबंधक विपिन कुमार एवं अन्य बहुत सारे लोग उपस्थित थे।

### श्रम अधीक्षक ने बाल श्रम उन्मूलन को लेकर जांच अभियान चलाया

हजारीबाग। श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन के नेतृत्व में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर हजारीबाग शहर के दर्जनों होटल रेस्तरां एवम विभिन्न प्रतिष्ठानों में छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मुफ़्फसिल थाना क्षेत्र के लालपुर चौक के सुरेन्द्र होटल से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। इस बाल श्रमिक की उम्र 10 वर्ष है। श्रम अधीक्षक ने बताया कि अल्प व्यस्क बाल श्रमिक प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 के अन्तर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बालक से काम लेना कानूनी अपराध है। अगर कोई नियोजक 14 वर्ष के कम उम्र के बच्चों से काम लेते हैं तो उनको 6 माह से 2 वर्ष तक का कारावास या 20000 रुपए से लेकर 50000 रुपया तक जुमार्ना या दोनो हो सकता है। बाल श्रम से विमुक्त कराए गए के बालक के नियोजक के विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही बालक के विद्यालय में नामांकन एवं उनके परिवार के पुनर्वास की कार्रवाई की जाएगी।

## प्लास्टिक सर्जरी से जटिल ऑपरेशन सफल, आरोग्यम अस्पताल में कम खर्च में मरीज को मिली नई जिंदगी

संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले के सिरका निवासी 28 वर्षीय मुकेश कुमार यादव का एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से पैर क्षतिग्रस्त हो गया था। दुर्घटना के बाद उनकी हालत नाजुक हो गई थी और डॉक्टरों ने ऑपरेशन को अत्यंत जटिल करार दिया था। परिवार के सामने एक बड़ी चुनौती थी बेहतर इलाज कहां और कैसे कराया जाय। ऐसे में परिजनों ने उन्हें आरोग्यम अस्पताल, डिस्टिक मोड़ चौक में भर्ती कराया, जहां झारखंड के जाने-माने प्लास्टिक सर्जन डॉ० विक्रांत ने उनकी स्थिति को समझते हुए तत्काल सर्जरी का निर्णय लिया। इस जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया, जिससे मरीज का पैर बच गया और वे अब स्वस्थ हो रहे हैं। कम खर्च में उच्च गुणवत्ता का इलाज आमतौर पर इस प्रकार के प्लास्टिक सर्जरी ऑपरेशन में अत्यधिक खर्च आता है, लेकिन आरोग्यम अस्पताल में यह इलाज बेहद



किफायती दरों पर किया गया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, उनका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि मरीजों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं किफायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएं, जिससे किसी भी आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को सही इलाज से वंचित न रहना पड़े।

**परिवार ने जताया आभार**

सफल ऑपरेशन के बाद मुकेश कुमार यादव के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टर विक्रांत का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में न केवल आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं हैं, बल्कि यहां मरीजों को विशेष देखभाल और सहयोग भी मिलता है, जिससे वे मानसिक रूप से भी मजबूत रहते हैं।

आरोग्यम अस्पताल भरोसे का केंद्र आरोग्यम अस्पताल, में नवीनतम चिकित्सा तकनीकों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उपलब्ध है, जो मरीजों को बेहतरीन उपचार देने के लिए तत्पर रहती है। यह अस्पताल जटिल से जटिल मामलों में भी सफलता प्राप्त कर चुका है और कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए जाना जाता है। आरोग्यम अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि हमारा लक्ष्य हमेशा यह रहा है कि मरीजों को आधुनिक और उन्नत चिकित्सा सुविधाएं किफायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएं। मुकेश कुमार यादव के इलाज में हमारी विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने पूरी मेहनत और समर्पण के साथ काम किया। हमें खुशी है कि उनका ऑपरेशन सफल रहा और वे अब स्वस्थ हो रहे हैं।आरोग्यम अस्पताल भविष्य में भी इसी तरह मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता रहेगा।

## छत्रपति शिवाजी प्लस टू हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन

संवाददाता

**हजारीबाग।** दारू प्रखंड के बड़वार में छत्रपति शिवाजी प्लस टू हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत छत्रपति शिवाजी महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने शिवाजी महाराज के साहस, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए कहा की छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि एक कुशल प्रशासक और आदर्श नेतृत्वकर्ता भी थे। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा



लेनी चाहिए और अपने लक्ष्य की ओर समर्पण के साथ बढ़ना चाहिए। विधायक प्रदीप प्रसाद ने विद्यालय प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि कम संसाधनों के बावजूद विद्यालय का संचालन जिस कुशलता और प्रतिबद्धता के साथ किया जा रहा है, वह सराहनीय है। विद्यालय परिवार, शिक्षकगण और प्रबंधन समिति बधाई के पात्र हैं, जो बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य,गीत और नाटक की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। इनमें देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता और भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की बच्चों की यह ऊर्जा, आत्मविश्वास और समर्पण ही उन्हें आगे चलकर जीवन में सफल बनाएगा। उनकी मेहनत और लगन से क्षेत्र का नाम रौशन होगा। विद्यालय प्रशासन और विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने आश्वासन दिया कि विद्यालय के विकास के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज और देश की प्रगति की नींव है। संसाधनों की कोई कमी विद्यार्थियों की शिक्षा में बाधा नहीं बनने दी जाएगी। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य एवं प्रबंधन समिति ने विधायक प्रदीप प्रसाद का विद्यालय में आगमन के लिए आभार व्यक्त किया।

## मिलावटी, एक्सपायरी अथवा किसी प्रकार का अवमानक खाद्य सामग्री बेचने पर होगी कार्रवाई

संवाददाता

**हजारीबाग।** अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने सूचना जारी कर बताया कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर सभी खाद्य कारोबारी यथा मिठाई दुकान संचालक, रेस्टोरेंट, ढ़ाबा, होटल संचालक, थोक विक्रेता, खुदरा एवं फुटकर विक्रेता, वितरक, फल, सब्जी विक्रेता, दवा विक्रेता, मीट, मुर्गा, मछली विक्रेता एवं फास्ट फूड विक्रेता आदि मिठाईयों को सुरक्षित एवं अत्याधिक आकर्षक बनाने एवं रखने के लिए अवांछित केमिकल एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालने वाले अखाद्य व औद्योगिक रंगों का उपयोग नहीं करेंगे। अधिकृत प्राकृतिक एवं कृत्रिम रंगों का मिठाईयों में उपयोग तय मानक के अनुरूप ही करेंगे। वहीं विभिन्न प्रकार के मिठाईयों में खोवा, मावा, रसगुल्ला, छेना में आरारोट, आटा, मैदा, सूजी इत्यादि, काजू बर्फी में गुलकोज, आटा, मैदा एवं घी में रिफाइन तेल इत्यादि का मिलावट नहीं करेंगे। सभी दुकानदार अपने-अपने खाद्य प्रतिष्ठानों में अधिकृत प्रमाण-पत्र अपने परिसर के प्रमुख स्थान पर दशार्ना सुनिश्चित करेंगे। विभिन्न खाद्य पदार्थो का निर्माण करते समय सभी कर्मियों के द्वारा संबंधित मिठाई, रेस्तराँ, होटल व ढ़ाबा में आदि का उपयोग करवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही खाद्य परिसर का समुचित साफ-सफाई रखना सुनिश्चित करेंगे।।सभी खाद्य पदार्थो को केवल लाइसेंस प्राप्त या रजिस्टर्ड विक्रेताओं से ही खरीदने एवं बेचने के साथ ही इसका रिकॉर्ड रखना सुनिश्चित करेंगे। तले भुने हुए गर्म खाद्य पदार्थों जैसे-समोसे, पकौडे, जलेबी, कचरी, बरा, ढुसका आदि को अखबार, प्रिन्टेंड पेपर एवं प्लास्टिक व पॉलिथीन में देना सख्त मना है। सभी होटल एवं रेस्टोरेंट के संचालको द्वारा उनके यहां कार्यरत कर्मियों का नियमानुकुल वार्षिक स्वास्थ्य जांच कराना एवं मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र रखना आवश्यक है। साथ ही पानी की गुणवत्ता की जाँच ससमय करवाना सुनिश्चित करेंगें। होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई विक्रेता एवं अन्य फास्ट फूड दुकानदार विशेष रूप से दूध, पनीर, खोवा, मावा, इत्यादि ।

## सत्येंद्र नारायण सिंह ने बड़कागांव के सोनबरसा वासियों को भेंट की शिव परिवार की प्रतिमा

**बड़कागांव।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनबरसा नगर में नवनिर्मित मंदिर में शिव परिवार की प्रतिमा भेंट की गई। सांसद मनीष जायसवाल के सांसद सेवा कार्यालय परिसर में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह ने मंदिर निर्माण समिति सह ग्रामीणों को यह शिव परिवार की प्रतिमा सौंपा और उन्हें सांसद मनीष जायसवाल की ओर से मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की अग्रिम शुभकामनाएं दी। मौके पर विशेष रूप से भाजपा नेता जयनारायण मेहता, विजय वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## योजनाओं की समीक्षा को लेकर उप विकास आयुक्त ने किया टाटीझरिया एवं दारू प्रखंड का भ्रमण

संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के विभिन्न प्रखंडों में चल रही विकासात्मक कार्यों व कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा के उद्देश्य से आज उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने बुधवार को टाटीझरिया व दारू प्रखंड का भ्रमण किया। उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में सभी विभागों के प्रखण्ड कर्मी के साथ प्रखण्ड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक मे मुख्यतः कुछ मुद्दों पर उप विकास आयुक्त द्वारा निदेशित किया गया।।उन्होंने पंचायत भवन को सुदृढ़ करने हेतु पंचायत में कर्मियो का रोस्टर तैयार कर अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। पंचायत भवन में प्रज्ञा केन्द्र संचालक सहित सभी पंचायत स्तरीय कर्मियों का नाम, मोबाइल नंबर लिखने को कहा ।जिन पंचायतों में मिनी आंगनबाड़ी का प्रस्ताव है वहां ग्राम सभा के माध्यम से सेविका का चयन कर, जिला को प्रतिवेदित करने की बात कही। पृथिकरण शेड,ट्राई साइकल प्राप्त है,उन्हे जेएसएलपीएस के महिला ग्रुप द्वारा संचालित करने का निदेश दिया। पंचायतों को प्रति पंचायत कम से कम 10 सोख्ता गढ्ढा,एक भस्मक 15 वें वित आयोग से निर्माण करने का निदेश दिया। उन्होंने अपूर्ण आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने तथा अबुआ अवास मे ग्रामीणों द्वारा खुद से रजिस्ट्रेशन करने हेतु जागरूक करने का निर्देश दिया।

उन्होंने सभी को एनएमएमएस के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने, ए.बी.पी.एस 100% करना,आम बागवानी एंव दीदी बाड़ी योजना हेतु जेएसएलपीएस से आवाश्यक सहयोग लेने हेतु निदेशित किया। प्रखंड में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में लाइफ सेविंग ड्रग की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु तथा बिजली एवं फ्रीज की व्यवस्था हेतु उचित कारवाई हेतु निदेशित किया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डाहरबंदा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की तर्ज पर विकसित करने का निर्देश दिया साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी को इस संबंध सभी आवश्यकताओं का जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### सांसद का प्रयास लाया रंग, चुटुपालू घाटी हुआ रौशन

## जनहित में क्षेत्र की हर छोटी- बड़ी समस्याओं के निदान का प्रयास है जारी : मनीष जायसवाल



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तीन प्रमुख ब्लैक स्पॉट जो खून की प्यासी बनकर मौत का घाटी के रूप में लोगों के जेहन में बसने लगा और इन स्पॉट पर कमोवेश हर दिन सड़क दुर्घटना होने की वजह से कई लोगों ने अपनी जान गंवाई तो कई परिवार बर्बाद हो गए। इस गंभीर मामले को तत्परता से जब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बीते लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव एवं अन्य उच्चस्तरीय अधिकारियों से मिलकर उनके समक्ष विस्तारपूर्वक रखा और लिखित आवेदन सौंपते हुए उनसे इन सभी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट पर तत्काल सुधार करते हुए कार्य करने का आग्रह किया। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चुटुपालू घाटी में सड़क के बीचोबीच अधिष्ठापित सैकड़ों स्ट्रीट लाइट्स खराब होने के कारण यह क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहता था। इस मामले को भी सांसद मनीष जायसवाल ने गंभीरता से रामगढ़ जिले के दिशा की बैठक में उठाए और संबंधित दोषी अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। सांसद मनीष जायसवाल की सक्रियता और तत्परता का नतीजा है कि कल तक अंधेरे में डूबा रहने वाला चुटुपालू घाटी एक बार फिर दूधिया रौशनी से पट गया है। सभी करीब 350 खराब स्ट्रीट लाइट्स को सुदृढ़ कर सुचारु कर दिया गया है। चुटुपालू घाटी के मुख्य एक्सीडेंटल जॉन में ट्रांसवर्स बार मार्किंग, रोड़ मार्किंग, सोलर स्टड्स लगाने का

का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। यहां करीब 160 साइन बोर्ड, 02 पीटीजेड कैमरे, मेटल बीम क्रैश बैरियर, बम्बू क्रैश बैरियर लगाने की भी योजना है साथ ही अन्य प्रकार के कई सेफ्टी अरेंजमेंट्स किए जा रहें हैं। ऐसे ही मांडू विधानसभा क्षेत्र के चरही स्थित यूपी मोड़ पर भी सड़क विस्तारीकरण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। सांसद मनीष जायसवाल के पहला और संबंधित विभाग के केंद्रीय मंत्री और उच्च अधिकारी तक इस मामले के पहुंचते ही इस पर पहल शुरू हो गया और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न ब्लैक स्पॉट पर युद्धस्तर पर काम चल रहा है। निश्चित रूप से इस कार्य से इन ब्लैक स्पॉट पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यहां से गुजरने वालों को बड़ी राहत मिलेगी।

**समारोह** कांग्रेस कार्यालय में हुआ ओबीसी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाला का सम्मान समारोह

# समस्याओं को प्रदेश तक पहुंचाने का करूंगा प्रयास : सुरजीत नागवाला

संवाददाता

**हजारीबाग।** कांग्रेस कार्यालय हजारीबाग में झारखंड प्रदेश ओबीसी कांग्रेस के नव नियुक्त कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता ने की। कार्यक्रम का संचालन ओबीसी के प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गोप और धन्यवाद ज्ञापन जिला प्रवक्ता निसार खान ने किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने माला पहनाकर सुरजीत नागवाला का स्वागत किया और कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से वैसे कार्यकताओं को तरजीह देती है



जो संगठन के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं आज उसी का प्रतिफल है कि हजारीबाग के सुरजीत नागवाला जैसे कार्यकर्ता को कांग्रेस की एक बड़ी जवाबदेही दी गई है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार ने भी फूल और बुके देकर नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष का स्वागत किया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के डॉ० प्रकाश कुमार, रेणु कुमारी, प्रदेश महासचिव रीतलाल मंडल और जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने माला पहनकर और बुके देकर भी स्वागत करने का काम किया। स्वागत समारोह के इस कार्यक्रम में नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नागवाला ने कहा कि हजारीबाग के कांग्रेस के नेता और कार्यकताओं के इस स्वागत से मैं अभीभूत हूं, प्रदेश नेतृत्व और जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने जो मुझ पर भरोसा जताया है उसे मैं जमीन पर उतरने का काम करूंगा और पूरे झारखंड के 24 जिला में लोगों को ओबीसी कांग्रेस से जोड़ने का काम करूंगा। आने वाले दिनों में झारखंड में ओबीसी और मजबूत स्थिति में दिखेगी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता ने कहा कि स्वागत समारोह में सबों का अभिनंदन करते हुए कहा कि सुरजीत नागवाला आंदोलन करने वाले नेता है जिन्हें प्रदेश नेतृत्व ने उनके कार्यशैली को देख बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है और हजारीबाग के लिए गर्व की बात है। स्वागत समारोह के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में ओबीसी संगठन को लेकर पूरे राज्य का भ्रमण करेंगे और जो 27 प्रतिशत आरक्षण का मामला माननीय राज्यपाल के यहां लंबित है ,उसके लिए हम लोग सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करने का काम करेंगे। झील सुंदरीकरण पर जो 14 करोड रुपए का जो आवंटन हुआ है उसके लिए नगर निगम से भी आग्रह किया गया है कि इस काम के आवंटन के बाद उपयोगिता प्रमाण पत्र भी हम लोगों को उपलब्ध कराएं ताकि इस राशि की सदुपयोगिता देखी जा सके। झील परिसर में जो सूखा हुआ पेड़ है उसे भी जल्द से जल्द काटा जाय। ताकि कोई दुर्घटना घटित ना हो। बड़ा झील की जो सफाई नहीं हुई है नगर निगम की प्रशंसक से आग्रह की गई है कि बड़ा झील की भी सफाई अविलंब कराई जाय। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में डॉक्टर की ड्यूटी चार्ट सभी वार्डों में सार्वजनिक लगाई जाय। आउटसोर्सिंग कंपनी की टेंडर की जो समय सीमा समाप्त हो गई है, उसमें नया टेंडर निकाला जाय और जो कंपनी ब्लैकलिस्टेड हो गई है उसको अविलंब कार्य से हटाया जाय। पर्ची काउंटर पर सीनियर सिटीजन और महिला के लिए अलग पर्ची काउंटर अस्पताल परिसर में उपलब्ध कराया जाय।

## छत्रपति शिवाजी महाराज राष्ट्रीयता के जीवंत प्रतीक एवं परिचायक थे : संजीव कुमार झा



संवाददाता

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग ,हजारीबाग में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने वंदना सभा में दीप प्रज्वलन ,भारत माता पूजन एवं शिवाजी महाराज के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर अपने आशीर्वचन में प्रधानाचार्य ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज एक भारतीय शासक थे। जिन्होंने मराठा साम्राज्य को एक गौरवशाली रूप प्रदान किया। उन्हें एक अग्रण्य वीर एवं अमर स्वतंत्रता सेनानी माना जाता है। वीर शिवाजी राष्ट्रीयता के जीवंत प्रतीक एवं परिचायक थे। इसी कारण अतीत के राष्ट्रपुरुषों में इनकी भी गणना की जाती है। उन्होंने आगे कहा कि शिवाजी महाराज एक बहादुर, बुद्धिमान, शूरवीर और दयालु शासक थे। उन्होंने उपस्थित भैया - बहनों को छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवनी से सीख लेते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भैया-बहनों ने शिवाजी महाराज के जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, गुरुवार 20 फरवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### 200 मरीजों का किया गया निःशुल्क टीबी जांच



**नवादा।** नवादा जिले के कौआकोल के नेशनल डायग्नोस्टिक्स जांच केंद्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित टीबी जांच केंद्र में बुधवार को निःशुल्क टीबी जांच किया गया। इस दौरान 200 मरीजों का केंद्र पर ब्लड,सीबीसी,एक्सरे एवं बलगम का जांच किया गया। केंद्र के निश्चय मित्र व संचालक दानिश इकबाल ने बताया कि इस केंद्र पर टीबी मरीजों को दवाई एवं पोषाहार का निःशुल्क वितरण किया जाता है। शिविर में पहुंचे जिला स्वास्थ्य समिति (यक्ष्मा) नवादा के सहायक अपर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० माला सिंह ने टीबी रोग के लक्षण एवं उसके बचाव तथा सरकार द्वारा टीबी रोगियों के लिए दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

### रसोई गैस सिलेंडर लीक होने से तीन झूलसे



**नवादा।** नवादा में गैस सिलेंडर लीक होने से आग लग गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए. यह हादसा नवादा जिले के पकरीबरावां थाने के छत्रवार गांव का है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को गैस सिलेंडर लीक होने से परिवार के तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए ।जिन्हें डायल 112 के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उनका प्राथमिक इलाज के उपरांत बेहतर इलाज हेतु नवादा रेफर कर दिया गया है। घटना में पीड़ित विनोद चौधरी की पत्नी सुनीता देवी रोटी पका रही थी और परिवार के सभी लोग एक साथ उसी स्थान पर बैठे थे। अचानक गैस लीक होने से घटना स्थल पर ही विनोद चौधरी एवं उनकी पत्नी सुनीता देवी,एवं 2 साल का बच्चा सुमन कुमार बुरी तरह झुलस गया । काफी शोर शराबा के बाद गांव के लोग पीड़ित के घर पहुंचकर जुट की बोरी से सिलेंडर को ढक्कर आग पर काबू पाया ।तब जाकर परिवार के लोगों ने मामले की सूचना डायल 112 को दी.सूचना मिलते ही डायल 112 पर ड्यूटी में तैनात एस आई पप्पू कुमार गांव पहुंचकर आग से झुलसे लोगों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया।

### स्वस्थ विकास के लिए छह देशों के वैज्ञानिकों के साथ शांति निकेतन में होगा वैज्ञानिक सम्मेलन

**कोलकाता।** 16वें अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन का आयोजन 2 मार्च 2025 को शांतिनिकेतन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में होने जा रहा है। इस सम्मेलन में भारत के अलावा अमेरिकाए जापानए नेपालए थाईलैंड श्रीलंका समेत दुनिया के विभिन्न देशों के करीब एक सौ प्रमुख वैज्ञानिक भाग लेंगे। सम्मेलन का आयोजन विश्व विज्ञान कांग्रेस द्वारा किया जाता हैए जो प्रख्यात शिक्षाविद् प्रोफेसर कर्नल डॉ. रंजीत सेन द्वारा स्थापित एक विश्व प्रसिद्ध विज्ञान संगठन है। आयोजकों के अनुसारए विश्व विज्ञान कांग्रेस एक सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सामाजिक सेवा विज्ञान संगठन हैए जिसने पिछले चालीस वर्षों में विज्ञान अभ्यासए सामाजिक सेवाए अखंडता और विश्वसनीयता के माध्यम से एक मजबूत नींव बनाई है। यह संगठन विज्ञान को जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार काम करता हैए ताकि विज्ञान लोगों के दैनिक जीवन में प्रभावी भूमिका निभा सके।

संगठन का एक मुख्य लक्ष्य विज्ञान के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन को सुविधाजनक बनानाए जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को एक साथ लाना और विज्ञान के व्यावहारिक और मानवीय पहलुओं को उजागर करना है।

इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में विभिन्न देशों के वैज्ञानिकए शोधकर्ता और शिक्षाविद भाग लेंगे जो अपने शोध और खोजों को प्रस्तुत करेंगेए जो भविष्य में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए क्षितिज खोलेंगे। उस तकनीक का लाभ स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा विज्ञान में कैसे किया जा सकता हैए इस पर भी विस्तार से चर्चा होगी। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और स्वास्थ्य अनुसंधानए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक्सए जैव प्रौद्योगिकी और नैनो प्रौद्योगिकी जैसे विषयों पर भी चर्चा होने की संभावना है।

### पश्चिम बंगाल कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन की ओर से 60वां वार्षिक आम बैठक का आयोजन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशनए पूरे बंगाल में कोल्ड स्टोरेज का एकमात्र सक्रिय एसोसिएशन है। संगठन की ओर से 60वां वार्षिक आम बैठक का आयोजन कोलकाता के स्वभूमि हेरिटेज में किया गयाए जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों में सुनील कुमार राणा अध्यक्ष डब्लूबीसीएसएद्धए सुभाजीत साहा, उपाध्यक्ष डब्लूबीसीएसए राजेश कुमार बंसल पूर्व अध्यक्ष डब्लूबीसीएसए पतित पावन देए तरुण कांति घोषए गोबिंद कजारिया, पूर्व अध्यक्षए डब्लूबीसीएसए दिलीप चटर्जी कौशिक कुंडूए प्रदीप लोढ़ा डब्लूबीसीएसए के जिला समितियों के अध्यक्ष के साथ समाज में कई अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति इस मौके पर शामिल थे। पश्चिम बंगाल कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील कुमार राणा ने कहाए आलू उत्पादकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। चालू सीजन में लगभग 5.10 लाख हेक्टेयर भूमि पर आलू की खेती की गई है। उन्होंने चालू सीजन में लगभग 135.140 लाख टन आलू उत्पादन का अनुमान लगाया। पश्चिम बंगाल में घरेलू खपत 65 लाख टन हैए शेष स्टॉक को राज्य के बाहर विपणन करने की आवश्यकता है। बाजार में आलू की स्थिर कीमत और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे अनलोडिंग अवधि के दौरान प्रत्येक माह 12ः की एक समान दर पर संग्रहीत स्टॉक को जारी करने के लिए एक प्रणाली तैयार करें। उन्होंने आवश्यक कार्य योजना तैयार करने और वास्तविक समय के आधार पर स्टॉक की स्थिति की निगरानी के लिए खेती कटाई भंडारण और विपणन पर अखिल भारतीय व्यापक डेटा के संग्रह और विश्लेषण की सिफारिश की।

किसानों को उचित ग्रेडिंग इलाज और वर्गीकरण बनाए रखने के लिए सरकारी पहल का सुझाव दिया गया।

# रक्सौल आइसीपी पार्किंग में कोयला लदी ट्रक में लगी आग

संवाददाता

**पूर्वी चंपारण।** जिले रक्सौल स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) पार्किंग में कोयला लदी एक ट्रक में आग लग गई। आग लगने के तुरंत बाद वहां मौजूद एसएसबी के जवानों ने अग्निशमन विभाग की मदद से आग पर काबू पाया,जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई।



एसएसबी के आईसीपी प्रभारी निरीक्षक राजवीर यादव ने बताया कि उक्त ट्रक बनारस से कोयला लेकर नेपाल के बीरगंज जा रही थी। दस्तावेजों के सत्यापन के लिए ट्रक आईसीपी पार्किंग में खड़ी थी। इस दौरान ट्रक में लगे मोबाइल चार्जर में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई। घटना के समय ट्रक चालक ट्रक से दूर था, जिससे आग तेजी से फैलने लगी। लोगों ने जब ट्रक में धुआं और आग की लपटें उठती देखीं,तो तुरंत एसएसबी को सूचना दी। एसएसबी के जवान तुरंत हरकत में आए और अग्निशमन विभाग को बुलाकर आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की। कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया।

कोयला लदा होने के कारण आग तेजी से भड़क सकती थी और आसपास खड़े अन्य वाहनों को भी चपेट में ले सकती थी, जिससे एक बड़ा हादसा हो सकता था लेकिन एसएसबी के जवानों की तत्परता और समय रहते कार्रवाई की वजह से दुर्घटना टल गई।

घटना के बाद एसएसबी ने सभी चालकों से सुरक्षा नियमों का पालन करने और वाहनों में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने की अपील की है। इस घटना के बाद आईसीपी प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की बात कही है।

## समस्तीपुर रेल मंडल के अन्तर्गत चलने वाली 14005-14006 रद्द

संवाददाता

**पटना।** पूर्व मध्य रेलवे (पूमरे) के अन्तर्गत आने वाले समस्तीपुर मंडल ने कई ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन के साथ आज से 28 फरवरी कुछ को रद्द किया है। समस्तीपुर रेल मंडल द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक जिन ट्रेनों का रद्दीकरण किया गया है, उनमें गाड़ी संख्या- 14005/14006 (सीतामढ़ी - आनंद विहार - सीतामढ़ी लिच्छवी एक्सप्रेस)। यह ट्रेन 19 फरवरी से 28 फरवरी 2025 तक रद्द रहेगी।

ट्रेनों के मार्ग परिवर्तनः गाड़ी संख्या- 15559 (दरभंगा - अहमदाबाद अंत्योदय एक्सप्रेस) 19 फरवरी 2025 को यह ट्रेन अपने नियमित मार्ग छपरा - बनारस - प्रयागराज - सतना - कटनी मुड़वारा - बीना के स्थान पर छपरा - गोरखपुर - बाराबंकी - लखनऊ - कानपुर - वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं - बीना के मार्ग से चलेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या- 12561(जयनगर - नई दिल्ली स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस) 19 फरवरी से 28 फरवरी तक अपने नियमित मार्ग छपरा - गोरखपुर - औंरिहार जं - प्रयागराज - कानपुर के स्थान पर छपरा - गोरखपुर - बाराबंकी - लखनऊ - कानपुर के रास्ते चलेगी।

गाड़ी संख्या 12562 (नई दिल्ली - जयनगर स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस) 19 फरवरी से 28 फरवरी तक अपने नियमित मार्ग कानपुर - प्रयागराज - औंरिहार जं - गोरखपुर - छपरा के स्थान पर कानपुर - लखनऊ - बाराबंकी - गोरखपुर - छपरा के रास्ते चलेगी।

## पूर्व सैनिकों ने अपनी समस्याओं के निराकरण को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता

**अररिया।** अररिया जिला के पूर्व सैनिकों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम अनिल कुमार से बुधवार को उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। किसी को भूमि विवाद , राजस्व विवाद, कई वीर नारियों को पेंशन से संबंधित समस्याएं, झूठे मुकदमे में फसने से संबंधित समस्याएं, लंबे समय से अनुश्रवण समिति की बैठक न होने के कारण विभिन्न तरह की उत्पन्न समस्याओं से डीएम को अवगत कराया गया।मांगों को लेकर पूर्व सैनिकों ने डीएम को एक ज्ञापन भी सौंपा।



मौके पर डीएम ने सभी पूर्व सैनिकों को आश्वस्त किया गया कि हर तरह की वैधानिक समस्याओं को त्वरित दूर किया जाएगा। उन्होंने समस्याओं के लिए फोन एवं व्हाट्सएप के माध्यम से भी अवगत कराने को कहा। पूर्व सैनिकों ने बताया कि सदर डीएसपी अररिया से भी मुलाकात किया गया और जिला में सैनिक हेल्प डेस्क के गठन को लेकर चर्चा की गई। सेवारत सैनिक, पूर्व सैनिक वीर नारियों एवं सैनिक परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए इंस्पेक्टर मुकेश कुमार को नियुक्त करने की जानकारी दी गई। मौके पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद के कैप्टन डीएन झा,प्रमंडलीय प्रभारी एवं अध्यक्ष खगेंद्र प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष सह कानूनी सलाहकार अधिवक्ता रणजीत कुमार सिंह, सचिव दयानंद रजक, कोषाध्यक्ष नंदन कुमार,मोहन मेहता,चंदन यादव, अखिलेश कुमार,नारायण यादव, सूबेदार धीरज चौधरी,रामदेव मेहता सहित दर्जनों पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

## मृतक के परिजन को केंद्र और राज्य सरकार दे मुआवजा : चक्रपाणि



संवाददाता

**भागलपुर।** बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर चक्रपाणि हिमांशु एवं वरीय राजद नेता अवनीश कुमार ने बुधवार को कुंभ स्नान कर लौटने के क्रम में ट्रेन दुर्घटना में मारे गए जिले के बिहपुर प्रखंड के झंडापुर पश्चिमी पंचायत के वार्ड नंबर 1 के अनिल शाह एवं उनकी 14 वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी के परिजन, पत्नी समेत दो बेटों से मिलकर घटना के प्रति शोक व्यक्त किया। संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिजन को वरीय राजद नेता बिहपुर विधानसभा ने आर्थिक सहायता के रूप में 10 हजार रुपये दिए। मृतक के बड़े लड़के पटना साइंस कॉलेज के जंतु विज्ञान के पार्ट 3 के छात्र पिता की मृत्यु के बाद पढ़ाई के लिए पैसे की अभाव में चिंतित थे। उसे भी पढ़ाई के लिए सहयोग की हर संभव बात की। बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर चक्रपाणि हिमांशु ने कहा कि केंद्र के राज्य एवं राज्य सरकार अविलंब मृतक के परिजन को 10-10 लाख रुपए मुआवजा दे। उन्होंने कहा कि आज तक प्रखंड के पदाधिकारियों द्वारा मृतक के परिजन का सुधि नहीं लेना दुर्भाग्यपूर्ण है।

## नेपाली शराब,नगद राशि के साथ मोटरसाइकिल पर सवार तस्कर गिरफ्तार

**अररिया।** जिले की पलासी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर बुधवार को मोटरसाइकिल पर सवार एक तस्कर को नेपाली शराब और नगद राशि के साथ गिरफ्तार किया ।पलासी थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए गुप्त सूचना पर तस्कर को 17 लीटर नेपाली शराब, 39 सौ रुपये नकद राशि और एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार करने की बात कही। गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ की बाद पलासी थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में अररिया जेल भेज दिया गया है ।आरोपी युवक नेपाल से शराब को तस्करी कर लेकर जा रहा था। इसी क्रम में पलासी थानाध्यक्ष के नेतृत्व में। पुलिस ने यह कार्रवाई की।

पश्चिम बंगाल विधानसभा में हंगामा

## चाय बागान पर्यटन नीति को लेकर भाजपा विधायकों का वाकआउट

संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में बुधवार को बड़ा हंगामा देखने को मिला जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने चाय बागान पर्यटन नीति से जुड़े एक स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की अनुमति न मिलने पर सदन से वाकआउट कर दिया।



राज्य सरकार ने हाल ही में चाय बागानों की 30 प्रतिशत भूमि को पर्यटन उद्देश्यों के लिए उपयोग करने का फैसला किया है, जिसका भाजपा शुरू से ही विरोध कर रही है। भाजपा विधायकों ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव लाने की मांग की थी, लेकिन स्पीकर ने इसे खारिज कर दिया। इसके बाद भाजपा विधायकों ने सदन में जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी और तख्तियां दिखाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। बाद में उन्होंने सदन से वाकआउट कर विधानसभा परिसर में धरना दिया। भाजपा इस नीति का लगातार विरोध कर रही है, और अब नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी 23 फरवरी को उत्तर बंगाल में चाय बागान से जुड़े मुद्दों पर एक बड़ी रैली करने वाले हैं। इस रैली में वे राज्य सरकार पर चाय बागान की भूमि को पर्यटन के लिए देने के फैसले को लेकर तीखा हमला बोल सकते हैं।

सूत्रों के अनुसार, इस रैली में गोरखा जनमुक्ति मोर्चा के प्रमुख बिमल गुरुंग भी शामिल हो सकते हैं। बुधवार और गुरुवार को राज्य विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट प्रस्तावों पर चर्चा होनी है। हालांकि, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी इस चर्चा में शामिल नहीं हो सकेंगे क्योंकि उन्हें सोमवार को कथित अनुशासनहीन व्यवहार के कारण एक महीने के लिए सदन से निलंबित कर दिया गया था। वहीं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भी बजट चर्चा में शामिल होने की संभावना कम ही है।

**एबीवीपी का विधानसभा के बाहर प्रदर्शन**

इस बीच, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा के बाहर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ को ₹मृत्यु कुंभ₹ बताया था। प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। बाद में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाकर कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया।

## स्कूल में झगड़े के दौरान छात्र की मौत, अभिभावकों ने किया हंगामा

**हुगली।** हुगली जिले के चांपदानी में आर्य विद्यापीठ स्कूल में बुधवार को कक्षा 10 के दो छात्रों के बीच हुए झगड़े के दौरान एक छात्र की मौत हो गई। मृत छात्र का नाम अभिनव जालान है। घटना के बाद स्कूल के बाहर अभिभावकों और स्थानीय निवासियों ने हंगामा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर लगभग एक बजे स्कूल की तीसरी मंजिल पर शौचालय में अभिनव और उसके एक सहपाठी के बीच झगड़ा हुआ। इस दौरान, आरोपित ने अभिनव को छाती पर मुक्का मारा, जिससे अभिनव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाने पर मृत घोषित किया गया। मृत छात्र के पिता गणेश जालान ने स्कूल के प्रबंधन और शिक्षण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए आरोपित को सजा देने की मांग की है। घटना के बाद स्कूल के बाहर अभियान अभिभावकों का विरोध प्रदर्शन हुआ। स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि यह घटना उनकी अनुपस्थिति में हुई क्योंकि वह माध्यमिक परीक्षा के लिए दूसरे स्कूल में थे, और वे इस मामले की जांच कर रहे हैं।

## टांगरा में एक ही परिवार के तीन सदस्यों के शव बरामद

संवाददाता

**कोलकाता।** सड़क दुर्घटना की जांच करते समय पुलिस को एक चौंकाने वाला सुराग मिला। मंगलवार को आनंदपुर पुलिस थाने को रूबी चौराहे के पास एक दुर्घटना की सूचना मिली। उन्हें पता चला कि एक चार पहिया वाहन में दो लोग सवार थे। उनके साथ एक नाबालिग भी था। वह कार रूबी चौराहे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। तीन घायल लोगों को तुरंत बचा लिया गया और उन्हें पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां पहुंचने पर आनंदपुर थाने की पुलिस को पता चला कि उनका घर 21/3 अतुल सूर रोडए शील लेनए टांगरा में है। तदनुसार आनंदपुर पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने टांगरा पुलिस स्टेशन को फोन किया और उन्हें दुर्घटना की सूचना दी।

पुलिस बुधवार सुबह जांच के लिए टांगरा के शील लेन स्थित घर पर गई। वे वहां गए और एक चौंकाने वाला दृश्य देखा। पुलिस को मकान की तीसरी मंजिल पर तीन कमरों में दो महिलाओं और एक नाबालिग के शव मिले। शव को शीघ्र ही बरामद कर लिया गया।



दोनों मृतक महिलाओं के नाम रोमी और सुदेशना दे हैं। उनके दो पतिए प्रसून और प्रणयए रूबी चौराहे के पास एक दुर्घटना में घायल हो गए। तीनों शवों की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि नाबालिग के हाथ की नस कटी हुई थी।

दोनों महिलाओं के गले पर चोट के स्पष्ट निशान भी थे। पुलिस को संदेह है कि उनकी हत्या की गई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसारए प्रसून और प्रणय या तो उन्हें मारकर आत्महत्या करने की कोशिश कर रहे थे या भागने की फिराक में थे। लेकिन उन्होंने ऐसा क्यों कियाए जांच शुरू हो गई है। हालांकिए दुर्घटना में घायल हुए प्रसून और प्रणय फिलहाल स्थिर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। कोलकाता के सीपी मनोज वर्मा पहले ही टांगरा स्थित घर पहुंच चुके हैं।

## आमता में प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी भीषण आगए भारी नुकसान की आशंका

संवाददाता

**कोलकाता।** हावड़ा के आमता स्थित एक प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। रात को लगी आग पर सुबह तक काबू नहीं पाया जा सका। तीन दमकल गाड़ियों ने बुधवार सुबह आठ बजे आग पर काबू पा लिया। हालकि यह ज्ञात है कि आग अभी भी जल रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसारए आग मंगलवार देर रात आमता न्यू रोड के चौराहे के पास लगी। सूचना मिलने पर आमता थाना पुलिस मौके पर पहुंची। आग की सूचना उलुबेरिया अग्निशमन केंद्र को दी गई। आग पर काबू पाने के लिए तीन दमकल गाड़ियां काम सुरु कीए लेकिन सुबह तक आग जलती रही। हालाकि आग पर धीरे.धीरे काबू पाया गया है।



इस क्षेत्र में अग्निशमन विभाग की कमी के कारण अक्सर आग लग जाती हैए जिससे व्यापक क्षति होती है। आमता पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए कई दमकल गाड़ियां काम की हैं। स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। आग पर अब काबू पा लिया गया है! अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि फैक्ट्री में ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग तेजी से पूरे फैक्ट्री में फैल गई। आग पर काबू पा लिया गया है। आग लगने का कारण जांच से पता चलेगा। स्थानीय लोगों की मांग है कि क्षेत्र में जल्द से जल्द एक अग्निशमन केंद्र बनाया जाए। यहां कई कारखाने हैं। लेकिन जब आग लगी तो उलूबेरिया से दमकल की गाड़ी पहुंचने तक यह पूरी तरह जलकर राख हो चुका था।

## मालदा में अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह का सरगना गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद

संवाददाता

**कोलकाता।** मालदा पुलिस ने अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह में शामिल एक प्रमुख व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पड़ोसी राज्य झाडखंड से हथियारों की तस्करी करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। कोलकाता एसटीएफ से सूचना मिलने के बाद वैष्णवनगर थाने की पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से पांच 7 एमएम पिस्तौल और 10 मैगजीन बरामद की गईं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस गिरोह में और कौन.कौन शामिल है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति का नाम राहेल राणा है। वह मालदा के वैष्णवनगर थाना क्षेत्र का निवासी है। पता चला है कि गिरफ्तार व्यक्ति का झारखंड में भी घर है। मंगलवार रात कोलकाता एसटीएफ ने वैष्णवनगर थाने को सूचना दी कि कई हथियारों की तस्करी की जा रही है। तदनुसारए पुलिस ने छापेमारी की। राहेल को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से हथियार के अलावा झारखंड नंबर प्लेट वाली एक बाइक भी बरामद की गई। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान जांचकताओं को पता चला कि हथियार झारखंड के साहेबगंज के श्रीघर से लाए जा रहे थे। गिरफ्तार राहुल मालदा के माणीकचक में एक लिंकमैन को हथियार पहुंचा रहा था। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले मुर्शिदाबाद के सागरदीघी थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग से एक देसी पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए थे। उसका रेस गया है की नहीं पुलिस को पड़ोसी जिले में एक अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह का पता चला। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# कृषि के तौर-तरीकों को बदलें किसान : शिल्पी नेहा तिर्की



**संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की माननीय मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि किसानों को समय के साथ कृषि के तौर-तरीकों को बदलना होगा। सबका आधुनिकरण हो रहा है। किसानों को कृषि कार्य मजदूर की तरह नहीं व्यवसाय के रूप में करना होगा। पारंपरिक व्यवस्थाओं को बदलना होगा। धान-गेहूं की जगह संतरा, ड्रैगन फ्रूट आदि फल-सब्जियां आदि नगदी फसलों का उत्पादन करना होगा। माननीय मंत्री आज पलामू के शिवाजी मैदान में आयोजित प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी-2025 के अवसर पर किसानों को संबोधित कर रहीं थीं। किसान मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी में पलामू प्रमंडल के पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिले के पदाधिकारी एवं किसान उपस्थित थे। मेला में 40 स्टॉल लगाया गया। जहां विभागों की योजनाओं की जानकारी दी गई। मेला में किसानों के बीच परिस्थितियों का भी वितरण किया गया। माननीय मंत्री सभी स्टॉल का निरीक्षण कर वहां प्रदर्शित कृषि उत्पाद एवं कृषि यंत्रों का अवलोकन किया। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा किसानों को बीज-खाद का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पलामू में क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र स्थापित है। कृषि विज्ञान केन्द्र भी है। यहां के किसानों के विकास में इन्हें पूरा योगदान करना होगा। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ एक ही लाभूक को नहीं, बल्कि अलग-अलग किसानों को देना होगा। उन्होंने वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट की चर्चा करते हुए कहा कि पलामू में तेलहन की खेती की प्रबल संभावनाएं हैं। पलामू तेलहन की खेती के लिए जाना जाएगा। इस दिशा में सरकार कार्य कर रही है। तेलहन की खेती को बढ़ावा देने के लिए पलामू में स्टोरेज और प्रोसेसिंग प्लांट लगाया जाएगा। इसके लिए उपायुक्त के माध्यम से प्रस्ताव मांगा गया है। उन्होंने महिलाओं की उत्थान की बातें कहीं। उन्होंने महिलाओं को सामूहिकता की ओर आगे बढ़ने की सलाह दी। इसके लिए सोसाइटी का गठन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राज्य को सफल बनाने के लिए सामूहिकता में विश्वास करना होगा। उन्होंने कहा कि पलामू के तीनों जिलों पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने किसानों के हित में वीएलडब्ल्यू को विभाग की पूर्ण जिम्मेवारी देने की बातें कहीं। साथ ही वीएलडब्ल्यू और कृषि मित्र को राज्य की जनता के साथ छल-कपट नहीं करने की सख्त सलाह दी। कृषि मंत्री ने कहा कि पलामू में यह तीसरा प्रमंडल स्तरीय कृषि मेला का आयोजन हुआ है।

### जिला का ग्रामीण अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर,सतही जल को बचाने से आएगी खुशहाली : राधा कृष्ण किशोर

वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के माननीय मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि पलामू जिला का ग्रामीण अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर है। किसानों की खुशहाली से पलामू का आर्थिक विकास संभव है। पलामू सुखाड़ व आकाल की चपेट में रहता है। पलामू में खेती के लिए जरूरत से भी कम बारिश होती है। ऐसे में सतही जल को बचाना आवश्यक है। इसे बचा लेने से किसान सफल बनेंगे। सतही जल को नहीं बचाने से भूगर्भीय जल की भी संकट होगी। उन्होंने कहा कि किसानों का माइंडसेट बदलने की आवश्यकता है। धान-गेहूं की खेती से अलग होकर फल एवं सब्जियों की खेती की ओर रूख करना होगा। कृषि विश्वविद्यालय पलामू में होंगे, तो कृषि ?के क्षेत्र में शोध हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि यहां की ?अरहर दाल की गुणवत्ता बहुत बेहतर है। उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए मिल्क प्रोडक्शन को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यहां मछली पालन की भी प्रबल संभावना है। यह पठारी क्षेत्र है। यहां छोटे -छोटे चेकडैम बनाकर मछली पालन की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। मछली उत्पादन में आगे बढ़ने से दूसरे राज्यों पर से निर्भरता समाप्त होगी और पलामू दूसरे जिलों को मछली भेज सकेगा।

### सोलर पंप से खेत में पानी पहुंचाकर खेती बढ़ाया जाय

मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि विकास के लिए खेती को आगे बढ़ाना होगा। खेती से अंतिम व्यक्ति से लेकर ऊपर तक के लोगों को लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड को भारत के मानचित्र पर ले जाने के लिए प्रयत्नशील हैं। पलामू, गढ़वा व लातेहार में कृषि की कई संभावनाएं हैं। लातेहार में बेतला टूरिस्ट पैलेस है। छोटी-छोटी नदियों में सोलर पंप लगाकर ?किसानों के खेत में पानी पहुंचाकर खेती को बढ़ाया जा सकता है।

### पलामू के लिए स्पेशल ड्राइव चलाकर खेत में पानी पहुंचाने की पहल

पूर्व मंत्री के.एन त्रिपाठी ने कहा कि पलामू आकाल व सुखाड़ झेलती रही है। इससे मुक्ति के लिए सरकार स्पेशल ड्राइव चलाए। हमें जमीन और बंजर जमीन के लिए पानी की व्यवस्था करनी है। जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि किसानों के हित के लिए प्रखंड स्तर पर किसान भवन बनाने की पहल होनी चाहिए। प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मेला के माध्यम से किसान कृषि से संबंधित विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। कृषि क्षेत्र की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी जा रही है। कृषि मुख्य व्यवसाय है।

### 16 किसानों के बीच परिसंपत्तियों का हुआ वितरण

प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी के मौके पर माननीय मंत्री एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा सांकेतिक रूप से 16 किसानों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। पलामू के दो किसानों को किसान समृद्धि योजनाअंतर्गत चलंत सोलर पंप वितरण किया गया। वहीं एनएफएसएम अंतर्गत एक किसान को रोटावेटर एवं एक किसान को विद्युत पंपसेट दिया गया। वहीं दो किसानों को बकरा विकास योजना अंतर्गत बकरा प्रदान किए गए। दो किसानों को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत गाय एवं एक किसान को मतस्य विपणन हेतु पिकअप वैन दिया गया। गढ़वा जिले के दो किसानों को मधुमक्खी पालन हेतु किट एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत एक किसान को गाय उपलब्ध कराए गए। साथ ही लातेहार जिले के किसान को एनएफएसएम अंतर्गत मल्टीक्रॉप थ्रेशर, विद्युत पंप सेट तथा पावर नेपसैक स्प्रेयर प्रदान किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रतिबंध के बावजूद पूरे प्रखंड क्षेत्र में गुटखा की धड़ल्ले से बिक्री जारी

**चान्हो।** चाहो प्रखंड क्षेत्र में सरकार द्वारा तंबाकू युक्त गुटखा और पान मसाला पर लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद इसकी अवैध बिक्री धड़ल्ले से जारी है। राज्य सरकार द्वारा इस पर पूरी तरह से रोक लगाई गई है, लेकिन इसके बावजूद गुटखा का व्यापार थमने का नाम नहीं ले रहा है।प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी दुकानों में गुटखा खुलेआम बिक रहा है। छोटे-बड़े किराना दुकानों और पान की दुकानों पर गुटखा आसानी से उपलब्ध है। दुकानों में गुटखा की पैकेटों की लड़ियां सजी रहती हैं, जिससे यह साफ होता है कि इस प्रतिबंध का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। गुटखा खाने और दूसरों को खिलाने का प्रचलन अब एक फैशन बन गया है, और युवा वर्ग तेजी से इसकी चपेट में आ रहा है। इस धंधे में बड़े थोक विक्रेता शामिल हैं, जो गुपचुप तरीके से इस कारोबार को चला रहे हैं। प्रतिबंध के कारण गुटखा की कीमतें बढ़ गई हैं, जिससे विक्रेताओं को अधिक मुनाफा हो रहा है। नाम न छापने की शर्त पर एक व्यापारी ने बताया कि गुटखे की बिक्री पर प्रतिबंध तो है, लेकिन प्रशासन की उदासीनता के कारण यह खुलेआम बिक रहा है। जिले में अब तक प्रशासन की ओर से इस अवैध कारोबार के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से इस पर कड़ी कार्रवाई करने और क्षेत्र में गुटखे की बिक्री पर पूर्ण रूप से रोक लगाने की मांग की है।

### पूर्व मुखिया भूनेश्वर भुईयां के निधन पर शोक

**हरिहरगंज।** अररूआ खुर्द पंचायत के पूर्व मुखिया भूनेश्वर भुईयां का निधन बुधवार को हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देने के लिए जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और आम लोगों का तांता लगा रहा। गाजे-बाजे के साथ उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई और गांव के समीप बटाने नदी घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान खड़गपुर पंचायत की पूर्व मुखिया उर्मिला देवी, उनके दमाद चंदू भुईयां, राजद पंचायत अध्यक्ष घूरेंद्र भुईयां, सुरेंद्र भुईयां, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, बुधन सिंह यादव, मुखिया संदीप यादव, बसपा नेता प्रमोद रवि, सुशील रवि, डॉ० गणमान्य लोग मौजूद थे। उपस्थित लोगों ने बताया कि भूनेश्वर भुईयां जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ रहते थे और वे मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके निधन से क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

### आठ आवेदकों को अनुकंपा पर नियुक्ति की अनुशंसा, उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों को अनुकंपा पर नियुक्ति देने पर विचार किया गया। समिति द्वारा प्रस्तुत किए गए 10 आवेदनों की विस्तृत जांच की गई, जिसमें 8 आवेदकों को योग्य पाते हुए उनकी नियुक्ति हेतु अनुशंसा की गई। एक आवेदन को अस्वीकृत कर दिया गया, जबकि एक अन्य आवेदन को लंबित रखते हुए आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, कर्मचारियों को एसीपी और एमएसीपी का लाभ देने के लिए प्राप्त 21 आवेदनों में से 16 को स्वीकृत किया गया। बैठक में उपायुक्त के साथ उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे आवेदकों की नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें ।

## मिशन समृद्धि संस्था ने जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किए




**संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था जरूरतमंदों की सेवा के लिए लगातार कार्य करती आ रही है। यह संस्था न केवल मेदिनीनगर बल्कि दूरदराज के गांवों तक पहुंचकर जरूरतमंदों को मौसम के अनुसार कपड़े उपलब्ध कराती है। कचरवा ऐसा स्थान है, जहां यह संस्था अपने सेवा कार्यों का लगातार विस्तार करती रही है और इसके प्रयासों को यहां अपार सफलता भी मिलती रही है। इस बार किसी कारणवश कचरवा के जरूरतमंदों के बीच कंबल नहीं बांटे जा सके थे, लेकिन ईश्वर की कृपा से ठंड खत्म होने से पहले ही वहां के बुजुर्गों और दिव्यांगों की यह जरूरत पूरी हो गई।इस पुनीत कार्य में अहमदाबाद, गुजरात से एस्ट्रोलॉजर डॉ. शेफाली देव वर्मा और मेदिनीनगर बी.एड. कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अनुराधा झा का विशेष योगदान रहा। इनके सौजन्य से बुजुर्गों और दिव्यांगों को ध्यान में रखते हुए कंबलों का वितरण किया गया। इस दौरान जरूरतमंदों की खुशी देखते ही बन रही थी। कंबल प्राप्त करने वाले सभी लोगों ने दिल से आशीर्वाद दिया और संस्था के इस प्रयास की सराहना की। मिशन समृद्धि संस्था समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है और आगे भी इसी तरह जरूरतमंदों की सहायता करती रहेगी।

## द कराटे एकेडमी के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, इंदर सिंह नामधारी ने की सराहना




**संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** रेडमा पांकी रोड स्थित 'द कराटे एकेडमी' में बेल्ट ग्रेडिंग समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी उपस्थित हुए। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने कराटे का डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि ₹दवा कोई वर्जिश से बेहतर नहीं, यह एक सस्ता और कारगर उपाय है। यदि शरीर स्वस्थ है तो व्यक्ति सबसे धनी होता है।₹ उन्होंने कहा कि पलामू की बच्चियों को कराटे की ट्रेनिंग अवश्य लेनी चाहिए ताकि वे किसी भी स्थिति में आत्मरक्षा कर सकें। उन्होंने 'द कराटे एकेडमी' की सराहना की और कहा कि यहां के खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। इस एकेडमी में प्रशिक्षित कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त की है। इस अवसर पर कराटे एकेडमी के निर्देशक सुमित बर्मन ने बताया कि वे पिछले 12 वर्षों से पलामू जिला में मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दे रहे हैं। उनके द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ी खेलो इंडिया, एसजीएफआई जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं और देश के लिए पदक जीतते हैं। इस अवसर पर कई खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभिन्न बेल्टों से नवाजा गया। कार्यक्रम का संचालन द्रोणाचार्य तीरंदाजी अकादमी के प्रशिक्षक अमरेश कुमार ने किया। इस मौके पर पलामू गतका संघ के सह सचिव दिपेंद्र कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

## मनरेगा योजनाओं में अनियमितताओं की खुली पोल, जनप्रतिनिधियों ने की जांच



**संवाददाता**

**बरवाडीह।** मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही और अनियमितताओं की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में बुधवार को प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी और उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल ने पंचायत केचकी का दौरा किया। जांच के दौरान उन्होंने पाया कि एक ही भूमि पर कई लाभुकों का कार्य क्रियान्वित हो रहा है और उनमें से अधिकांश घर के ही सदस्य हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि योजनाओं में भारी अनियमितता बरती जा रही है। प्रमुख सुशीला देवी ने कहा कि मनरेगा योजनाओं में लूट की खुली छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया कि एक एकड़ जमीन पर अधूरे ईसीबी मेढ़बंदी निर्माण कार्य किया जा रहा है और कई योजनाएं तो केवल कागजों पर ही चल रही हैं। उन्होंने इस संबंध में मनरेगा लोकपाल संतोष कुमार पंडित को भी सूचित किया। वहीं, उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल ने कहा कि लाभुकों को दो वित्तीय वर्षों में एक ही योजना का लाभ दिया जा रहा है, जो पूरी तरह नियमविरुद्ध है। उन्होंने इस मामले में जिला उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से तत्काल कार्रवाई की मांग की ताकि मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना का सही क्रियान्वयन हो सके और जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल सके।

## सामूहिक विवाह में शामिल होने वाली बहनों का हल्दी समारोह पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न



**संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय इन दिनों 351 बहनों के सामूहिक विवाह की तैयारियों को लेकर चर्चा का केंद्र बना हुआ है। हर ओर विकास माली की सराहना हो रही है, जो इस भव्य आयोजन के सूत्रधार हैं। उनके प्रयासों से यह ऐतिहासिक विवाह समारोह संभव हो पा रहा है। पूरे जिले में इस सामूहिक विवाह की चर्चा हो रही है, और लोग विकास माली के इस सामाजिक कार्य की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार की शाम दानरो नदी के तट पर बने भव्य विवाह मंडप में सभी बहनों का हल्दी समारोह पारंपरिक रीति-रिवाजों और गीत-संगीत के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर हर ओर हर्ष और उल्लास का माहौल देखने को मिला। विवाह मंडप में मौजूद हर व्यक्ति इस पल को यादगार बनाने में जुटा रहा। हल्दी समारोह में बहनों के परिजनों के साथ-साथ कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव और कमेटी के सभी सक्रिय सदस्य भी मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान विकास माली ने कहा कि 351 बहनों की शादी के लिए सभी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। उन्होंने कहा कि कई दिनों की मेहनत और तैयारियों का फल बुधवार को मिलेगा, जब सभी बहनें विवाह के पवित्र बंधन में बंध जाएंगी। इस आयोजन को सफल बनाने में पूरी टीम ने जी-जान लगाई है, और अब बस वह शुभ क्षण आने ही वाला है, जब यह ऐतिहासिक विवाह समारोह पूर्ण होगा। हल्दी समारोह में पारंपरिक गीतों और संगीत के बीच बहनों को हल्दी लगाई गई, जिससे माहौल पूरी तरह से उत्सवमय हो गया। यह आयोजन न केवल इन 351 बहनों के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बन रहा है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम समाज में एक नई मिसाल पेश कर रहा है और यह दिखा रहा है कि अगर नेक इरादे से काम किया जाए, तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## विवेकानंद विद्या मंदिर कुंदरी में वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आयोजन




**संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्वामी विवेकानंद के आर्दशों पर संचालित विवेकानंद विद्या मंदिर, कुंदरी में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यालय की स्थापना दिवस 19 फरवरी के अवसर पर किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने इसे खेल महोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया, जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस खेल महोत्सव में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, बैलेंसिंग रेस, स्पून रेस और कबड्डी प्रतियोगिता कराई गई। कबड्डी प्रतियोगिता में टैगोर हाउस ने 3-0 से शानदार जीत दर्ज की, जबकि बैलेंसिंग प्रतियोगिता में मां शारदा हाउस विजयी रहा। 100 मीटर पुरुष वर्ग में आकाश ने पहला स्थान, शौर्य ने दूसरा और सत्या ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में मनीष ने प्रथम, विकास ने द्वितीय और प्रिंस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में अर्चना ने पहला स्थान, करिश्मा ने दूसरा और श्रेया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ में अंश राज पहले, खुशी दूसरे और सुजीत तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय प्रशासन द्वारा खिलाड़ियों के लिए नाश्ते, ग्लूकोज और मेडिकल किट की उचित व्यवस्था की गई थी, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। पूरे आयोजन में छात्रों का उत्साह देखते ही बनता था। खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों के बेहतर प्रदर्शन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय प्रशासन ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन और प्रशिक्षण से वे आगे भी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक कमलेश सिंह, प्रधानाचार्य शुभम ठाकुर, शिक्षिका श्रेया, ज्योति, रंजू, बबिता और कर्मचारी जोगेंद्र सहित पूरा विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

# व्यापारियों ने आमरण अनशन के समर्थन में बाजार बंद किया



**संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखंड परिसर में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर समाजसेवी राजीव रंजन के नेतृत्व में आमरण अनशन जारी है। बीते रविवार से शुरू हुआ यह अनशन भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए किया गया है, जिसमें स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। आमरण अनशन के समर्थन में बुधवार को हरिहरगंज के व्यवसायियों ने बाजार पूरी तरह बंद रखा। उन्होंने समाजसेवी राजीव रंजन की मांगों को पूरी तरह जायज ठहराया और भ्रष्टाचार के खिलाफ इस आंदोलन को समर्थन देने की बात कही। अनशन में रखी गई 11 सूत्रीय मांगों में मुख्य रूप से प्रखंड और नगर पंचायत में व्याप्त रिश्वतखोरी को समाप्त करने, प्रधानमंत्री आवास योजना में अवैध वसूली को रोकने, नगर पंचायत में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, वर्ष 2021-22 में दैनिक मजदूरी कार्य करने वाले 145 मजदूरों का बकाया भुगतान करने, प्रखंड एवं नगर पंचायत परिसर से डंप कचरा हटाने और पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र शुरू करने की मांगें शामिल हैं। आमरण अनशन का यह तीसरा दिन था और समाजसेवी राजीव रंजन की सेहत में लगातार गिरावट आ रही है। बुधवार को हरिहरगंज के व्यापारियों ने भी इस आंदोलन में अपना समर्थन दिखाते हुए अपनी दुकानें बंद रखीं और धरना स्थल पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। युवा वर्ग ने भी इस आंदोलन का समर्थन किया है। व्यवसायी जेपी गुप्ता ने मंगलवार से आमरण अनशन शुरू कर दिया है, और आंदोलन को और मजबूती देने के लिए व्यवसायी संजय जयसवाल भी समर्थन में उतर आए हैं। आंदोलन का समर्थन करने वाले लोगों ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ यह लड़ाई जायज है, लेकिन जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी इस पूरे घटनाक्रम से बेपरवाह बने हुए हैं। आमरण अनशन स्थल के पास से ही बीडीओ, सीओ और कार्यपालक पदाधिकारी गुजर रहे हैं, लेकिन कोई भी सुध लेने को तैयार नहीं है। आंदोलनकारियों का कहना है कि जो अधिकारी जनता के हित में कार्य नहीं कर रहे हैं, उन्हें इस पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है। यह आंदोलन आगे भी जारी रहेगा और जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक यह संघर्ष चलता रहेगा। इस आंदोलन में व्यवसायी कृष्ण कुमार क्रांतिकारी, विश्वदीप कुमार, शिवकुमार, संजय रुद्र, विनोद साव, विकास साव, उपेंद्र प्रसाद, पवन साव, विक्की गुप्ता, राकेश कुमार सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## सेमरवार पंचायत में दो पंचायत सहायकों का चयन



**संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखंड के सेमरवार पंचायत सचिवालय में बुधवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुखिया जितेंद्र पासवान ने की। इस ग्राम सभा में पंचायत सहायक पद के लिए चयन प्रक्रिया पूरी की गई, जिसमें स्वयंसेवक मुकेश कुमार और बलराम राम का चयन किया गया। मुखिया जितेंद्र पासवान ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की गाइडलाइन के अनुसार उन्हीं लोगों को पंचायत सहायक के रूप में चुना जाना था, जो पहले से ही स्वयंसेवक के रूप में कार्य कर रहे हैं। पंचायत सहायकों की जिम्मेदारी पंचायत में सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना, कार्यों की गति को बढ़ाना और पारदर्शिता बनाए रखना होगा। इस अवसर पर पंचायत के उपमुखिया अनीश कुमार, वार्ड सदस्य अर्जुन भारती, उपेंद्र यादव, ग्रामीण बीगू पासवान, अनिल मेहता, कुंदन यादव, बिंदेश्वरी पासवान, रंजीत गुप्ता, बृहस्पति पासवान, सत्यनारायण पासवान, भिखारी भुइयां सहित चार दर्जन से अधिक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### वॉलीबॉल नेशंस लीग फाइनल 2025 की मेजबानी करेगा निंगबो



**जिनेवा।** पूर्वी चीन का निंगबो इस गर्मी में 2025 वॉलीबॉल नेशंस लीग (वीएनएल) पुरुष फाइनल की मेजबानी करेगा।-इंटरनेशनल वॉलीबॉल फेडरेशन (एफआईवीबी) ने मंगलवार को उक्त घोषणा की। निंगबो बेइलुन स्पोर्ट्स एंड आर्ट्स सेंटर 30 जुलाई से 3 अगस्त तक कार्यक्रम का आयोजन करेगा, जबकि महिलाओं का फाइनल 23 से 27 जुलाई तक पोलैंड के लॉड्ज में होगा। एफआईवीबी के अनुसार, हांगकांग और मकाओ ने 2024 में महिला वीएनएल के प्रत्येक दौर की मेजबानी की, 268 मिलियन दर्शकों को आकर्षित किया और चीन सेंट्रल टेलीविजन पर 168 घंटे का लाइव प्रसारण किया। एफआईवीबी ने यह भी कहा कि वीएनएल 2024 में चीन में दूसरा सबसे बड़ा खेल प्रसारण था, जिसकी अधिकतम दर्शक संख्या 23.6 मिलियन तक पहुंच गई थी। एफआईवीबी ने घोषणा की कि 2024 में वीएनएल ने वैश्विक स्तर पर उपस्थिति में 13 प्रतिशत की वृद्धि देखी।

### स्पेशल स्कूल स्पोर्ट्स मीट में धर्मशाला के सूर्य उदय चेरिटेबल ट्रस्ट के बच्चों ने जीते 18 पदक



**धर्मशाला।** उत्तराखंड के ऋषिकेश में आयोजित अन्तर्राज्यीय स्पेशल स्कूल स्पोर्ट्स मीट 2025 में धर्मशाला के सूर्य उदय चेरिटेबल ट्रस्ट के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 पदक जीते हैं। ऋषिकेश में ज्योति स्पेशल स्कूल द्वारा 18 और 19 फरवरी को आयोजित इस स्पोर्टस मीट में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा एवं हिमाचल के 14 स्कूलों ने भाग लिया। धर्मशाला के सूर्य उदय चैरिटेबल ट्रस्ट थेहड़ खनियारा के 11 बच्चों ने इस मीट में हिस्सा लिया। इन बच्चों ने विभिन्न खेल स्पधाओं में 100 मीटर और 200 मीटर रेस, सॉफ्ट बॉल थ्रो, लॉन्ग जम्प, बोची, शॉर्टपुट आदि गेम्स में भाग लिया लेकर एक गोल्ड, 12 सिल्वर और पांच कांस्य पदक अर्जित कर हिमाचल का नाम रोशन किया। इसके अलावा बच्चों ने हिमाचली डांस भी प्रस्तुत किया जिसकी सबने प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में डीआईजी दराडे संजय भास्कर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने सभी बच्चों के प्रदर्शन की जमकर प्रशंसा की तथा विजेताओं को सम्मानित किया।

### डीआईजी मुनिराज व भाजपा नेत्री अल्पना रितेश ने किया प्रतियोगिता शुभारंभ

# खेलों के माध्यम से ही खिलाड़ी देश का नाम रोशन करते हैं: डीआईजी

**मुरादाबाद। एजेंसी**

खेल निदेशालय उप्र लखनऊ एवं उप्र हैंडबाल संघ के समन्वय से ओपन स्टेट आमंत्रण महिला हैंडबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को रामगंगा विहार स्थित सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज व भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता संयोजिका बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (भाजपा) के द्वारा संयुक्त रूप से गुब्बारे उड़ाकर किया गया। इस अवसर पर डीआईजी ने कहा कि खेलों के माध्यम से खिलाड़ी अपने महानगर, अपने प्रदेश, अपने देश का नाम दुनिया भर में रोशन करते हैं।

क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी जितेन्द्र यादव व उप्र ओलम्पिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ अजय पाठक ने मुख्य अतिथि डीआईजी मुनिराज जी को बुके देकर, शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का उदघाटन मैच अयोध्या बनाम मुजफ्फरनगर के बीच खेला गया जिसमें अयोध्या की टीम ने 21-14 से विजेता रही। विजेता टीम की ओर से सर्वाधिक गोल अराधना ने 6 गोल किये मुजफ्फरनगर की टीम की ओर सर्वाधिक गोल कर्निका ने 4 गोल किये। दूसरा मैच-प्रयागराज बनाम लखनऊ के बीच खेला गया जिसमें लखनऊ की टीम ने 5-0 से यह मैच जीत लिया।

विजेता टीम की ओर से डाली ने 03 गोल व सौम्या ने 02 गोल किये। तीसरा मैच बनारस बनाम मुरादाबाद के बीच खेला गया जिसमें बनारस की टीम ने 75 से यह मैच जीत लिया। विजेता टीम की ओर से सर्वाधिक गोल सान्य व स्नेहा ने 2-2 गोल किया, मुरादाबाद टीम की ओर से नैना ने सर्वाधिक 3 गोल किये। चौथा मैच गोरखपुर बनाम मिजार्पुर के बीच खेला गया जिसमें गोरखपुर टीम ने जीत लिया। विजेता टीम की ओर से मान्या चौधरी 06 गोल व साक्षी सिंह ने 01. आरती ने सर्वाधिक 3 गोल किये। पांचवा मैच बरेली बनाम लखनऊ के बीच खेला गया जिसमें लखनऊ की टीन में यह मैच 23-0 से जीत लिया। विजेता टीम की ओर से सर्वाधिक गोल सौम्या ने 15 गोल किये।

छठा मैच-अयोध्या बनाम प्रयागराज के बीच खेला गया जिसमें अयोध्या की टीम विजेता रही विजेता टीम 100 से यह मैच जीत लिया। रिया सिंह ने 4 मीरा यादव 3 ने गोल किये। सातवां मैच-बरेली बनाम अयोध्या के बीच खेला गया जिसमें अयोध्या टीम ने 111 से यह मैच जीत लिया । जिसमें मीरा यादव ने आयोध्या की ओर से 05 गोल, रिया गुप्ता ने 04 ने गोल किये। आठवां मैच बागपत बनाम बनारस के बीच खेला गया।



● विजेता टीम की ओर से सर्वाधिक गोल अयोध्या की टीम ने 21-14 से विजेता रही
● अराधना ने 6 गोल किये मुजफफरनगर की टीम की ओर कर्निका ने 4 गोल किये

### पूर्व कप्तान मिलिंद रेगे का निधन



**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज ऑलराउंडर मिलिंद रेगे का बुधवार को कार्डियक अरेस्ट के कारण निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। रेगे, जो एक ऑफ-स्पिनिंग ऑलराउंडर थे, ने मुंबई के स्वर्णिम युग के दौरान 52 प्रथम श्रेणी मैचों में हिस्सा लिया था। वह लगातार पांच रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने वाली मुंबई टीम का हिस्सा रहे। हालांकि, 20 साल की उम्र में हृदय संबंधी समस्याओं के कारण उनका क्रिकेट करियर छोटा हो गया था, लेकिन उन्होंने खेल से जुड़े रहते हुए एक शानदार पेशेवर जीवन जिया। रेगे ने न केवल खिलाड़ी बल्कि प्रशासक और चयनकर्ता के रूप में भी क्रिकेट की सेवा की। वह टाटा स्पोर्ट्स क्लब और टाटा संचार विंग के प्रमुख रहे। मुंबई क्रिकेट में चयनकर्ता के रूप में उन्होंने कई प्रतिभाओं को तराशने का काम किया। सचिन तेंदुलकर से लेकर यशस्वी जायसवाल तक, उन्होंने कई युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दिया। पिछले चार वर्षों से वह मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के सलाहकार के रूप में कार्यरत थे। उमुंबई में पले-बढ़े मिलिंद रेगे को क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर के सबसे करीबी दोस्तों में गिना जाता था।

## अखिल भारतीय पुलिस वाटरस्पोर्ट्स प्रतियोगिता में उप्र पुलिस ने जीते छह पदक

**लखनऊ। एजेंसी**

अखिल भारतीय पुलिस वाटरस्पोर्ट्स प्रतियोगिता में उप्र पुलिस के खिलाड़ियों ने अब तक छह पदक हासिल किये हैं। इससे पुलिस विभाग में खुशी का माहौल है। 21 फरवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर अपर पुलिस महानिदेशक सुजीत पांडेय, पुलिस महानिरीक्षक पीएसी किरीट राठोड़ सहित पुलिस कई पुलिस अधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी। इसके साथ ही उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्व में राष्ट्र का नाम रोशन करने की कामना की। भोपाल में चल रही प्रतियोगिता में आरक्षी करनबीर सिंह भिंडर और आरक्षी शोभित पांडेय ने रोइंग 2000 मीटर डबल स्कल में एक स्वर्ण पदक जीता है। वही क्याकिंग के-4 1000 मीटर में आरक्षी दीपांशु भारतीय, हर्ष कुमार, रौनक और बृजमोहन यादव ने भी स्वर्ण पदक जीता। रोईंग दो हजारमीटर कोक्सलेश-4 में आदित्य सिंह, लोकेश, निखिल और सोयल ने रजत पदक जीता है। वहीं प्रदीप कुमार और अभय की जोड़ी ने कैनो सी-2 में 1000 मीटर की प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। इसी तरह सत्यम बालियान, बलवीर जाट, अजयवीर सिंह, हर्ष नांदल, प्रियांशु नांदल, प्रियांशु नागर, कवलजीत सिंह ने अपने-अपने विधा में संयुक्त रूप से कांस्य पदक हासिल किया।



### ब्राजीलियन क्लब बोटाफोगो जाने के लिए तैयार पुर्तगाली कोच माटोस

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजीलियन क्लब बोटाफोगो ने पुर्तगाली प्रबंधक वास्को माटोस को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त करने का समझौता कर लिया है। 44 वर्षीय माटोस ने दो साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के लिए सहमति जताई है, जो दिसंबर 2026 तक चलेगा। स्थानीय समाचार आउटलेट ओ ग्लोबो की रिपोर्ट के अनुसार, रियो डी जनेरियो स्थित क्लब ने पुर्तगाल की शीर्ष लीग टीम सांता क्लारा के साथ माटोस के अनुबंध में रिलीज क्लॉज को सक्रिय करने के लिए 1 मिलियन यूरो का भुगतान करने पर सहमति व्यक्त की है। हालांकि, आधिकारिक घोषणा से पहले कुछ प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी की जानी बाकी हैं। बोटाफोगो इस साल की शुरूआत से बिना स्थायी मैनेजर के था, जब पूर्व कोच अर्तुर जॉर्ज ने जनवरी में कतर क्लब अल-रेयान का दामन थाम लिया था। तब से टीम की जिम्मेदारी क्लाउडियो कैकापा को अंतरिम कोच के रूप में सौंपी गई थी। कैकापा अब फिर से अपनी पिछली सहायक कोच की भूमिका में लौट सकते हैं। माटोस को यूरोप के सबसे होनहार युवा मैनेजरों में से एक माना जाता है। उन्होंने सांता क्लारा को पिछले साल पुर्तगाल के दूसरे डिवीजन का खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। मौजूदा सीजन में उनकी टीम शीर्ष-उड़ान स्टैंडिंग में पांचवें स्थान पर है। उनके नेतृत्व में बोटाफोगो को नई रणनीतिक दिशा मिलने की उम्मीद की जा रही है।

## दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना ने जीता महिला हॉकी टूर्नामेंट का खिताब



**नई दिल्ली। एजेंसी**

दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट के महिला वर्ग का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में एलुमना ने इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस को 2-1 से मात दी। श्याम लाल कॉलेज के मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में विजेता टीम के लिए दोनों गोल अक्षिता ने दागे, जबकि पराजित टीम के लिए एकमात्र गोल सोमवती ने किया।

शानदार खेल के लिए दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना की अक्षिता को प्लेयर ऑफ द मैच, जबकि मनिता को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड मिला। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रोहतास नगर के विधायक एवं भाजपा नेता जितेंद्र महाजन ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर श्याम लाल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रबि नारायण कर, दिल्ली यूनिवर्सिटी की फिजिकल एजुकेशन विभागाध्यक्ष प्रो. सरिता त्यागी, डीयूएससी के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. सुशील कुमार, एम्यूनोथेरेपिस्ट डॉ. जमाल अनोनो खान और जाकिर हुसैन कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. नरेंद्र ने खिलाड़ियों को अन्य पुरस्कार वितरित किए। श्याम लाल कॉलेज की स्पोर्ट्स कमेटी के संयोजक वी.एस. जग्गी ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि जितेंद्र महाजन ने कहा मुझे खुशी है कि हमारी बेटियां पूरे जोश और उत्साह के साथ हॉकी टूर्नामेंट में उतरीं। कॉलेज को इस आयोजन के लिए बधाई। गौरतलब है कि मेजबान श्याम लाल कॉलेज ने इस टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग का खिताब जीता। वहीं, इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष और महिला दोनों वर्गों के फाइनल में जगह बनाई।

## भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर काउंटी क्रिकेट में करेंगे डेब्यू

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर काउंटी क्रिकेट में अपना पहला अनुभव हासिल करने के लिए तैयार हैं। 33 वर्षीय ठाकुर को 2025-26 काउंटी चैम्पियनशिप सीजन के शुरूआती भाग में एसेक्स के लिए सात मैचों के अनुबंध पर साइन किया गया है। शार्दुल ठाकुर ने अपने इस नए सफर को लेकर उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा मैं इस गर्मी में एसेक्स में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं। यह मेरे लिए नई चुनौतियां और अवसर लेकर आएगा। काउंटी क्रिकेट हमेशा से मेरे लिए एक सपना रहा है और मैं ईगल्स का प्रतिनिधित्व करने को लेकर रोमांचित हूं।

**मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन**

2017 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से ठाकुर भारतीय टीम में अंदर-बाहर होते रहे हैं। वह आखिरी बार 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के लिए खेले थे। हालांकि, इस समय वह मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में शानदार फॉर्म में हैं। उनकी गेंदबाजी के साथ-साथ निचले क्रम में उपयोगी पारियां खेलने की क्षमता ने मुंबई को रणजी ट्रॉफी के नॉकआउट तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

**एसेक्स ने क्यों चुना ठाकुर**

एसेक्स के क्रिकेट निदेशक क्रिस सिल्वरवुड ने ठाकुर को साइन करने को लेकर क्लब की ओर से जारी बयान में कहा, ₹हम एक ऐसे तेज गेंदबाज की तलाश में थे, जो निचले क्रम में बल्लेबाजी में भी योगदान दे सके। शार्दुल इस भूमिका के लिए पूरी तरह फिट बैठते हैं और हम उन्हें अपनी टीम में शामिल कर बहुत खुश हैं। एसेक्स का हमेशा से बल्लेबाजी में गहराई और निचले क्रम में आक्रामक ऑलराउंडर रखने का दृष्टिकोण रहा है। ठाकुर का यह संक्षिप्त कार्यकाल उन्हें नए अवसर प्रदान करेगा, जबकि एसेक्स को भी उनकी हरफनमौला क्षमताओं का फायदा मिलेगा। अब देखना दिलचस्प होगा कि शार्दुल ठाकुर काउंटी क्रिकेट के अपने पहले सीजन में एसेक्स के लिए कैसा प्रदर्शन करते हैं।

## व्यापार

### शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख नजर आ रहा है। कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे शेयर बाजार की चाल में तेजी आ गई। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.18 प्रतिशत और निफ्टी 0.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, ट्रेंट लिमिटेड, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक और हीरो मोटोकॉर्प के शेयर 2.88 प्रतिशत से लेकर 1.05 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, ब्रिटानिया, सन फार्मास्युटिकल्स और टीसीएस के शेयर 2.37 प्रतिशत से लेकर 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,460 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 2,083 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 377 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 13 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

### स्टॉक मार्केट में वोलर कार की फीकी शुरुआत

**नई दिल्ली।** मल्टीनेशनल कंपनीज और कॉपोर्रेट क्लायंट्स को एम्पलाई ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज (ईटीएस) की सुविधा उपलब्ध कराने वाली कंपनी वोलर कार ने आज स्टॉक मार्केट में फीकी लिस्टिंग के जरिए अपने आईपीओ निवेशकों को जोरदार झटका दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 90 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग बिना किसी उतार-चढ़ाव के 90 रुपये के भाव पर ही हुई। मार्केट में एंट्री होने के थोड़ी देर बाद ही ये शेयर उछल कर 92.90 रुपये के स्तर पर पहुंचा, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इसने 85.50 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक गोता लगा दिया। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही 5 प्रतिशत के नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। वोलर कार का 27 करोड़ रुपये का आईपीओ 12 से 14 फरवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था।

### मैक्सवोल्ट एनर्जी की स्टॉक मार्केट में फ्लैट एंट्री, लिस्टिंग के बाद शेयरों में गिरावट

**नई दिल्ली। एजेंसी**

लिथियम आयन बैटरी बनाने वाली कंपनी मैक्सवोल्ट एनर्जी ने स्टॉक मार्केट में फीकी एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 180 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग बिना उतार-चढ़ाव के 180 रुपये के स्तर पर ही हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव बनने के कारण इस शेयर में गिरावट आ गई।

दोपहर 12 बजे तक के कारोबार के बाद कंपनी के शेयर 178 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही नुकसान होता हुआ नजर आ रहा है। मैक्सवोल्ट एनर्जी का आईपीओ 12 से 14 फरवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 3.23 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 6.76 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.45 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.97 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 45.20 करोड़ रुपये के 24 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं।



### ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बढ़त के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज मामूली तेजी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। सोमवार को प्रेसिडेंट डे की छुट्टी के बाद पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में खरीदारी का रुख बना रहा। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.24 प्रतिशत उछल कर 6,129.58 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.03 प्रतिशत की सांकेतिक तेजी के साथ 20,032.62 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.08 प्रतिशत की मजबूती के साथ 44,592.74 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुआ।

### हेक्सावेयर टेक ने 5 प्रतिशत प्रीमियम के साथ स्टॉक मार्केट में की शुरुआत

**नई दिल्ली। एजेंसी**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी सर्विस देने वाली कंपनी हेक्सावेयर टेक के शेयर ने 5 प्रतिशत प्रीमियम के साथ घरेलू स्टॉक मार्केट में कारोबार की शुरुआत की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 708 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। बीएसई पर कंपनी के शेयर 731 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 745 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। सुबह 11 बजे तक का कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर एनएसई पर 8.50 प्रतिशत की तेजी के साथ 768.35 रुपये के स्तर पर और बीएसई पर 8.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ 768.90 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। हेक्सावेयर टेक का 8,750 करोड़ रुपये का आईपीओ 12 से 14 फरवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 2.79 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 9.55 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसके अलावा किसी भी कैटेगरी में इसे पूरा सब्सक्रिप्शन नहीं मिल सका था। नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 0.21 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 0.11 गुना और एम्पलाइज के लिए रिजर्व पोर्शन 0.33 गुना सब्सक्राइब हुए थे।



## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल में ऑनलाइन सट्टेबाजी गिरोह का पर्दाफाश, 24 भारतीय गिरफ्तार



**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में किराए का घर लेकर ऑनलाइन सट्टेबाजी कराने के आरोप में स्थानीय पुलिस ने एक और गिरोह का पदार्फाश किया है। गिरोह में शामिल 24 भारतीय युवकों को गिरफ्तार किया गया है। काठमांडू पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मंगलवार रात को बूढ़ा-नीलकंठ इलाके में ऑनलाइन सट्टेबाजी की गुप्त सूचना मिलने के बाद छापा मारकर 24 युवकों को गिरफ्तार किया। इस दौरान 21 लैपटॉप, 38 मोबाइल फोन, 50 से अधिक प्रयोग किया हुआ इंडियन कंपनियों का सिमकार्ड, 5 राउटर और हिसाब-किताब रखने के लिए 10 डायरी बरामद किए गए हैं। क्राइम ब्रांच के एसएसपी रमेश बस्नेत ने पत्रकारों को बताया कि पिछले हफ्ते ही एक अन्य भारतीय गिरोह के भंडाफोड़ के बाद जब आगे की जांच शुरू की गई तो इस ऑनलाइन सट्टेबाजी गिरोह का पता चला।

### तीन साल की नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास

**चित्तौड़गढ़।** शहर की उप नगरीय बस्ती चंदेरिया थाना क्षेत्र में तीन साल की मासूम बालिका के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपित को डिटेन किया है। बालिका का मेडिकल करवाया जाकर अनुसंधान शुरू कर दिया है। मामले की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के लोग व क्षेत्रवासी एकत्रित हो गए और आक्रोश जताया। लोगों का आरोप यह भी है कि पुलिस ने कार्रवाई करने के स्थान पर सूचना देने वाले लोगों को ही आरोपित को पुलिस थाने में लाने की सलाह दे दी।

### सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, तीन घायल

**फिरोजाबाद।** नसीरपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बुधवार को एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत और चालक समेत तीन लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतक व घायल महाकुंभ स्नान कर दिल्ली वापस लौट रहे थे। हादसा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर थाना नसीरपुर क्षेत्र अन्तर्गत माइलस्टोन 52.600 किलोमीटर पर बुधवार सुबह हुआ। यहां एक कार आगे चल रहे किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई, जिससे कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही यूपीडा की टीम व थाना नसीरपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

### भैंस चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार

**हरिद्वार।** पुलिस ने भैंस चोरी मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके दो साथी फरार हैं। पुलिस ने चोरी की गई भैंस और छोटा हाथी वाहन बरामद कर लिया है तथा फरार आरोपितों की तलाश जारी है। जानकारी के मुताबिक लक्सर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जसौदरपुर निवासी अतीक पुत्र शरीफ ने 18 फरवरी को कोतवाली लक्सर में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ घर के अहाते में बंधी भैंस को वाहन छोटे हाथी की मदद से चोरी कर लिये जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था।

### गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना पुलिस ने एक नशा तस्कर को भारी मात्रा में गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित पर पूर्व में करीब एक दर्जन मुकदमें दर्ज हैं। जानकारी के मुताबिक ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस ने चेकिंग के दौरान इंद्रलोक कॉलोनी तिराहे से पहले एचआरडीए आवासीय कॉलोनी के समीप एक आरोपित को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर आरोपित के पास से 1 किलो 736 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम पता अक्षय उर्फ टाइगर निवासी ग्राम टांडा भागमल थाना लक्सर हाल निवासी सम्राट मार्केट रावली महदूद सिडकुल हरिद्वार बताया।

### नहर में मिली युवक की लाश,पुलिस ने की पहचान

**लखनऊ।** मोहनलाल गंज थाना क्षेत्र में बुधवार को नहर में एक युवक की लाश मिली है। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। थाना प्रभारी ने बताया कि आज सुबह सूचना मिली कि एक युवक मोटर साइकिल के साथ ग्राम मऊ में नहर में मृत अवस्था में पड़ा मिला है। इस सूचना पर थाना मोहनलालगंज पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान की कोहिनूर लॉन के पास ग्राम मऊ निवासी दीपू (35) के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी है।

### ताले तोड़ लाखों के गहने व नगदी चोरी

**सोनीपत।** सोनीपत जिले के गांव पीपली खेड़ा में चोरों ने एक बंद मकान से लाखों रुपए के गहने और नकदी चोरी कर ली। पीड़ित जगदीप अपने परिवार के साथ छह फरवरी को ससुराल नैन गांव गए थे। मंगलवार को वापस लौटने पर उन्होंने घर का ताला टूटा और सामान बिखरा हुआ पाया। मामले की सूचना पर पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जन आकांक्षाओं के अनुरूप है राजस्थान का बजट: मदन

- स्कूल शिक्षा की मजबूती के लिए किए गए प्रावधानों से भविष्य में सकारात्मक प्रभाव दिखाई देंगे
- सभी को सहज शिक्षा उपलब्ध होगा





**जयपुर। एजेंसी**

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने राजस्थान बजट 2025-26 को जन आकांक्षाओं के अनुरूप बताते हुए कहा कि यह बजट शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और नवाचार को बढ़ावा देने वाला है। उन्होंने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट की सराहना करते हुए कहा कि इसमें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, बालिका शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया है। शिक्षा मंत्री ने बजट को शिक्षा के क्षेत्र में जनहितकारी और शिक्षा में विकास के नए द्वार खोलने वाला बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि सभी को सहज शिक्षा उपलब्ध हो सके।

यह बजट इसी अवधारणा को मजबूती प्रदान करता है। राज्य सरकार प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र की मजबूती के लिए लगातार कार्य कर रही है, जिसका प्रतिबिंब इस बजट में देखने को मिला है। स्कूल शिक्षा की मजबूती के लिए किए गए प्रावधानों से भविष्य में सकारात्मक प्रभाव दिखाई देंगे।

बजट 2025-26 में बालिका शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया है। श्रीगंगानगर जिले में सैनिक स्कूल और जयपुर, अलवर, बीकानेर, जैसलमेर एवं कोटा में बालिका सैनिक स्कूल स्थापित किए जाएंगे। बालिकाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए हर ब्लॉक में विद्यालय या महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई केंद्र स्थापित किए जाएंगे। प्रदेश में चार देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालयों और 16 सावित्रीबाई फुले छात्रावासों का निर्माण कराया जाएगा। बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने हेतु उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा तथा कालीबाई योजना के तहत 35 हजार स्कूटियों के वितरण की घोषणा की गई है। सुरक्षा के मानदंडों को उन्नत करते हुए प्रदेश के 15 हजार राजकीय विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

स्कूली छात्र-छात्राओं में नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के 1,500 विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना की घोषणा की गई है। ये लैब विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्रों में छात्रों को बेहतर व्यावहारिक शिक्षण अनुभव प्रदान करेंगी। जयपुर, जोधपुर एवं उदयपुर में वैदिक गुरुकुल स्थापित किए जाएंगे।

## आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने का अवसर है महाकुम्भ : श्रद्धालु



**महाकुम्भ नगर। एजेंसी**

प्रयागराज महाकुम्भ में पूरी दुनिया से स्नानार्थियों व सैलानियों के आने का सिलसिला लगातार जारी है। श्रद्धालुओं और सैलानियों ने त्रिवेणी संगम में स्नान करने के साथ ही महाकुम्भ मेला क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं का अवलोकन किया। वहीं, कई विदेशी सैलानी महाकुम्भ के अंतर्गत आयोजित हो रहे बर्ड फेस्टिवल का हिस्सा बनकर जीव-जंतुओं व पक्षियों के संरक्षण के लिए हो रहे प्रयासों की भी जानकारी लेते दिखे। महाकुम्भ केवल मनुष्य ही नहीं, पक्षियों व जीव-जंतुओं के कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। यह एक महा आयोजन है, जिसका हिस्सा बनकर वह खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रहे हैं।

**मानवता व धर्म के प्रति विश्वास को दृढ़ करता है महाकुम्भ**

दिल्ली से त्रिवेणी संगम में स्नान करने आईं मोनिका ने बताया कि यह मेरे जीवन का सबसे खूबसूरत पल है। उन्होंने कहा कि इतने लोगों को एक साथ आस्था की डोर में बंधकर त्रिवेणी संगम में स्नान करते देखना अविस्मरणीय क्षण था। महाकुम्भ के इन खूबसूरत क्षणों को जीना एक ऐसा अनुभव है जिसने धर्म और मानवता के प्रति मेरे विश्वास को और दृढ़ कर दिया है। यह एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक यात्रा थी। वहीं दिल्ली से ही आईं शीघ्र बंसल ने कहा कि मैं पहली बार कुम्भ के आयोजन में प्रयागराज आई हूं।

## महाकुम्भ सनातन परंपरा की अखंडता का जीवंत प्रमाण: नरेंद्र

**महाकुम्भनगर। एजेंसी**



उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने बुधवार को अपने परिवार सहित संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने विश्व कल्याण और सनातन संस्कृति की समृद्धि की कामना की। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि महाकुंभ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की महिमा और सनातन परंपरा की अखंडता का जीवंत प्रमाण है। इस महापर्व में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पुण्य अर्जित करने आते हैं, जिससे इसकी वैश्विक प्रतिष्ठा सिद्ध होती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। स्नान, धर्म-कर्म और संतों के सान्निध्य में साधना करने के लिए यहां आदर्श वातावरण निर्मित किया गया है। उन्होंने कहा कि कुंभ मेला सनातन संस्कृति का सम्मान है और इसके माध्यम से पूरी दुनिया में भारत की आध्यात्मिक शक्ति का संदेश जाता है।

## अल्मोड़ा का चौबटिया उद्यान बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**देहरादून। एजेंसी**



उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय उद्यान, चौबटिया को केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर टैम्परेट फ्रूट की स्थापना के लिए 671.62 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। यह परियोजना मुख्य रूप से सेब, आड़ू, नाशपाती, प्लम और अखरोट जैसी शीतोष्ण फसलों के उन्नत उत्पादन पर केंद्रित होगी। परियोजना की मंजूरी पर प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि यह परियोजना इंडो-डच (नीदरलैंड) वर्किंग ग्रुप के सहयोग से संचालित होगी। इसमें नवीन कृषि तकनीकों को अपनाते हुए आधारभूत संरचना, ट्रेनिंग हॉस्टल, सिंचाई प्रणाली, पॉलीहाउस, सॉर्टिंग-ग्रेडिंग यूनिट, प्रदर्शन प्रखंड और कोल्ड रूम की स्थापना की जाएगी। राज्य सरकार मृदा परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना में सहयोग करेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस उत्तराखंड में शीतोष्ण फलों की उन्नत खेती, अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा देगा। इससे किसानों को नई तकनीकों और आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी मिलेगी, जिससे उत्पादन और आय में वृद्धि होगी।

### नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 33 मामले दर्ज, 47 गिरफ्तार

**नाहन।** सिरमौर पुलिस नशा तस्करों और चिट्टा तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। जिले में नशे पर काबू पाने के लिए पुलिस की कार्रवाई के अच्छे परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। इस साल अब तक जिला पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 33 मामले दर्ज किए हैं और 47 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिरमौर योगेश रोल्टा ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान के तहत कल पुलिस की एसआईयू (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट) टीम ने नाहन के उत्तम वाला निवासी हितेश कुमार को गिरफ्तार किया। हितेश कुमार चिट्टे का कारोबार करता था और पुलिस ने उसके पास से 5.8 ग्राम चिट्टा बरामद किया।

## उत्तराखंड में नया भू-कानून लागू: बाहरी लोग नहीं खरीद सकेंगे पहाड़ी जिलों में कृषि भूमि

- नगर निकाय सीमा में आने वाली भूमि का उपयोग केवल निर्धारित भू-उपयोग के अनुसार ही किया जा सकेगा
- किसी व्यक्ति ने नियमों के खिलाफ जमीन का उपयोग किया

**देहरादून। एजेंसी**

उत्तराखंड सरकार ने नया भू-कानून लागू कर दिया है, जिससे बाहरी लोग राज्य के 11 पहाड़ी जिलों में उद्यान और कृषि भूमि नहीं खरीद सकेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कैबिनेट ने इस कानून को मंजूरी दी, जिससे 2018 में लागू भू-कानून के सभी प्रावधान निरस्त कर दिए गए हैं। नए कानून के तहत पहाड़ी जिलों की जमीनों को अतिक्रमण से बचाने के लिए चकबंदी और बंदोबस्ती लागू की जाएगी।

पूर्व में जिलाधिकारी को भूमि खरीद की अनुमति देने का अधिकार था, लेकिन अब उनके अधिकार सीमित कर दिए गए हैं और वे व्यक्तिगत रूप से ऐसी अनुमति नहीं दे सकेंगे। प्रदेश में जमीन खरीद के लिए एक पोर्टल बनाया जाएगा, जहां राज्य के बाहर के किसी भी व्यक्ति की क्रय की गई जमीन को दर्ज किया जाएगा। राज्य से बाहर के लोगों को भूमि क्रय के लिए अनिवार्य रूप से शपथ पत्र देना होगा।

सभी जिलों के जिलाधिकारियों को राजस्व परिषद और शासन को नियमित रूप से भूमि खरीद से जुड़ी रिपोर्ट सौंपनी होगी। नए भू-कानून में प्रावधान किया गया है कि नगर निकाय सीमा में आने वाली भूमि का उपयोग केवल निर्धारित भू-उपयोग के अनुसार ही किया जा सकेगा। यदि किसी व्यक्ति ने नियमों के खिलाफ जमीन का उपयोग किया, तो वह जमीन सरकार में निहित हो जाएगी।

### दसवीं के छात्र की चाकू से गोदकर हत्या

**हिसार।** जिले के कस्बा हांसी की बोघा राम कालोनी के नजदीक एक युवक की चाकुओं से गोदकर कर हत्या कर दी गई। घटना मंगलरार देर रात की है, मृतक की पहचान पहचान बोगा राम कालोनी निवासी 17 वर्षीय अरुण के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार अरुण देर रात अपने दोस्तों के साथ दुकान से सामान लेने के लिए निकला था। दोस्तों के अनुसार जब अरुण नहर कोठी के पास पहुंचा तो अचानक एक कार आई और उसमें सवार तीन-चार युवकों ने अरुण को घेर लिया और उस पर चाकूओं से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने डायल 112 पर फोन कर घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अरुण को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि अरुण की छाती में दिल के पास चाकू पांच-छह इंच गहरे तक घुसा है, जिसकी वजह से उसकी जान चली गई। अरुण दसवीं कक्षा का छात्र था और उसके परिवार में माता और एक बड़ी वहन है।

## बलूचिस्तान में हमलावरों ने बस से उतार कर की सात यात्रियों की हत्या

**क्वेटा। एजेंसी**



पाकिस्तान के बलूचिस्तान के बरखान जिले में एक बस पर हमलावरों ने गोलीबारी की और बस से उतार कर कम-से-कम 7 यात्रियों की हत्या कर दी। मारे गए सभी यात्री पंजाब के विभिन्न हिस्सों के रहने वाले थे। हमला मंगलवार देर रात हुआ। बरखान सहायक आयुक्त (एसी) खादिम हुसैन ने बुधवार सुबह इसकी पुष्टि की। जियो न्यूज के मुताबिक हथियारबंद हमलावरों ने मंगलवार देर रात बलूचिस्तान के बरखान जिले में एक बस पर गोलीबारी की और बाद में बस से उतार कर 7 यात्रियों की हत्या कर दी। हमला रारकन इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ, जहां अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने एक यात्री बस को रोका और हवा में गोलियां चलाईं। इसके बाद बंदूकधारी बस में चढ़े, यात्रियों के पहचान पत्रों की जांच की और 7 लोगों को जबरन पास के एक पहाड़ पर ले गए। कुछ ही देर बाद गोलियों की आवाज सुनाई दी। सुरक्षाबल के जवानों के घटनास्थल पर पहुंचने पर अपहृत यात्रियों के शव पहाड़ी इलाके से मिले। मृतक पंजाब के विभिन्न शहरों के रहने वाले थे। बस सेवा कार्यालय के अनुसार, बस क्वेटा से फैसलाबाद जा रही थी और उसमें कम से कम 45 यात्री सवार थे। हमलावरों की संख्या करीब 10-12 थी और सभी अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आतंकवादी निर्दोष और निहत्थे नागरिकों को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि शांति के दुश्मनों का यह कायरतापूर्ण हमला असहनीय है।

**धरोहर** मुंबई, दिल्ली, देहरादून से लौटकर गांव में पुराने घरों का फिर से कर रहे हैं निर्माण

## शहरों से लौटकर प्रवासी अब गांव में बसाने लगे हैं आशियाने, लौटने लगी रौनक

- कम ही गांव हैं, जहां भरे-पूरे परिवार निवास कर रहे हैं, अन्यथा अधिकांश गांवों में गिनती के परिवार रह गए हैं

**रुद्रप्रयाग। एजेंसी**



वर्षों तक शहरों, महानगरों में रहने वाले प्रवासी परिवार अपने पैतृक धरोहरों को संवार रहे हैं। साथ ही अपने गांवों में आकर पैतृक आवासीय मकानों का जीर्णोद्धार कर अपने लिए नया घर भी बना रहे हैं। बच्छणस्यूं के नवासू सहित अन्य गांवों में प्रवासियों की इस मुहिम से गांव गुलजार होने लगा है। बीते दो दशक में पहाड़ पलायन की मार से त्रस्त है। कम ही गांव हैं, जहां भरे-पूरे परिवार निवास कर रहे हैं, अन्यथा अधिकांश गांवों में गिनती के परिवार रह गए हैं। इन परिवारों में जो लोग रह भी रहे हैं, उनमें ज्यादातर बुजुर्ग हैं। अब सूने गांवों के गुलजार होने की उम्मीद जग गई है। मुंबई, दिल्ली, शिमला, देहरादून सहित अन्य बड़े शहरों में वर्षों से अपने फ्लैट व बहुमंजिला मकान बनाकर जीवन यापन कर रहे प्रवासी अपनी मूल जड़ों से जुड़ रहे हैं। बच्छणस्यूं पट्टी के ग्राम पंचायत नवासू में बीते दो, तीन वर्षों में प्रवासी परिवारों ने अपने पैतृक मकानों का जीर्णोद्धार करने के साथ ही नव निर्माण भी किया है। बीते चार दशक से मुंबई में रह रहे नवासू गांव के राजेंद्र सिंह रौथाण ने गांव में अपने पैतृक मकान का जीर्णोद्धार किया है। वहीं, सेवानिवृत्त शिक्षाविद रवींद्र सिंह रौथाण ने भी अपना पैतृक मकान को संवारने का काम कर रहे हैं। वह, बताते हैं कि पैतृक घर गांव लौटने का एक माध्यम है, जिसे सुधारना पहली प्राथमिकता थी। वर्षों में शिमला में रहने वाले बलवीर सिंह रौथाण व जगदीश सिंह रौथाण बीते वर्ष अपने पैतृक मकान का जीर्णोद्धार किया है। दिल्ली में रहने वाले बुद्धि सिह रौथाण तीन वर्ष पूर्व अपने पैतृक मकान के समीप ही नया आशियाना बना चुके हैं।

वर्षों से दिल्ली में रहने वाले जयकृत सिंह रौथाण भी गांव में अपने लिए दो मंजिला नया भवन बना चुके हैं। प्रवासियों द्वारा अपने पैतृक घरों के पुनरोद्धार करने से वह अब समय-समय पर गांव पहुंच रहे हैं।

इस वर्ष 13 से 21 जनवरी तक गांव में आयोजित मां राजराजेश्वरी प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में शामिल प्रवासी परिवार सहित अपने पैतृक घरों में रहे। ग्राम पंचायत नवासू की निवर्तमान ग्राम प्रधान देवेश्वरी देवी ने बताया कि बीते दो-तीन वर्षों में गांव में 20 से अधिक पैतृक मकानों का जीर्णोद्धार हो चुका है। साथ ही कुछ नये मकान भी बने हैं। ग्राम पंचायत बंगोली और निशणी के सुनाऊं, चाम्यूं, पणधारा, कलेथ गांव में भी 20 से अधिक पुराने पैतृक मकानों की मरम्मत हो चुकी है।

## प्रदेश के सभी जिलों में एक-एक खुलेंगे मॉडल कंपोजिट स्कूल

**लखनऊ। एजेंसी**

योगी सरकार शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए सभी जिलों में एक मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिल विद्यालय का निर्माण करने जा रही है। इसके साथ ही सभी 18 मंडलों में 25 एकड़ में एक कंपोजिलट माडल स्कूल बनेगा, जिसकी लागत 100 करोड़ आएगी।

उत्तर प्रदेश के 9 जिलों में बनने वाले मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों के निर्माण के लिए प्रशासनिक और वित्तीय सहमति प्रदान कर दी है।

इन 9 जिलों में सीतापुर, अमेठी, हरदोई, महराजगंज, अमरोहा, बिजनौर, बुलंदशहर, लखीमपुर और रायबरेली शामिल हैं, जहां प्रत्येक विद्यालय पर 25 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इन 9 विद्यालयों के लिए सरकार ने 107.3करोड़ की प्रथम किश्त जारी कर दी है। इस योजना के तहत विद्यालयों में आधुनिक सुविधाएं, अनुभवी शिक्षकों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रावधान किया जाएगा, जिससे प्रदेश में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों में शिक्षा की व्यवस्था तीन स्तरों पर होगी। पहले स्तर पर प्री-प्राइमरी में नर्सरी और केजी के बच्चों के लिए विशेष कक्षाएं संचालित की जाएंगी। दूसरे स्तर पर अपर प्राइमरी में कक्षा 1 से 8 तक की शिक्षा दी जाएगी।

